# चुनाव की घोषणा होते ही झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू : के. रवि

## शांतिपूर्ण चुनाव आयोग की प्राथमिकता, विस चुनाव 85 वर्ष से ऊपर के वोटर्स घर से कर सकेंगे वोट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसी के साथ 15 अक्टूबर 2024 की शाम साढ़े तीन बजे से झारखंड में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि झारखंड में चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की 22 अक्टूबर को जारी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्ति करेगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव हमारी प्राथमिकता होगी। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी हमारी प्रथमिकता सूची में है। मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा और संदीप सिंह भी मौजूद थे।



**पहले चरण के लिए 25 अक्टूबर तक नामांकन :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में तथा दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए नामांकन 25 अक्टूबर तक और दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर होगी। पहले चरण के नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर और दूसरे चरण की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर और दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 01 नवंबर है। पूरी चुनावी प्रक्रिया 25 नवंबर को समाप्त हो जाएगी।

**चुनाव में 40 लाख से अधिक खर्च नहीं कर सकेंगे प्रत्याशी :** पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान को लेकर कोई असुविधा नहीं हो, इसे लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। चुनाव कर्मियों को इसे लेकर प्रशिक्षित भी किया गया है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का इंतजार कम हो, इसकी भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक एप्प भी जारी करेगा, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केंद्रों की स्थिति, मसलन मतदान केंद्र पर कितने लोग मतदान के लिए कतार में हैं, यह जानकारी घर बैठे ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह एप्प बुजुर्ग मतदाताओं के लिए काफी लाभदायक होगा। वहीं 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को घर से मतदान की भी सुविधा रहेगी। इसके लिए उन्हें फार्म 12 डी भरना होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार में उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं।

### झारखंड के अरबन एरिया में कम वोटिंग पर्सेंटेज पर सीईओ ने जतायी चिंता

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य में खास कर अरबन एरिया में कम वोटिंग पर्सेंटेज पर चिंता जतायी है। निर्वाचन सदन में मंगलवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने हर शहरी वोटर से बढ़ चढकर अपनी भूमिका निभाने की अपील की। कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव 2024 में मिले अनुभवों के आधार पर अलग अलग बूथ पर सुविधाएं बढायी गई हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 15 अक्टूबर से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। जिन भी योजनाओं पर काम शुरू नहीं हुआ है, या जिनका केवल शिलान्यास हुआ है, उन पर काम आगे अभी अब नहीं होगा। राजनीतिक दलों को भी निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आचरण दिखाना होगा।

### मनरेगा घोटाले में ईडी जांच की अद्यतन रिपोर्ट तलब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में मंगलवार को चाईबासा में मनरेगा घोटाला मामले की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जांच की प्रगति रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई। अदालत ने ईडी को जांच की अद्यतन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई दिसंबर में निर्धारित की गई है। इस संबंध में मतलूब अंसारी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2010 के बीच करोड़ों का घोटाला हुआ है, जिसको लेकर 14 प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कनीय अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है, लेकिन बड़े अधिकारी पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई।

## भाजपा के रहते आरक्षण पर खरोंच तक नहीं आयेगी : लाल सिंह आर्या

भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का चेहरा दलित और संविधान विरोधी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, सोशल मीडिया प्रभारी का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या ने कहा है कि कांग्रेस का चेहरा दलित व संविधान विरोधी है। श्री आर्या मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रदेश व सोशल मीडिया प्रभारी के एकदिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के उत्थान के लिये काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से गरीबी हटाने के लिये कटिबंध हैं। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार है तब तक आरक्षण को खरोंच भी आने नहीं दी जायेगी। संविधान और आरक्षण को खत्म करने की कल्पना भी भाजपा के रहते नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में भाजपा प्रचंड बहुमत से साथ सरकार बनायेंगी। झारखंड के 41 अनुसूचित जाति बहुल सभी सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 97 बार संविधान संशोधन, 72 चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी देश के बाहर जाकर आरक्षण हटाने की बात करते हैं। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के चार करोड लोगों को पक्का मकान दिया है। 3 करोड नये पक्का मकान देने की योजना है। जबकि 11 करोड़ घरों में शौचालय बने हैं और तकरीबन 11 करोड़ घरों में रसोई गैस सिलेंडर भी पहुंचाया गया। साथ ही, 14 करोड़ घरों में नल से पीने का पानी भी पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि देश को गरीबी से मुक्त बनाने के लिए भाजपा कटिबद्ध हैं। मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ भोला सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा में चुनाव में कार्यकर्ता टोली बनाकर गांव में घूम-घूम कर जनसंपर्क अभियान चलायेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में झामुमो के नेतृत्व में बनी सरकार को उखाड़ फेंकने की जिम्मेवारी हम सभी की है। इस अवसर पर विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि विधानसभा चुनाव में मोर्चा की जिम्मेदारी ओर दायित्व काफी बढ़ जाता है। प्रदेश के सभी 41 अनुसूचित जाति बहुल सीट पर जीत दर्ज करना सबसे प्रमुख उद्देश्य में से एक हैं। उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी के दिशा-निर्देश के आधार पर काम करेंगे तो सफलता जरुर कदम चूमेगी। कार्यक्रम को मोर्चा की राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी अणिमा सोनकर ने भी संबोधित किया। मंच संचालन प्रभात भुइंया एवं धन्यवाद ज्ञापन रंजन पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीतू चरण राम, ब्रजमोहन राम, सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## झामुमो ने मंइयां सम्मान की राशि बढ़ने पर निकाला विजय जुलूस

**खबर मन्त्र संवादददात**

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना को एक हजार रूपए से बढ़ाकर 2500 रूपए करने की खुशी में झामुमो ने विजय जुलूस निकाला। राजधानी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार का आभार प्रकट करने हुए जिला स्कूल से अलबर्ट एक्का चौक तक विजय जुलूस निकाल कर हेमंत सरकार को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने यहां की बेटियां, बहनों और महिलाओं के लिए बहुत ही संवेदनशील होकर सोचा और उन्हें मुख्य धारा से जुड़ने के लिए 2500 रुपए की सम्मान राशि की योजना देने का काम किया।



मंईयां सम्मान योजना की तीन किस्त राज्य की 52 लाख से भी अधिक महिलाओं के खाते में जा चुकी है और इसी दिशा में उन्हें सशक्त करने के लिए 2500 की सम्मान राशि महिलाओं को दी जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कहते हैं वो करते हैं, भाजपा की तरफ फर्जी घोषणा और योजना नहीं लाते। समनूर मंसूरी, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया,डॉ हेमलाल कुमार मेहता, नयन तारा उरांव, राखी देवी, अंशु लकड़ा, उषा उरांव, संध्या गुड़िया, सुषमा बरदेवा, राधा हेंब्रम, , परवेज आलम गुड्डू, विलयम रिचर्ड लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने निकाला मशाल जुलूस

### राज्य सरकार को विदाई देने के लिए युवा तैयार : शशांकराज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार के खिलाफ मशाल जुलुस निकाला गया। यह जुलुस जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक तक गया। इस अवसर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांकराज ने कहा कि राज्य की सरकार युवाओं को 5 लाख सरकरी नौकरी के नाम पर सिर्फ ठगा गया है। इस निरंकुश सरकार ने उनपर लाठी डंडे से अंकुश लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब से ये सरकार का गठन हुआ है तब से सिर्फ ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग चल रहा है। जल, जंगल, जमीन को लूटने और बेचने का काम किया जा रहा है।




उन्होंने कहा कि राज्य के युवा ठान चुके है कि इस सड़ी गली सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये युवा वर्ग कमर कस चुका है। मौके पर युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने कहा कि राज्य के युवा अब परिवर्त्तन के मूड में है। आगामी बिधान सभा चुनाव में वोट की चोट से इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुबोध सिंह गुड्डू, ललित ओझा, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, प्रिंस कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, अमन, अमिताभ धीरज, सचिन साहू, पूजा सिंह, देवराज सिंह, तूलिका अपूर्वा, सनोज सिंह, बबलू महतो, जितेंद्र सिंह पटेलए, नीरज कुमार, रवि मुंडा आदि उपस्थित थे।

## विस चुनाव 2024 : बेहतर प्रदर्शन के साथ जेएमएम का रहा है दबदबा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में चुनाव की घोषणा हो चुकी है। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए तीन बड़ी पार्टियों में मंथन तो शुरू हो गया है। बीजेपी, कांग्रेस, झामुमो या आजसू और जदयू। इस बार सरकार किसकी बनेगी, किन पार्टियों का समर्थन किस पर होगा। सभी तय किये जा रहे हैं। हर पार्टी चाहती है कि वह ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़े और वहां से जीत दर्ज हो। राजनीतिक समीकरण के बीच झारखंड विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला झामुमो और बीजेपी के बीच तय माना जा रहा है। लेकिन झारखंड गठन के बाद से सभी दलों के प्रदर्शन का रिपोर्ट देखने के बाद पता चलता है कि झामुमो ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार किया। हालांकि वोट परसेंटेज में उतार-चढ़ाव हुए हैं, लेकिन सीटों के मामले में झामुमो खुद को बेहतर साबित किया है।

**2005 में बीजेपी शानदार जीत के साथ बनी थी सबसे बड़ी पार्टी :** झारखंड गठन के बाद 2005 में हुई विधानसभा चुनाव में बीजेपी 63 सीटों पर चुनाव लड़ी और 30 सीटें हासिल कर सबसे बड़ी पार्टी बनी। चुनाव में बीजेपी का मत प्रतिशत 23.57 और झामुमो 49 सीट पर लड़ कर 17 सीट जीतने में कामयाब रही थी। जेएमएम का वोटिंग परसेंटेज 14.29 प्रतिशत रहा। तीसरे नंबर पर कांग्रेस रही जिसने 41 सीटों पर चुनाव लड़ा और 12 प्रतिशत वोट के साथ सिर्फ 9 सीट ही जीत पाई। 2005 में आजसू पार्टी ने 40 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए और सिर्फ 2 पर ही जीत हासिल कर पाई।

**2009 के चुनाव में झामुमो ने की बीजेपी की बराबरी :** 2009 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो इस साल बीजेपी और झामुमो दोनों ने 18-18 सीटें हासिल की. लेकिन बीजेपी ने 67 सीटों पर जीतकर 18 सीटें लाई थी, जबकि झामुमो इस चुनाव में 78 सीटों पर चुनाव लड़ा था. हालांकि वोट परसेंटेज की बात करें तो इसमें बीजेपी झामुमो से काफी बेहतर रही, बीजेपी को 20.18 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि झामुमो को 15.20 फीसदी मत मिले थे. इस चुनाव में दूसरे नंबर पर कांग्रेस रही थी. कांग्रेस ने 61 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे जिसमें 14 सीटों पर जीत हासिल हुई थी. इन्होंने 16.16 प्रतिशत वोट हासिल किया था. इस चुनाव में आजसू पार्टी ने 54 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे लेकिन सिर्फ पांच पर ही जीत हासिल कर पाई.

**2014 में बीजेपी और आजसू में गठबंधन का मिला फायदा :** 2014 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और आजसू ने गठबंधन किया और दोनों ने मिलकर 42 सीटें हासिल की। झारखंड में ये पहली बार था कि किसी गठबंधन ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था। इस चुनाव में बीजेपी ने 72 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और 31.8 फीसदी वोट के साथ 37 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। वहीं आजसू पार्टी 8 सीटों पर लड़ी और 3.74 फीसदी वोट के साथ पांच पर उन्होंने जीत हासिल की। झामुमो ने इस चुनाव में 79 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे लेकिन 19 उम्मीदवार ही जीत हासिल कर सके। पार्टी ने 20.78 फीसदी वोट हासिल किये। वहीं कांग्रेस ने 62 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए और 10.64 फीसदी वोट के साथ 6 उम्मीदवार जीत हासिल करने में सफल रहे।

### 2019 में झामुमो 30 सीट लाकर बनी सबसे बड़ी पार्टी

2019 के चुनाव में झामुमो, कांग्रेस और राजद ने गठबंधन किया और शानदार जीत हासिल की। इस चुनाव में महागठबंधन को 47 सीटें हासिल हुई। खास बात ये रही है कि इस चुनाव में झामुमो ने अपना सबसे बेहतर प्रदर्शन किया और 43 में से 30 सीटें जीतने में कामयाब रही। पार्टी ने 18.98 फीसदी वोट हासिल किए। 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने 31 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे जिसमें 16 ने जीत हासिल की। इन्हें 14.07 प्रतिशत वोट हासिल हुए. इनके सहयोगी दल राजद ने 7 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए लेकिन सिर्फ एक ही सीट जीत पाई। दूसरी तरफ बीजेपी की बात करें तो 2019 के चुनाव में बीजेपी 79 सीटों पर चुनाव लड़ी और 25 सीट लाकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी। इस चुनाव में बीजेपी ने 33.83 प्रतिशत वोट हासिल किए। इस चुनाव में आजसू पार्टी ने भी अपने दम पर चुनाव लड़ा और 53 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए लेकिन सिर्फ दो उम्मीदवार ही जीत हासिल कर पाए। आजसू को 8.22 प्रतिशत वोट मिले थे।

## खबर एक नजर में

### प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक 18 को

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति के चेयरमैन और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को पूर्वा? 11 बजे कांग्रेस भवन, रांची में चुनाव समिति के सदस्यों की बैठक बुलाई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि उक्त प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में 31 सदस्य और एक्स ऑफिशियो मेंबर भाग लेंगे। बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव सहित मनोनीत प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति के सभी सदस्यगण शामिल रहेंगे। उक्त बैठक में आसन्न झारखंड विधानसभा चुनाव में शामिल होने वाले कांग्रेस आवेदक उम्मीदवारों पर विचार-विमर्श कर आलाकमान को समर्पित किया जाएगा।

### हेमंत सरकार ने ऐसा दीपावली बम फोड़ा कि भाजपा की गोगो योजना चारों खाने हुई चित्त : कांग्रेस

**रांची।** भाजपा के ताबड़तोड़ प्रहार और हताशा को नजरअंदाज कर झारखंड की इंडियन गठबंधन सरकार ने दीपावली के पूर्व ही ऐसा बम फोड़ा है कि भाजपा की गोगो दीदी योजना चारों खाने चित्त हो गयी। हेमंत सोरेन सरकार ने दिसंबर से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि को 1000 से बढ़ाकर 2500 कर दी है। उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के अध्यक्ष सतीश पौल मुंजनी ने कही।

**भाजपा गोगो योजना से नहीं सकी तो ईडी का ले रही सहारा :** सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि भाजपा ऐन केन प्रकरेण कर झारखंड की सत्ता पर कब्जा करना चाहती है। इसके लिए वह ईडी का सहारा लेती है। भाजपा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं के घर पर ईडी रेड करवाती है। इसका ताजा उदाहरण झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय कुमार ठाकुर, आईएएस मनीष रंजन सहित विभाग के कई लोगों के 18 ठिकानों पर की गयी छापेमारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता सारी चीजों को समझती है। पूर्व के चुनाव और उपचुनाव में जिस तरह गठबंधन ने भाजपा को धूल चटाई है। आसन्न झारखंड विधानसभा चुनाव में उनका यही हश्र होने वाला है। मुंजनी ने कहा कि इस बार मतदाता किसी के बहकावे में नहीं आने वाली है।

### काम पर लौटे जूनियर डॉक्टर, भूख हड़ताल खत्म

**रांची।** कोलकाता की घटना को लेकर जहां एक तरफ कोलकाता में डॉक्टरों का आंदोलन 2 महीने से जारी है। मंगलवार से आईएमए, जेडीएन और एफएआईएमए के आह्वान पर डॉक्टरों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरूआत की है। इस आंदोलन का समर्थन रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने भी किया। मंगलवार की सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक के लिए भूख हड़ताल की थी। लेकिन जेडीए रिम्स ने झारखंड में घोषित होने वाले आदर्श आचार संहिता को लेकर डब्ल्यूबीजेडीएफ (आरजी कार मामले के लिए) के साथ एकजुटता में आईएमए (जेडीएन और एमएसएन) और एफएआईएमए द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय भूख हड़ताल वापस ले लिया है। इससे पहले भूख हड़ताल की वजह से रिम्स की तमाम ओपीडी और ओटी सेवाएं बंद थी। जिसे अब बहाल कर दिया गया है। हालांकि जूनियर डॉक्टरों ने आपातकालीन सेवाएं पहले भी बहाल रखने का निर्णय लिया था। हड़ताल के कारण मरीज भी बेहद परेशान नजर आ रहे थे, जो अब राहत की सांस ले रहे हैं। दूर-दराज से आए इलाज के लिए आए लोग पहले लौट रहे थे, लेकिन अब इलाज शुरू होने से उन्हें राहत मिली है।

### रोटी, बेटी और माटी बचाने का चुनाव : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा ने चुनाव आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करने का स्वागत किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह चुनाव रोटी, बेटी और माटी बचाने का है। उन्होंने कहा कि बीते 5 सालों में बेरोजगारी, घुसपैठये, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टिकरण का बोलबाला रहा। झामुमो, कांग्रेस, राजद के जंगलराज से त्रस्त जनता जनार्दन अब परिवर्तन चाहती है। यह चुनाव आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का है। यह चुनाव युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का है। यह चुनाव गरीब, किसान, महिलाओं को उनका हक दिलाने का है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस विधानसभा चुनाव में मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनायेंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने भी चुनाव की घोषणा का स्वागत किया है।


**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**O.A. No. 575 of 2022**

BETWEEN
BANK OF INDIA, KARRA BR., RANCHI ....APPLICANT BANK
VS.
M/S R.K. BRICKS & ORS. .............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | M/S R.K. BRICKS PROP: RUPESH KUMAR SONI S/O SRI GANESH PRASAD SONI | AT-KAUTI, P.O.- LARTA, P.S. - KARRA, DIST. - KHUNTI-835209 |
| 2. | RUPESH KUMAR SONI S/O SRI GANESH PRASAD SONI | R/O VILLAGE - GOVINDPUR, NEAR HARIJAN SCHOOL, P.O.- GOVINDPUR, P.S.-KARRA, DIST.-KHUNTI-835234 |
| 3. | RAJU KUMAR SONI S/O SRI GANESH PRASAD SONI | |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 80,88,022.00/- (Rupees Eighty Lakhs Eighty Eight Thousand Twenty Two Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 15th day of Nov., 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **6th day of Sep., 2024.**
ASHISH KARN
ASSISTANT REGISTRAR

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**O.A. No. 333 of 2024**

BETWEEN
BANK OF INDIA, NEORI BR., RANCHI ....APPLICANT BANK
VS.
MAA LAXMI DOREWELL WORKS & ORS. .............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | MAA LAXMI DOREWELL WORKS PROP: BALESHWAR KUMAR S/O SHEETAL BHAGAT | R/O VEER SHIVAJEE CHOWK, HINDPIRI, P.O. & P.S.-HINDPIRI, DIST.-RANCHI-834001 |
| 2. | BALESHWAR KUMAR S/O SHEETAL BHAGAT | AT-CHUTTU, P.O.-NEORI, P.S.-SADAR, DIST.-RANCHI-835217 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 22,14,975.00/- (Rupees Twenty Two Lakhs Fourteen Thousand Nine Hundred Seventy Five Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 14th day of Nov., 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **11th day of Sep., 2024.**
ASHISH KARN
ASSISTANT REGISTRAR

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, बुधवार
16.10.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 95



12 काम पर लौटीं दीपिका पादुकोण

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंगलवार को अल्जीरिया के अल्जीरियर्स में सीदी अब्देलाह विज्ञान और प्रौद्योगिकी पोले विश्वविद्यालय ने राजनीति विज्ञान में मानद डॉक्टरेट की उपाधि दी।

### डीएसपी विनोद रवानी बने बालूमाथ एसडीपीओ

**रांची।** सीआइडी में पदस्थापित डीएसपी विनोद रवानी को बबालूमाथ का एसडीपीओ बनाया गया है। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

### मनोज स्वर्गियारी बने बोकारो जिले के एसपी

**रांची।** राज्य सरकार ने 2018 बैच के आइपीएस अधिकारी मनोज स्वर्गियारी को बोकारो का एसपी बनाया है। वर्तमान में मनोज स्वगीर्यारी रेल एसपी धनबाद के पद पर पदस्थापित थे। पिछले कई दिनों से बीमारी के वजह से लंबी छुट्टी पर गए बोकारो एसपी का पद प्रभार में चल रहा था। बोकारो एसपी के पद पर पदस्थापित पूज्य प्रकाश को पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

**नयी दिल्ली।** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक नयी दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को शाम में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। यह बैठक झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए हुई। समाचार लिखे जाने तक बैठक जारी थी।

### पूर्व विधायक ममता देवी को राहत, सजा पर रोक

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने मंगलवार को रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी की बड़ी राहत दी। अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए दो मामलों में मिली सजा पर रोक लगा दी। अब वह विधानसभा का चुनाव लड़ सकती हैं। बता दें कि रामगढ़ की अदालत में दो मामलों में पांच और दो साल की उन्हें सजा सुनायी गयी है। जिससे उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गयी थी। इस सजा के खिलाफ ममता देवी ने झारखंड हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी।

### 730 नये रेडियो एफएम चैनलों की होगी शुरुआत

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 234 नए शहरों में 730 निजी रेडियो चैनलों की शुरुआत के लिए निजी एफएम रेडियो चरण के तीसरे बैच की ई-नीलामी के लिए आवेदन आमंत्रित करने के लिए नोटिस जारी किया है। चैनलों की नीलामी ट्राई की अनुशंसित 2022 की कीमतों के अनुसार है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 नवंबर है।

## झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान, आदर्श आचार संहिता लागू

# झारखंड में दो चरणों में चुनाव 13 और 20 नवंबर को मतदान

**चुनावी बिगुल बजा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को नयी दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव की घोषणा करते हुए बताया कि झारखंड में दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में 13 नवबंर को 43 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे जबकि दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

चुनाव आयोग ने झारखंड में चुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की भी घोषणा की। महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। यहां 288 सीटों पर चुनाव होगा। इसके अलावा चुनाव आयोग ने अन्य राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर भी उपचुनाव कराये जाने की घोषणा की।

| पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|
| 13 नवंबर 2024 | 20 नवंबर 2024 |
| 43 विधानसभा सीट | 38 विधानसभा सीट |

मतगणना : 23 नवंबर

| | |
|---|---|
| कुल विस सीटें | 81 |
| कुल मतदाता | 2.6 करोड़ |
| मतदान केंद्र | 29562 |
| सामान्य सीट | 44 |
| आरक्षित (एससी) | 9 |
| आरक्षित (एसटी) | 28 |




**पहले चरण में इन विस सीटों पर होंगे मतदान :** झारखंड में पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे। इनमें कोडरमा, बरकट्टा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर विधानसभा शामिल है।

**दूसरे चरण में यहां डाले जायेंगे वोट :** दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे। इनमें राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली और खिजरी विधानसभा शामिल है।

### 29562 मतदान केंद्रों पर 2.6 करोड़ करेंगे वोट

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि झारखंड में कुल वोटर 26043703 हैं। इसमें पुरुष वोटर 13144236, महिला 12899019 तथा थर्ड जेंडर 448 हैं। दिव्यांग वोटर्स 367825 हैं। 18-19 आयु वर्ग के 1184150 जबकि 85+ वोटर्स 113970 हैं। पोलिंग स्टेशन की संख्या 29562 है। वहीं पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 11.84 लाख है।

## महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को वोटिंग, काउंटिंग 23 नवंबर को

- आयोग ने 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत चुनाव आयोग ने झारखंड के साथ-साथ महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के तारीखों का भी ऐलान किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को 288 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे। महाराष्ट्र और झारखंड में एक साथ 23 नवंबर को मतगणना होगी। इसके अलावा चुनाव आयोग ने अन्य राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की। इसमें 47 विस सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव के लिए वोट डाले जायेंगे जबकि उत्तराखंड के केदारनाथ विस सीट पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी।

**केरल की वायनाड लोस सीट पर 13 को वोटिंग :** वहीं केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे और महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर 20 नवंबर को उपचुनाव होंगे। उपचुनाव की मतगणना भी 23 नवंबर को ही होगी। चुनाव की घोषणा करते हुए चुनाव आयुक्त कहा कि आयोग ने सोशल मीडिया पर अफवाहों को रोका है।

## 'एग्जिट पोल' पर आत्मचिंतन जरूरी इवीएम पूर्ण सुरक्षितः चुनाव आयोग



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि एग्जिट पोल पर आत्मचिंतन तथा जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत है और ईवीएम को लेकर जो सवाल उठते हैं वे आधारहीन हैं और ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान करते हुए मंगलवार को नयी दिल्ली स्थित निर्वाचन सदन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एग्जिट पोल का कोई मतलब नहीं है और मतगणना के दिन जो रुझान मतगणना आरंभ होने के साथ ही आने शुरू होते हैं वे एग्जिट पोल को सिर्फ सही ठहराने का एक प्रयास है। उनका कहना था कि हाल के चुनाव में जो रुझान टीवी चैनलों ने शुरू में दिये वे पूरी तरह से आधारहीन थे।

श्री कुमार ने कहा कि जब आयोग की वेबसाइट पर साढ़े नौ बजे पहला रुझान दिया जाता है तो टीवी चैनल मतगणना शुरू होने के 10-15 मिनट के भीतर ही कैसे रुझान देना शुरू करते हैं। बाद में वे रुझान भी एग्जिट पोल की तरह ही गलत साबित होते हैं। हो सकता है कि संवाददाता मतदान केंद्र के आसपास खबरें जुटाते हों लेकिन उनकी खबरें जल्द ही उलट कैसे जाती हैं, इसका मतलब है कि चैनल ऐसा करके सिर्फ अपने एग्जिट पोल को सही ठहराने का प्रयास करते हैं।

आयोग ने कहा कि एग्जिट पोल के लिए आत्मचिंतन की जरूरत है। इसके परिणाम देने से पहले यह सोचने की जरूरत है कि कहीं परिणाम गलत निकल गये तो फिर नैतिकता का क्या होगा। इस बारे में चिंतन करने की जरूरत है।

ईवीएम से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि इसमें कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। ईवीएम की तुलना पेजर से करने पर उन्होंने कहा कि ईवीएम कहीं भी पेजर की तरह बाहर कनेक्टेड नहीं होता है। ईवीएम से किसी भी स्तर पर छेड़छाड नहीं की जा सकती है और इससे संबंधित छेड़छाड़ की खबरें निराधार हैं। ईवीएम की हर स्तर पर जांच की जाती है, इसलिए इसमें कहीं भी गड़बडी किये जाने की संभावना बिल्कुल नहीं है।

उन्होंने कहा कि ईवीएम को लेकर हाल में ही उन्हें 20 शिकायतें मिली हैं और आयोग हर शिकायत का जवाब देगा। सारे जवाब लिखित में दिये जाएंगे।

# वरुण बनाये गये रांची के उपायुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को बदल दिया है। उनकी जगह वरुण रंजन रांची के नए डीसी बनाये गये हैं। कुछ दिन पहले ही राहुल सिन्हा को हटाकर मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाया गया था, लेकिन मंगलवार को उन्हें भी हटाकर वरुण रंजन को रांची डीसी बनाया गया। बताते चलें कि रांची डीसी के पद पर पदस्थापित होने के कुछ दिन बाद चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को डीसी बनाए जाने पर आपत्ति जतायी थी। अब मंजूनाथ भजंत्री को जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है जबकि मृत्युंजय वर्णवाल को मनरेगा आयुक्त बनाया गया है।

### नये डीसी वरुण रंजन ने पदभार ग्रहण किया



रांची के नये डीसी वरुण रंजन ने मंगलवार को ही पदभार ग्रहण कर लिया। वरुण ने निवर्तमान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से पदभार लिया। वरुण रंजन 2014 बैच के अधिकारी हैं। बता दें कि वरूण रंजन इससे पहले धनबाद के डीसी थे, पीएम मोदी के कार्यक्रम में ड्यूटी के दौरान कोताही बरतने पर उन्हें हटा दिया गया था।

# 100 करोड़ रुपये की हेराफेरी मामले में एसआइटी ने कई लोगों से की पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, (जेटीडीसी), झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खाते से करीब 100 करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में एसआईटी ने एटीएस कार्यालय में मंगलवार को कई लोगों से पूछताछ की। इस मामले में एटीएस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**100 करोड़ रुपये की निकासी का आरोप :** पकड़े गए सभी लोगों पर झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के खाते से 10.40 करोड़ रुपये, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के खाते से 65.50 करोड़ रुपये और झारखंड उर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से 40.50 करोड़ रुपए की निकासी का आरोप है।

बता दें कि डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा के नेतृत्व में गठित एसआइटी का गठन किया गया है।

## झारखंड की सभी यूनिवर्सिटी के कुलपति और रजिस्ट्रार को हाइकोर्ट में 22 को सशरीर उपस्थित होने का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की सभी यूनिवर्सिटी के कुलपति और रजिस्ट्रार को हाईकोर्ट के समक्ष 22 अक्टूबर को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एस एन पाठक की कोर्ट में सोमवार को प्रार्थी की ओर से बताया गया कि राज्य की सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में घंटी आधारित शिक्षकों की एडहॉक नियुक्ति की जाती है। पूर्व में हाईकोर्ट ने कहा था कि ऐसी नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए, जिसपर अदालत ने कहा कि घंटी



आधारित शिक्षकों को नियमित शिक्षकों की तुलना में कम वेतन मिलता है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। इसका असर यह भी होता है कि राज्य के छात्रों और शिक्षकों का पलायन दूसरे राज्यों में होता है। वहीं अदालत ने जेपीएससी से पूछा कि शिक्षकों के कितने पद खाली हैं, कितने पद भरने के लिए जेपीएससी ने पहल की है।

### मृत अधिवक्ता के परिजनों को ₹50.90 लाख देने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सड़क दुर्घटना में मृत अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख 90 हजार 176 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दी, जिसमें उसने मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें इंश्योरेंस कंपनी को सड़क दुर्घटना में मारे गये वकील के परिवार को मुआवजा देने का आदेश दिया गया था।

# हुंडरू फॉल में डूबने से बंगाल के युवक की मौत

**लापरवाही-हादसा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/सिकिदिरी।** हुंडरू फॉल में मंगलवार को नहाने के दौरान बंगाल के एक छात्र की डूबकर मौत हो गई। मृतक अनिमेष दास (18 वर्ष) पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मिदनापुर जिले के सबंग थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह नारायण बारह उच्च विद्यालय सबंग की 12वीं का छात्र था। वह एक कोचिंग संस्थान आइडियल कोचिंग के टूर ट्रिप में अपने दोस्तों के साथ हुंडरू फॉल घूमने आया था। घटना मंगलवार के दोपहर करीब एक बजे की है।



**कैसे हुई घटना :** घटना के संबंध में बताया गया कि 78 छात्र-छात्राएं और 10 शिक्षकों का एक दल सुबह साढ़े दस बजे बस से हंडरू फॉल पहुंचे थे। करीब एक बजे सभी छात्र फॉल के ऊपर स्वर्णरिखा नदी में नहा रहे थे। अनिमेष भी अपने दोस्तों के साथ नहा रहा था। इसी दौरान अनिमेष डेंजर जोन साहेब चिपुवा के समीप पानी की तेज धार में नहाने चला गया और देखते ही देखते वह बहने लगा। उसके साथ नहा रहे एक अन्य दोस्त सुधांशु प्रधान भी उसे बचाने के क्रम में पानी में बह गया, हालांकि सुधांशु ने चट्टान पकड़कर अपनी जान बचायी। वहीं अनिमेष पानी की तेज धार में बहकर खोह में समा गया। काफी खोजबीन करने के बाद खोह के दूसरी छोर पर उसका पैर दिखा। पर्यटन कर्मियों ने उसके पैर को किसी तरह रस्सी में बांधकर शव को बाहर निकालने का प्रयास किया। करीब घंटे की मशक्कत के बाद भी शव को बाहर नहीं निकाला जा सका। सिकिदिरी थाना के एसआई रौशन कुमार ने बताया कि बुधवार को शव को निकालने का प्रयास किया जायेगा। घटना के बाद मृतक अनिमेष के परिजनों को सूचना दे दी गयी।

> घटनास्थल फॉल के घेरा क्षेत्र से बाहर पड़ता है। पर्यटकों को उधर नहाने के लिए मना किया गया था, बावजूद सभी नहाने के लिए चले गए। यदि वे पर्यटनकर्मी की बात मान लेते तो घटना नहीं होती।
>
> **राजकिशोर प्रसाद**
> **अध्यक्ष, झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति**

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 71600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 95000 रु./प्रति किलो |




## टैक्सपेयर्स चाहकर भी नहीं कर पा रहे लोक-लुभावन घोषणाओं का विरोध

# सत्ता पर काबिज़ होने के लिए पक्ष-विपक्ष की लड़ाई में आधी आबादी मालामाल...

सुधीर

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतने के लिए सभी दल सियासी खेल, खेल रहे हैं। आधी आबादी को भरोसे में लेकर पक्ष-विपक्ष दोनों सत्ता के इस खेल में कुर्सी पर काबिज होने की तैयारी में है। दोनों दलों की ओर से तु डाल..डाल..मैं पात..पात का खेल खेला जा रहा है। यही कारण है कि भाजपा के ताबड़तोड़ प्रहार और हताशा को नजरअंदाज कर झारखंड की इंडी गठबंधन सरकार ने दीपावली के पूर्व ऐसा बम फोड़ दिया कि भाजपा की गोगो दीदी योजना चारों खाने चित्त हो गयी। हेमंत सोरेन सरकार ने दिसंबर से मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि को 1000 से बढ़ाकर 2500 कर दी है। भाजपा ने गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये देने की बात कही थी, लेकिन हेमंत सरकार ने उनकी घोषणा से बढ़कर न सिर्फ घोषणा की, बल्कि दिसंबर से देने का वादा भी कर दिया। हां, इनकी घोषणा और पक्ष-विपक्ष की लड़ाई में आधी आबादी जरूर मालामाल हो रही है।



**पारा शिक्षकों को भी मिला चुनावी तोहफा :** हेमंत सरकार ने न सिर्फ 65 हजार पारा शिक्षकों को तोहफा दिया बल्कि 26 हजार पीडीएस डीलरों का भी कमीशन बढ़ाकर वोट को अपने पाले में करने का प्रयास भी किया है। नेट पास घंटी आधारित शिक्षकों, बीआरपी-सीआरपी और मनरेगा कर्मियों को भी कुछ न कुछ देकर उन्हें अपने पाले में लाने का प्रयास किया है।

**टैक्स पेयर्स चहकर भी नहीं कर पा रहे विरोध :** वैसे तो सभी टैक्स पेयर्स सरकार की मुफ्त की योजनाओं का विरोध कर रहे हैं, लेकिन वह खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। उनका कहना है कि टैक्स के रूप में सरकार को पैसा हम देते हैं और सरकार उस पैसे को दानवीर की तरह बांट रही है। अगर चुनाव जीतकर कुर्सी हासिल करने की यही परंपरा कायम रही तो वह दिन दूर नहीं, जब हमें भी दूसरों के सामने हाथ फैलाने होंगे।

# तीनों सेनाओं के लिए अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत, लगातार 48 घंटे उड़ने में सक्षम

**समझौते पर हस्ताक्षर**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत अपनी सेना की ताकत बढ़ाने के लिए यूएस से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा। दरअसल, भारत और अमेरिका ने मंगलवार को 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने पिछले सप्ताह अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के सौदों को मंजूरी दी थी। खरीदे जाने वाले ड्रोन के रख-रखाव, मरम्मत और ओवरऑल के लिए देश में ही एमआरओ स्थापित किया जायेगा। भारतीय नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे, जिनके शांतिकालीन निगरानी में गेम चेंजर साबित होने की उम्मीद है।

**हिंद महासागर पर घेराबंदी अधिक मजबूत होगी :** दरअसल, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जतायी थी। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी।

सौदे के पहले चरण में छह ड्रोन तत्काल एकमुश्त नगद भुगतान करके खरीदे जाएंगे। मौजूदा जरूरतों को देखते हुए फिलहाल दो-दो ड्रोन तीनों सेनाओं को दिए जाएंगे। बाकी 24 ड्रोन अगले तीन वर्षों में हासिल कर लिये जाएंगे। तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जाने वाले ड्रोन के लिए दोनों पक्षों ने वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इस सौदे पर हस्ताक्षर किए गए। लगातार 48 घंटे उड़ सकता है।

**एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की खासियतः** एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को सैन डिएगो स्थित जनरल एटॉमिक्स ने बनाया है, जो लगातार 48 घंटे उड़ सकता है। यह 6,000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक लगभग 1,700 किलोग्राम का पेलोड ले जा सकता है। यह हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के अलावा सेंसर और लेजर-निर्देशित बम ले जाने में सक्षम है, जिसमें अधिकतम दो टन का पेलोड है।

# झारखंड पुलिस के सहयोग से धरातल पर उतर रहे विकास कार्य: गृह सचिव

- झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आगाज, बेहतर अनुसंधान की होगी परीक्षा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची में 19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का जैप वन में आगाज हो चुका है। पुलिस ड्यूटी मीट में इसमें आठ टीमें शामिल हो रही हैं, इनमें 80 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

झारखंड पुलिस में कौन पुलिसकर्मी अनुसंधान में सबसे ज्यादा दक्ष हैं, इसकी परीक्षा ली जा रही है। कौन सा पुलिसकर्मी राज्य में कितना बेहतर है, यह साबित करने के लिए झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जा रहा है।

**जैप में हुआ आगाज :** 19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आगाज मंगलवार को हुआ। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान राज्य भर की आठ टीमों में शामिल 80 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के बीच मुकाबला होगा। जैप वन परिसर रांची में 18 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है। पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन झारखंड सरकार के गृह सचिव और डीजीपी ने किया।

पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान अनुसंधान की तरह-तरह के तरीके को भी प्रैक्टिकल रूप में दिखाया गया। गृह सचिव वंदना दादेल ने झारखंड पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि आज झारखंड पुलिस की वजह से ही विकास के कार्य जमीन पर उतर रहे हैं। झारखंड पुलिस बेहतरीन काम कर रही है, जिसे और बेहतर करना है।

### हर हाल में अपराधियों को दिलानी है सजा : डीजीपी

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि राज्य की सुरक्षा के लिए अपराधियों का जेल में बंद रहना बेहद जरूरी है। बेहतर अनुसंधान से ही दोषियों को सजा दिलाई जा सकती है। इसके लिए झारखंड पुलिस लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आईटी, साइबर क्राइम, अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर भी दिन-रात पुलिस अधिकारी काम कर रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि अब हमें किसी अपराधी के प्रोफाइल के लिए छापेमारी करने और उसके पीछे भागने की जरूरत नहीं पड़ती। बल्कि एक बटन दबाते ही उसका पूरा प्रोफाइल सामने आ जाता है। बेहतर तकनीक के बल पर अब कांडों का खुलासा संभव है। डीजीपी ने बताया कि पुलिस ड्यूटी मीट तनाव से भरे पल से निकलने का एक जरिया भी है। आने वाले दिनों में ऑल इंडिया पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए हमारे पुलिसकर्मी अच्छी तैयारी कर रहे हैं।

## प्रदेश कांग्रेस ने स्व. ज्ञानरंजन की जयंती मनायी

- स्व. ज्ञानरंजन ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया : केशव महतो कमलेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व सांसद स्व. ज्ञानरंजन की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. रामेश्वर उरांव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्व. ज्ञानरंजन के व्यक्तित्व और उनके जुझारूपन की चर्चा करते हुए कहा कि स्व. ज्ञानरंजन ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया। उनका पूरा राजनैतिक जीवन झारखंड अलग राज्य के लिए समर्पित था। उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में कांग्रेस के मजबूती एवं झारखंडवासियों की समृद्धि के लिए लड़ाई लड़ी।

कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि स्व. ज्ञानरंजन अपने आप में एक आंदोलन थे, झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभायी। झारखंड आंदोलन में इनके योगदान को स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा।

श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में प्रदीप तुलस्यान, संजय लाल पासवान, रवीन्द्र सिंह, अभिलाष साहू, अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, राजन वर्मा, सोनाल शांति, जगदीश साहू, सुरेन राम, खुर्शीद हसन रूमी, उमेश चौधरी, वशिष्ठ लाल पासवान, राजू राम, राजीव प्रकाश चौधरी, शहीद अहमद, शमीम अख्तर आजाद, राजेन्द्र चन्द्र राजू, पप्पू पासवान, ऐनुल हक, बेलस तिर्की, रामानंद केशरी आदि शामिल थे।

## दिव्यांग व अनाथ विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए शुरू होगी छात्रवृत्ति योजना

- योजना में प्रतिवर्ष 24 करोड़ रुपये होंगे खर्च

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड में न्वोत्थान छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ करने की मंजूरी दे दी है। इस योजना से राज्य के करीब 1200 से अधिक अनाथ और दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रोत्साहन और वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। हालांकि, इसकी कोई सीमा नहीं रखी गयी है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग इसे लागू करेगा। इस योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क छात्रवृत्ति दी जायेगी। व्यवसायिक पाठ्यक्रम, डिप्लोमा, मेडिकल, इंजीनियरिंग, एमबीए इत्यादि के लिए प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिए छात्रवृत्ति के रूप में पूर्ण ट्यूशन फीस का भुगतान किया जायेगा। छात्रावास शुल्क, मेस फीस या अन्य किसी प्रकार के शुल्क का भुगतान नहीं किया जायेगा। ट्यूशन फीस की अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष होगी। यदि ट्यूशन फीस का 10 लाख से अधिक होगा तो शेष फीस का वहन स्वयं विद्यार्थी करेंगे।

पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के लिए शिक्षण संस्थान में नामांकित सभी छात्रों को 4000 रुपये की सहायता राशि दी जायेगी। इस योजना के पात्रता के लिए झारखंड का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए झारखंड के किसी भी स्कूल से 10वीं पास होना अनिवार्य है। डिग्री की पढ़ाई के लिए राज्य के किसी भी संस्थान से 12वीं की पढ़ाई होनी जरूरी है। छात्र की आयु 40 वर्ष तक होनी चाहिए। देश के 200 रैंकिंग वाले अथवा विवि, इंजीनियरिंग, मेडिकल, विधि, प्रबंधन, फार्मेसी कैटेगरी में एनआईआरएफ में शीर्ष 100 रैंक वाले उच्च शिक्षा से नामांकित होना चाहिए। छात्र को एआईसटीई की ट्यूशन फीस माफी योजना या किसी अन्य योजना से लाभार्थी नहीं होना चाहिए। योजना में प्रतिवर्ष 24 करोड़ राशि खर्च की जायेगी।

## महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्प : मनोज पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल ने मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना प्रतिमाह 1000 से बढ़कर 2500 रुपया महिलाओं के सम्मान के लिए बढ़ाने पर राष्ट्रीय जनता दल ने खुशी जाहिर की है। प्रदेश राजद के महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा है कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान एवं उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो इसके लिए महागठबंधन की सरकार कृत संकल्प है। मंईयां सम्मान योजना हो या किसानों के लिए योजना हो या फिर युवाओं के विकास के लिए सरकार कई कार्यक्रम राज्य में चला रही है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी राज्य की महिलाओं को भ्रमित करने के लिए गोगो दीदी योजना लायी है, जो सिर्फ झूठ का पुलिंदा है। इस योजना के तहत राज्य की महिलाओं को फिर से ठगने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा द्वारा जो फार्म भरवाया जा रहा है। उस फार्म में खाता नंबर नहीं मांगा गया है और न ही आधार कार्ड तो पैसा किस पर आएगा। यह योजना महिलाओं को ठगने वाली योजना है। जनता इनके चाल और चरित्र समझ चुकी है।

## श्री श्याम मंदिर में आज मनेगा शरद पूर्णिमा उत्सव

**रांची।** रांची के हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर खाटूनरेश का विशेष उत्सव का आयोजन 16 अक्टूबर को विविध कार्यक्रमों के साथ होगा।

श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने मंगलवार को बताया कि खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार ही हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव होगा। इस दिन मुख्य समारोह रात 9 बजे शुरू होगा। खाटूनरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित कर भजन-संकीर्तन होगा।

## सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र ने आदर्श वृद्धा आश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल के जन आरोग्य केन्द्र ने रांची के पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धा आश्रम में निःशुल्क श्वसन तंत्र (रेस्पिरेटरी सिस्टम) जांच शिविर का आयोजन मंगलवार को किया।



उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 40 वृद्धों की जांच की गयी। उन्हें चिकित्सीय सलाह एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा भी दी गई। आश्रम में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी एवं हाइपरटेंशन का निःशुल्क जांच की गई।

ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग है। इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर करते रहती है।

शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस डॉ. रत्नेश जैन, सीएमओ (सीएसआर) डॉ. प्रीति तिग्गा, डॉ. मेजर शिल्पी, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. अनीता होरो, डॉ. रजनी कुजूर, डॉ. दीपाली, डॉ. सत्यप्रकाश रंजन, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. प्रियंका झा एवं पारा मेडिकल स्टाफ का योगदान रहा।

## वाह क्या मर्तबा हैं गौस बाला तेरा, ऊंचे ऊंचों के सरों से हैं कदम आला तेरा : अयाजुर रब अर्शी

- कुल शरीफ के साथ उर्स ए गौसुल आजम का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** डोरंडा मणिटोला फिरदौस नगर स्थित खानकाह मजहरिया मुनअमिया में हर साल की तरह इस साल भी पूरे धूमधाम से दो दिवसीय उर्स गौसुल आजम का आयोजन 14 और 15 अक्टूबर को किया गया। उर्स का आयोजन खानकाह के सज्जादा नशी व ईमाम जामा मस्जिद जैप 1 डोरंडा रांची के पीरे तरीकत रहबरे शरियत हजरत अल्लामा सैय्यद शाह मोहम्मद अलकमा शिबली कादरी अबुल ओलाई साहब की सरपरस्ती में किया गया। जिसमें पटना के मशहूर खानकाही कव्वाल अनीस खान ने अपनी सूफी कव्वालियों से लोगों का मन मोहा।

अंतिम दिन 15 अक्टूबर (मंगलवार) को ये कार्यक्रम हुए। 9:30 (सुबह) तोश ए गौसुल आजम, 11:30 (सुबह) फातिहा शरीफ, 12:00 (दिन) कव्वाली (मजलिशे शमा), 1:30 (दोपहर) लंगर खानी, 6:30 (शाम) कुल व फातिहा खानी एवं कव्वाली व सवार ए जैन ओ जिदान के साथ उर्स का समापन हुआ। उर्स में झारखंड-बिहार से सैकड़ों अकीदतमंद शामिल हुए। दो दिवसीय उर्स में सैय्यद अयाजुर रब अर्शी, सैय्यद मौलाना अबू राफे तिबरानी, सैय्यद हेजाजी, शाहिद खान, अकिलुर रहमान, नजीबुल्ला खान, मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, एस एम खुर्शीद, मो. शब्बीर, मो. रियाज, मो. इकबाल रिजवी, इरफान, शाहबाज, अब्दुल रबनवाज, मो. राजा आदि शामिल हुए।

## दो चरण में चुनाव की घोषणा का स्वागत लेकिन तिथि पर पुनर्विचार करे आयोग : कैलाश यादव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा झारखंड में दो चरण में चुनाव कराने का स्वागत करते हुए तिथि पर आपत्ति व्यक्त की है।

श्री यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग ने राज्य में प्रथम चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 20 नवंबर को घोषित किया है, लेकिन राजद की ओर से चुनाव आयोग को सुझाव है कि इस बीच हिन्दू धर्म का कई बड़े त्यौहार हैं, जिसमें 31 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवंबर को भैया दूज एवं आस्था का महान पर्व छठ 6 एवं 7 नवंबर को होना है। इसलिए चुनाव आयोग को प्रथम चरण का चुनाव की तिथि 15 नवंबर के बाद घोषित करने पर पुनर्विचार करना चाहिए।

श्री यादव ने कहा कि चुनाव आयोग राज्य में समय से पूर्व चुनाव कराने का फैसला लिया लेकिन कहीं न कहीं स्पष्ट संकेत है कि झारखंड में दो चरण में तिथि निर्धारण में निश्चित रूप से बीजेपी के इशारे पर घोषणा की गई है। इस स्थिति में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कुछ सवाल भी खड़े होते हैं।

## सीएमपीडीआई ने किया इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में 5जी तकनीक का प्रदर्शन

- कोल इंडिया के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक आईएमसी 2024 में सीएमपीडीआई के स्टॉल पर पहले आगंतुक थे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** टाइडल वेव प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सीएमपीडीआई 15-18 अक्टूबर, 2024 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में चल रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 (आईएमसी 2024) में विभिन्न अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग से कैसे 5जी तकनीक खनन उद्योग में क्रांति ला रही है का प्रदर्शन कर रही है। प्रत्येक यूज केस 'खनन में सुरक्षा, दक्षता और परिचालन परिशुद्धता में सुधार करने में 5जी की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 का उद्घाटन किया।

कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पी.एम. प्रसाद, आईएमसी 2024 में सीएमपीडीआई के स्टॉल पर पहले आगंतुक थे। इस अवसर पर मनोज कुमार, सीएमडी, सीएमपीडीआई, शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) एवं निदेशक (टी/पीएंडपी), बीसीसीएल, तारिक सज्जाद, जीएम (एमई), सीएमपीडीआई और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

सीएमपीडीआई आईएमसी 2024 में कुल 13 यूज केस प्रदर्शित कर रहा है। इसके तहत 5जी नेटवर्क इंफ्रा। मिशन क्रिटिकल कम्युनिकेशन (एमसीएक्स)। 5जी सक्षम रिमोट ड्रोन ऑपरेशन। एआई सक्षम वीडियो एनालिटिक्स के साथ 5जी कैमरा। 5जी आईओटी पर्यावरण सेंसर। 5जी आईओटी मशीनरी सेंसर। सीपीई का उपयोग करके लीगेसी डिवाइस के साथ बैकवर्ड कम्पैटिबिलिटी। 5जी सक्षम स्वचालित ड्रिलिंग ऑपरेशन। एआई सक्षम ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम। 5जी सक्षम ढलान स्थिरता रडार सिस्टम। 5जी सक्षम रिमोट मेंटेनेंस सपोर्ट के साथ एआर। 5 जीसी-वी2एक्स आधारित टकराव से बचाव प्रणाली एवं लोड हॉल डम संचालन का डिजिटल ट्विन शामिल है।

5 जी रियल टाइम संचार को सक्षम बनाता है, वाई-फाई और टेट्रा जैसी पारंपरिक वायरलेस तकनीकों से सबसे चुनौतीपूर्ण वातावरण में दूरस्थ निगरानी और नियंत्रण की अनुमति देता है। यह निर्बाध स्वचालन भी सुनिश्चित करता है, जोखिम को कम करता है और भविष्य के लिए तैयार संचालन को सक्षम करता है, जिससे यह खनन के डिजिटल भविष्य के लिए अपरिहार्य हो जाता है।

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने आईएमसी 2023 के दौरान नई दिल्ली से नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की अमलोरी ओपन कास्ट खदान में 5 जी तकनीक (5 जी सक्षम ड्रोन, ए-1 संचालित कैमरा, वाहन ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस), मिशन क्रिटिकल वॉयस और वीडियो संचार) का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया था। यह उल्लेख करना उचित है कि सीएमपीडीआई ने अमलोरी ओपन कास्ट खदान में कोयला खनन में भारत के पहले निजी 5 जी नेटवर्क की अवधारणा बनाई और इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर एक नजर में

### यूपीएससी आरटीएस परीक्षा को लेकर आयुक्त ने दिये दिशा-निर्देश

**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची के कार्यालय कक्ष में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में 19 और 20 अक्तूबर को होने वाली यूपीएससी आरटीएस परीक्षाओं को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। परीक्षा 19 और 20 अक्तूबर को दो पाली में आयोजित है। परीक्षा के लिए राजकीय बालिका 2 उच्च विद्यालय, बरियातु को उप केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में कुल 59 और द्वितीय पाली में कुल 163 परीक्षार्थी भाग लेंगे। दूसरे दिन प्रथम पाली में कुल 59 और द्वितीय पाली में कुल 129 परीक्षार्थी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त परीक्षा उप केंद्रों पर 18, 19 एवं 20 अक्तूबर को किसी भी प्रकार के अन्य कार्यक्रम नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी समय से प्रश्न पत्रों के पैकेट पहुंचाने एवं समाप्ति के पश्चात उत्तर पुस्तिका एवं अन्य आवश्यक कागजातों को जीपीओ में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाए। प्रतिनियुक्त पुलिस दल परीक्षा की तिथि को ससमय कंसर्न ऑफिसर को रिपोर्टिंग करना सुनिश्चित करें।

### हार के डर से बौखलाया झामुमो : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चुनाव आयोग के द्वारा दो चरण में चुनाव कराने की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होने कहा कि झामुमो बेवजह इस पर आपत्ति कर रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान में यह स्पष्ट वर्णित है कि चुनाव आयोग राज्यों में 6 महीने पहले तक चुनाव कराने के लिए सक्षम है। झारखंड में तो यह सरकार ने 59 महीना तक लूट और भ्रष्टाचार का शासन किया है। फिर एक महीने के लिये इनको इतनी बेचैनी क्यों है। उन्होंने कहा कि कई बार तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कह चुके हैं कि हम चुनाव के लिये किसी भी समय तैयार हैं। फिर चुनाव की घोषणा के बाद यह छटपटाहट क्यों है। उन्होंने कहा कि दरअसल इनको पता है कि झारखंड में समाज का हर वर्ग वोट के जरिये चोट देने को तैयार है। झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार को पता है कि यह उनकी झारखंड में अंतिम सरकार होगी। झामुमो सरकार से अब जनता मुक्ति चाहती है। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा से सबसे ज्यादा जनता उत्साहित है। उसे 5 वर्षों के हेमंत सोरेन के भ्रष्ट शासनकाल से मुक्ति चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 2 करोड़ 60 लाख लोग हेमंत सरकार को बाहर करने के लिये 13 और 20 नवंबर को अपना वोट डालेंगे। आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत होगी और हेमंत सरकार इतिहास के पन्नों में सिमट जायेगी।

### चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले जेएमएम का आरोप बीजेपी को पहले से था पता, इडी को कठपुतली कहा

**रांची।** जेएमएम ने चुनाव आयोग की घोषणा से पूर्व बीजेपी सरकार पर चुनाव की तिथियों को लेकर हमला बोला है। जेएमएम ने चुनाव आयोग को बीजेपी का कठपुतली बताया है। प्रवक्ता मनोज पांडे का कहना है कि हम चुनाव के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा होने से पूर्व ही बीजेपी के नेताओं को एक दिन पहले ही यह कैसे पता चल गया। यह बहुत गंभीर विषय है। जेएमएम नेता ने चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या बीजेपी नेताओं के इशारे पर चुनाव आयोग काम करती है? हिमंत बिस्वा सरमा के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि किसी आयोग को इस कदर कठपुतली बनाकर रखना गंभीर बात है। चुनाव आयोग के झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करने पर झारखंड कांग्रेस प्रमुख राजेश ठाकुर ने प्रतिक्रिया दी है। राजेश ठाकुर ने भी चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि जब भी चुनाव आयोग कोई फैसला लेता है तो वह कटघरे में क्यों खड़ा होता है। झारखंड की ड्यू डेट 6 जनवरी है तो उससे पहले इसे करायें। उन्होंने कहा कि आप महाराष्ट्र के साथ चुनाव कराना चाहते हैं। जब हरियाणा में चुनाव की तारीख 3 नवंबर और महाराष्ट्र में 26 नवंबर थी तो आपने दोनों चुनाव एक साथ क्यों नहीं कराये? जब आप हमारी बातों को अनसुना करते हैं तो हमें लगता है कि आप राजनीति या किसी पार्टी विशेष से प्रेरित होकर इस तरह की घोषणाएं कर रहे हैं, इसके बावजूद हम चुनाव आयोग के इस फैसले को लेकर तैयार हैं।

### हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से घबरा कर भाजपा ने समय से पहले कराया चुनाव : विनोद पांडेय

**रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड में चुनाव की घोषणा को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया है। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि आखिर चुनाव आयोग ने इतनी जल्दबाजी में झारखंड में चुनाव की घोषणा क्यों की है। महाराष्ट्र में चुनाव समय पर हो रहे हैं, क्योंकि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को पूरा हो रहा है। पंचम झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को पूरा होगा। चुनाव आयोग की घोषणा से एक दिन पहले असम के मुख्यमंत्री व भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्व सरमा ने यह बता दिया था कि मंगलवार को चुनाव आचार संहिता लग जाएगा। इससे दो प्रश्न उठते हैं। एक चुनाव आयोग भाजपा के निर्देश पर चल रहा है, या दूसरा चुनाव आयोग के फैसले की जानकारी भाजपा को पहले मिल जाती है। दोनों की स्थिति में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं भाजपा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता और उनके नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार में जनहित में लिए जा रहे ऐतिहासिक निर्णयों से भाजपा घबरा गई है। यही वजह है कि हेमंत सोरेन को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया जा रहा है। जनादेश से बनी इंडिया गठबंधन की सरकार को गठन के एक घंटे बाद से ही भाजपा तमाम तरह के असंवैधानिक, अनैतिक हथकंडे अपनाकर अपदस्थ करने का षड़यंत्र रचती रही है। यह बात किसी से छुपी नहीं है। जनता को भाजपा के एक-एक षड़यंत्र की जानकारी है। राज्य के परिपक्व मतदाता भाजपा को विधानसभा चुनाव में सबक सिखाएंगे। विनोद पांडेय ने कहा कि हाल में मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में आयोग की टीम ने झारखंड का दौरा किया था। विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ झामुमो ने भी दीपावली, छठ महापर्व को मद्देनजर रखते हुए इसके बाद चुनाव कराने का आग्रह किया था। इसके अलावा राज्य गठन के मद्देनजर 15 नवंबर को स्थापना दिवस के बाद चुनाव कराने का अनुरोध किया भी किया गया था। हरियाणा में त्योहार के मद्देनजर चुनाव की तारीख बढ़ाई गई, लेकिन झामुमो के किसी आग्रह को चुनाव आयोग ने नहीं माना। इतनी जल्दबाजी की वजह सभी समझ रहे हैं और भाजपा को इसका जवाब मिलेगा। समय से पहले चुनाव कराने का जवाब जनता हेमंत सोरेन को फिर से पांच साल के लिए सत्ता सौंप कर देगी।

## दो दिवसीय ऑप्यूलेंट दिवाली और ब्राइडल बाजार का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** होटल रैडिसन ब्लू में दो दिवसीय ऑप्यूलेंट दिवाली और ब्राइडल बाजार का भव्य उद्घाटन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि एक्ट्रेस युक्ति कपूर रहीं। वहीं उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी द्वारा किया गया। जिन्होंने इस फैशन प्रदर्शनी की सराहना की। यहां देशभर के मशहूर डिजाइनर्स के शानदार संग्रह पेश किए गयें हैं। जहां आप करवा चौथ, धनतेरस, दिवाली और वेडिंग की जोरदार खरीददारी कर सकते हैं।

प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, वाराणसी, बेंगलुरु, कश्मीर और रांची के प्रसिद्ध डिजाइनरों का नवीनतम संग्रह हैं। हर शैली के लिए खास डिजाइन किए गए परिधान। हर घंटे लक्की ड्रा जिसमें चांदी के सिक्के पुरस्कार के रूप में दिए जा रहें हैं साथ ही प्रदर्शनी में शामिल आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला, डिजाइनर एथनिक वेयर, जिसमें सूट, कुर्तियाँ, साड़ियाँ, लहंगे और ब्राइडल वेयर शामिल हैं। वही विंटर कलेक्शनभी में लक्जरी कोट, जैकेट, स्वेटर और कार्डिगन शामिल हैं।

एग्जीबिशन की डायरेक्टर रीना अग्रवाल ने कहा कि बताया रांची के फैशन प्रेमियों ने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया। उन्होंने सभी को सादर आमंत्रित किया है।

# निर्वाचन के दौरान 4-एम पर विशेष ध्यान रखें निर्वाचन पदाधिकारी : के. रवि कुमार

## मनी पॉवर, मसल पॉवर, मिस इनफॉर्मेशन और एमसीसी पर करें फोकस

- विधानसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा होते ही सीइओ की सभी जिलों के डीसी के साथ बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन कर सभी प्रत्याशियों के लिए समान अवसर प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 4 एम (मनी पॉवर, मसल पॉवर, मिस इनफॉर्मेशन एवं एमसीसी) पर विशेष ध्यान देने का निर्देश है। पीवीटीजी, वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं पर विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करनी है। श्री कुमार आज विधानसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत निर्वाचन सदन से ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के उपयुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त उपस्थित थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करा लें। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि वहां बिजली एवं लाइटिंग की व्यवस्था हो। स्वीप कैलेंडर तैयार कर मतदाताओं के बीच नैतिक मतदान के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले सभी मतदान केंद्रों के कारणों की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण के उपायों पर कार्य करें। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने हेतु विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों पर प्रीजाइडिंग ऑफिसर के साथ 4 पोलिंग ऑफिसर की नियुक्ति की जानी है। इस हेतु पहले से पदाधिकारियों को चिह्नित करते हुए उनकी सूची तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि इस बार के निर्वाचन में मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से वोटर टर्नआउट मैनेजमेंट सिस्टम की ट्रेनिंग सभी पदाधिकारियों को दी गई है, जिसका अनुपालन करते हुए सुगमता के साथ मतदान संपन्न कराना है।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले 72 घंटे के अंदर क्या करना है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने पदाधिकारियों को विज्ञापन, सरकारी संसाधनों के उपयोग, निर्वाचन व्यय, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, सर्विलांस टीम आदि के अनुपालन से संबंधित जानकारियां साझा की।

### झारखंड विस चुनाव के लिए कांग्रेस ने नियुक्त किए तीन सीनियर ऑब्जर्वर

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बीच कांग्रेस पार्टी की ओर से बड़ी खबर आ रही है। चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने तीन ऑब्जर्वर नियुक्त किये हैं। जानकारी के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से राज्य में अगले झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए तारिक अनवर, अधीर रंजन चौधरी और भट्टी विक्रम मल्लू को एआईसीसी के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों के रूप में नियुक्त किया है। भट्टी विक्रम मल्लू तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री हैं।

### कुव्यवस्था हारेगी, जनता विजयी होगी : सुदेश

**रांची।** चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान किये जाने पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि यह चुनाव कुशासन के खिलाफ एक लड़ाई है, जिसे हमें जीतना है। कुव्यवस्था हारेगी, जनता विजयी होगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि पूरी सेवा, समर्पण और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। झारखंड की जनता बदलाव के लिए बेताब है।

### वाणिज्यकर विभाग के पांच अफसर बदले, मोनिका को आईबी रांची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने कॉमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट (वाणिज्यकर विभाग) के पांच अफसरों को बदल दिया है। इसके अलावा विभाग ने छह अफसरों को अतिरिक्त प्रभार भी दिया है। इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

#### इन अफसरों का हुआ तबादला

| नाम | कहां गये |
|---|---|
| वीरेंद्र प्रताप सिंह | सहायक आयुक्त नगरीय अंचल, जमशेदपुर। |
| मोनिका सिन्हा | सहायक आयुक्त अन्वेषण ब्यूरो, रांची। |
| सुनील कुमार सिन्हा | सहायक आयुक्त अन्वेषण ब्यूरो, धनबाद। |
| सीताराम प्रसाद | सेवा वित्त विभाग |
| विजय मिश्र | सेवा वित्त विभाग |

#### इन अफसरों को मिला अतिरिक्त प्रभार

| नाम | अतिरिक्त प्रभार |
|---|---|
| शंकर दयाल | आयुक्त अंकेक्षण ईकाई, धनबाद व संतालपरगना। |
| रतन लाल गुप्ता | राज्य कर अपर आयुक्त, रांची। |
| कंचन लाल | राज्य कर अपर आयुक्त, रांची। |
| कुमुदिनी सिंह | राज्य कर संयुक्त आयुक्त, दक्षिणी अंचल, रांची। |
| प्रेम कुजूर | राज्यकर संयुक्त आयुक्त, धनबाद, बोकारो और झरिया अंचल। |
| दिलीप कुमार मंडल | राज्य कर संयुक्त आयुक्त, कतरास व चिरकुंडा अंचल। |

### केंद्र सरकार की असंवेदनशीलता से राज्य में ओबीसी आरक्षण नहीं बढ़ा : राजेश गुप्ता

**रांची।** केंद्र सरकार की असंवेदनशीलता के कारण राज्य में ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव अभी तक अधर में लटका हुआ है। केंद्र सरकार अविलंब ओबीसी का आरक्षण बढ़ाए। इसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने पूरे 5 साल लगातार आंदोलन करते रहा है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही है। उन्होंने कहा कि कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियां में आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 झारखंड विधानसभा द्वारा दिनांक 11.11.2022 को जो पारित किया गया था। उक्त विधेयक राज्यपाल सचिवालय झारखंड रांची के द्वारा माननीय राष्ट्रपति के समक्ष 14 से 27 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाने के लिए विचारार्थ रखने हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार को भेजा गया है। बावजूद केंद्र सरकार ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाए हुए हैं। जो झारखंड के ओबीसी समुदाय के लिए घोर निराशाजनक है।

### गवर्नर ने धनबाद में एसजेएएस सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को धनबाद में एसजेएएस सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल में व्याप्त विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अस्पताल इस क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल है। अवलोकन के क्रम में कहा गया कि यह अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं से सुसज्जित है, जो जटिल बीमारियों के इलाज में सक्षम होगा। राज्यपाल महोदय ने अस्पताल प्रबंधन से आह्वान किया कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को भी स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी सुविधा मिले, इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। राज्यपाल ने अस्पताल के संस्थापकों, चिकित्सकों, नर्सों और सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि यह अस्पताल आने वाले वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा और धनबाद तथा आसपास के क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

## खबर एक नजर में

### पर्ल कल्चर के लिए मत्स्य कृषकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित



रांची। निदेशक मत्स्य डॉ एचएन द्विवेदी के निर्देशन में मंगलवार को कृषकों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन को राष्ट्रीय मात्सियकी विकास बोर्ड के आशीष बोहरा, विपिन चन्द्र नौटियाल ने भी पर्ल कल्चर संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर संजय गुप्ता, प्रदीप कुमार,रजनी गुप्ता के साथ जिले के 87 किसान उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी किसानों का केसीसी का फार्म भी भरवाया गया। साथ ही नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म पोर्टल पर पंजीकृत भी किया गया। विदित हो कि हजारीबाग को भारत वर्ष में पर्ल कल्चर के लिए कल्स्टर के रूप में चयनित किया गया है। इस अवसर पर मो निजामुद्दीन,आजाद कुमार की उपस्थिति में मोती पालन के किसानों के साथ संवाद कार्यक्रम किया गया।

### केंद्रीय योजनाओं का जायजा लेने टीम पहुंची खूंटी

**रांची।** केंद्र सरकार से संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की स्थिति का जायजा लेने के लिए नेशनल लेबल मॉनिटरिंग टीम मंगलवार को खूंटी पहुंची। खूंटी पहुंचने के बाद नेशनल लेबल मॉनिटरिंग टीम में शामिल अधिकारियों ने परिसदन, खूंटी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्र सरकार से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की। खूंटी में 22 अक्टूबर तक रहकर टीम विभिन्न विभागों द्वारा संचालित याजनाओं का पर्यवेक्षण, अनुश्रवण करेगी। यह टीम विभिन्न पंचायतों में जाकर योजनाओं की स्थिति की जानकारी लेगी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित अन्य योजनाओं की धरातल पर स्थिति का जायजा लिया जाएगा।

### रिम्स मेडिसिन में आज डॉ अजीत देंगे परामर्श

**रांची।** रिम्स बुधवार को मेडिसिन ओपीडी में डॉ अजीत, सर्जरी में डॉ पंकज बोदरा, ऑर्थो में डॉ गोविंद गुप्ता, न्यूरो सर्जरी में डॉ आनंद प्रकाश, ऑब्स गाइनी में डॉ अतिमा भारती और शिशुरोग विभाग में डॉ पी चौधरी मरीजों को परामर्श देंगे।

# डॉ भारती कश्यप को राष्ट्रीय महिला नेत्र चिकित्सक सोसायटी का सम्मान

- सामाजिक उत्प्रेरक के तौर पर कार्य को मिला सम्मान
- महिलाओं की कैंसर जांच का झारखंड मॉडल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्वी भारत की प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भारती कश्यप को नई दिल्ली में महिला नेत्र रोग विशेषज्ञ सोसायटी द्वारा सामाजिक परिवर्तन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रदान किया गया है। नई दिल्ली में एक भव्य समारोह में सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता एवं भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। वर्ष 1991 में डाक्टरी की पढ़ाई पूरी करने के बाद से ही वह नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में जागरूकता और समाज सेवा से जुड़ गयी थी। अब तक करीब बीस लाख से अधिक स्कूली छात्रों को इसका फायदा झारखंड में मिला है। यह वह दौर था जब लोगों में नेत्रदान के प्रति कोई जागरूकता नहीं थी। इस सामाजिक आवश्यकता को समझते हुए डॉ भारती कश्यप ने लोगों को मृत्युपरांत नेत्रदान के लिए उत्प्रेरित करने और जागरूकता फैलाने का काम किया। इससे समाज में इसके प्रति लोगों का ध्यान गया। डॉ. कश्यप के प्रयासों से झारखंड (तब एकीकृत बिहार) ने 1996 में अपना पहला मरणोपरांत नेत्रदान देखा। और तब से उनके प्रयासों से राज्य में सैकड़ों नेत्रदान हुए हैं।

साल 2014 में डॉ. भारती कश्यप ने झारखंड में वैश्विक जानलेवा बीमारी - सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ अभियान की शुरूआत करके महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया। इस पहले से असमय काल कवलित होने वाली हजारों महिलाओं को बचाया जा सका। इस दिशा में उन्होंने कम लागत वाली एक कारगर झारखंड मॉडल को तैयार किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा निर्देशों के तीसरे भाग को संशोधित करते हुए बहुआयामी कम लागत वाली लेकिन प्रभावी रणनीति झारखंड मॉडल की अवधारणा तैयार की। जो झारखंड की महिलाओं के लिए फायदेमंद साबित हुआ है।

झारखंड में पहली बार प्रजनन आयु वर्ग की 2.70 लाख महिलाओं की जांच करने के राज्य सरकार के लक्ष्य के मुकाबले, अप्रैल 2021 से जुलाई 2024 के बीच प्रजनन आयु वर्ग की कुल 4,05,749 महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच की गई। डॉ भारती कश्यप के प्रयासों से झारखंड में धीरे-धीरे एक बड़ा सामाजिक बदलाव आ रहा है क्योंकि दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में महिलाएं न केवल प्रजनन स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रही हैं बल्कि हजारों अन्य लोगों को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। कांफ्रेंस में बेस्ट सर्जिकल विडियो का अवार्ड भी डॉ भारती कश्यप को मिला।

### बीआइटी में ग्राफिक गाला विषयक कलात्मक पेंटिंग और डिजिटल पोस्ट मेकिंग पर कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बीआईटी मेसरा लालपुर सेंटर के तत्वावधान में ग्राफिक गाला विषय पर एक कलात्मक पेंटिंग और डिजिटल पोस्ट मेकिंग पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विजुअल एंड आर्ट प्रोफार्मिंग सोसाइटी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के इंचार्ज डॉ प्रणव कुमार ने किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की इस अद्भुत क्षमता पर अपनी बात रखते हुए कहा कि आज जब छात्रों में पढ़ाई के अत्यधिक बोझ होने से इस प्रकार की गतिविधियों से अपने को दूर रखते हैं। परंतु हमारे संस्थान के प्रतिभावान छात्रों ने इससे प्रतियोगिता का रूप देकर और ही बेहतर बनाने का कार्य किया है। इससे एक से एक कलात्मक पोस्टर देखने मिला है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। कार्यक्रम की संयोजक डॉ अमृता प्रियम और डॉ महुआ बनर्जी ने बताया कि पूरे प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के आयोजन किया गया है, जिसमें पोस्टर मेकिंग सहित कई विषय शामिल है।

निर्णायक भूमिका में डॉ सोमनाथ मुखर्जी, डॉ अमृता प्रियम, डॉ संजय कुमार और डॉ महुवा बनर्जी उपस्थित थे। दूसरे मुकाबला जिसका विषय क्विक वित था। इसमें प्रतिभागियों ने अपनी वाक्पटुता से अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसमें निर्णायक की भूमिका में उपस्थित थे डॉ उमेश प्रसाद और डॉ सोमित्रो चक्रवर्ती। ग्राफिक्स गाला के विजेता रहे प्रथम पुरस्कार विजेता रहे वेदिका अग्रवाल। दूसरा स्थान प्राप्त किया सुश्री संसिता झा और तीसरा पुरस्कार सयुक्त रूप से प्राची कुमारी और अनुष्का पाठक को दिया गया। दूसरा मुकाबला जिसका विषय था क्विक वित, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया है कुमार पुष्कर ने। दूसरा स्थान शिवांगी तिवारी और तृतीय स्थान अनुष्का श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। इस पूरे आयोजन में सोसायटी की आर्य सिंघल, शिवांगी, सृष्टि राज, ऐंजल, प्रांजल, अरुणिमा, राजवीर, नेनशी, खुशी मोहनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### पहली बार रांची विश्वविद्यालय ने नियुक्त किए शारीरिक शिक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय ने पहली बार शारीरिक शिक्षकों की नियुक्ति की है। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार की पहल पर रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले घटक महाविद्यालयों में 12 शारीरिक शिक्षकों की पीटीआई के पद पर नियुक्ति की गयी है। ये नियुक्तियां संविदा के आधार पर 11 महीने की अवधि के लिए की गयी हैं। इस अवधि के लिए शिक्षकों को चौबीस हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, 10 शिक्षकों ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

#### इन शिक्षकों की हुई नियुक्ति

खिरोधर महतो - जेएन कॉलेज, रांची (अतिरिक्त प्रभार - पीपीके कॉलेज, बुंडू), सुशीला कुजूर - बिरसा कॉलेज, खूंटी, राजू साहु - एसएस मेमोरीयल, रांची, शिव सागर - मारवाड़ी कॉलेज, रांची, बसंती कुमारी - मांडर कॉलेज, मांडर, साईनाथ राम- केसीबी कॉलेज, बेड़ो, राम प्रसाद साव - आरएलएसवाई कॉलेज, रांची, सोनू कुमार बड़ाईक - बीएस कॉलेज, लोहरदगा, सामी कुमार सिंह - डोरंडा कॉलेज, रांची, निरंजन तिर्की - केओ कॉलेज, गुमला (अतिरिक्त प्रभार - बीएनजे कॉलेज, सिसई), बबलू कुमार - सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा, ज्योति कुमारी - रांची वीमेंस कॉलेज

### महानगर कांग्रेस ने रांची विधानसभा क्षेत्र में निकाली आशीर्वाद यात्रा



- आशीर्वाद यात्रा का मुख्य उद्देश्य ज्वलंत मुद्दों पर जनता के बीच चर्चा करना : कुमार राजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा के नेतृत्व में मंगलवार को आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ रांची विधानसभा स्थित पहाड़ी मंदिर के द्वार से किया गया। इस यात्रा में हजारों लोगों और कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यात्रा का उद्देश्य रांची विधानसभा के विभिन्न वार्डों के नागरिकों से मिलकर कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त करना है। यात्रा पहाड़ी मंदिर द्वार से शुरू होकर बालाजी मंदिर से होते हुए चुन्ना भट्ठा, खादगढ़ा, राजा हाता होते हुए किशोरगंज प्रखंड रोड संख्या 1 से 9 तक जाते हुए समाप्त हुई। क्षेत्र के लोगों ने यात्रा का भरपूर समर्थन किया। मौके पर डॉ. कुमार राजा ने कहा कि रांची विधानसभा की जनता ने हमेशा कांग्रेस पार्टी का साथ दिया है, लेकिन पिछले 27 वर्षों से यहां एक ही विधायक का कब्जा होने के कारण राजधानी का विकास पूरी तरह से ठप हो गया है। न तो रांची में उचित पार्किंग की सुविधा है, न ही स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के स्तर में भी कोई सुधार नहीं हुआ है। जिन रांचीवासियों ने स्मार्ट सिटी बनने का सपना देखा था, उनके लिए आज की स्थिति निराशाजनक और बदहाल हो गई है। उन्होंने कहा कि आशीर्वाद यात्रा का मुख्य उद्देश्य इन ज्वलंत मुद्दों पर जनता के बीच चर्चा करना है, ताकि राजधानी की इस जर्जर स्थिति में सुधार लाया जा सके।

मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अमरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष जॉय चक्रवर्ती, शाहबाज, मेहुल प्रसाद, प्रिंस बट, कमल ठाकुर, खुशबू, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नीतू पासवान, उपाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव सिंह, महासचिव विक्की ठाकुर, अनिकेत राज, तनु सिंह, रितेश चौधरी, मिठू जायसवाल, विक्की वर्मा, राहुल सिंह, अंकित सिंह, मोनू सिंह, आयुष राय, विकास कुमार, रौशन, दीपक, मोंटी, शैलीन एक्का, अर्चना मिर्धा, विक्की करमाली, टुन्ना सिंह, करण सिंह, दीपक साव, मनोज प्रमाणिक, सोनी नायक, अजय चौधरी, धीरज, शीला उरांव आदि सैकड़ों कार्यकर्तागण शामिल थे।

# बजा चुनावी बिगुल, एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच तीखी भिडंत

- भाजपा ने वर्ष 2019 की हार से सबक लेते हुये इस बार बनायी विशेष रणनीति, आजसू-जदयू आदि दलों के साथ किया गठबंधन
- इंडिया गठबंधन को सता रहा ऐटीइन्कमबेंसी का डर

उदय चौहान




**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच तीखी भिड़ंत की आशंका जतायी जा रही है। चुनावी जंग में उतरने को लेकर राजनीतिक दलों की सेना तैयार है। तैयारी सत्तारूढ़ एवं विपक्ष दोनों तरफ से कांटे की है। बाजी किसके हाथ लगेगी यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन, सत्तारूढ़ इंडी गठबंधन को ऐंटी इन्कमबेंसी का डर सता रहा है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आयेगी तो राजनीतिक समीकरण स्पष्ट हो सकेगा। इस चुनावी जंग में जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की उपस्थिति भी दिखेगी। कुरमी बहुल विधानसभा क्षेत्रों में जयराम महतो फैक्टर बन सकते हैं। इससे दोनों ओर के रणनीतिकार चौकन्ने हैं।

उल्लेखनीय है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता से बाहर हो गई थी। झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिला था। झामुमो को 30 कांग्रेस को 16 और राजद को एक सीट मिली थी। इस गठबंधन को चुनाव में 47 सीटें मिलीं थी। 81 विधानसभा क्षेत्र वाले झारखंड विधानसभा में बहुमत के लिये 41 सीट की जरूरत होती है। इस गठबंधन ने 47 सीट जीतकर सत्ता की कुंजी अपने हाथ ले लिया था। उस वक्त भाजपा की हार का कारण आजसू के साथ गठबंधन नहीं होना बताया गया था। लेकिन, इस बार भाजपा ने आजसू, जदयू आदि दलों से गठबंधन कर लिया है। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को पांच सीटें मिलीं थी। इससे भी इंडी गठबंधन का हौसला बढ़ा हुआ है। दूसरी ओर, एनडीए इस बार के चुनाव में मजबूती के साथ मैदान में जा रहा है। भाजपा की रणनीति आक्रामक है। भाजपा के साथ चंपई सोरेन, लोबिन हेम्ब्रम जैसे कई कद्दावर नेता भी जुड़ चुके हैं। शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन का भी असर संथालपरना में देखा जा सकता है। इसके अलावा भाजपा ने बरकट्ठा से निर्दलीय विधायक अमित यादव और हुसैनाबाद से एनसीपी के विधायक कमलेश सिंह को भी अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है। हाल के दिनों में अपने-अपने इलाके में प्रभाव रखने वाले विभिन्न जातियों के नेता भी भाजपा में शामिल हुये हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा के चुनाव प्रभारी बनाये जाने के बाद राज्य का राजनीतिक परिदृश्य बदला है। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार इंडिया गठबंधन भी पूरे दम-खम के साथ मैदान में उतर रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले तीन महीने में मास्टर स्ट्रोक मारा है। इससे इंडिया खेमा उत्साहित है। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की ओर से हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन ही मुख्य चेहरा होंगी। इंडिया गठबंधन को मंईयां सम्मान योजना से बड़ी उम्मीद है। गठबंधन इस योजना को गेम चेंजर योजना मानकर चल रहा है। भाजपा ने जब मंईयां सम्मान योजना के जवाब में गोगो दीदी योजना लाने की घोषणा की है। एनडीए गठबंधन हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाकर मैदान में है।

खबर मन्त्र
रांची. बुधवार. 16 अक्टूबर 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# चुनावों की घोषणा

झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गयी है। झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को और महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को आयोजित होंगे। चुनाव परिणाम 23 अक्टूबर को घोषित होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पिछले 15-20 चुनाव देखें तो हर चुनाव में अलग-अलग नतीजे आए हैं और ऐसा नहीं हो सकता कि जब मनमाकिफ नतीजे न आएं तो सवाल उठाए जाएं। सीईसी ने कहा कि ईवीएम में जो बैट्री डाली जाती है, उस पर भी एजेंट्स के हस्ताक्षर होते हैं। स्टोरेज के दौरान तीन स्तरीय सुरक्षा होगी। जब वो मतदान के लिए निकलेंगी तो उसकी वीडियोग्राफी होगी और फिर कैंडिडेट्स के एजेंट्स होंगे। सभी मशीनों के नंबर भी एजेंट्स के साथ साझा किए जाएंगे और उनसे वोट डलवाकर भी पुष्टि कराई जाती है। चुनाव आयोग ने 48 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव के शेड्यूल का भी एलान किया है। 47 विधानसभा सीटों और केरल की एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नोटिफिकेशन की शुरूआत 18 अक्तूबर से होगा। उपचुनाव के पहले चरण का मतदान 13 नवंबर 2024 को और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। उपचुनाव के नतीजे भी दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव के साथ 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। हरियाणा की जीत के बाद जहां भारतीय जनता पार्टी पूरे आत्मविश्वास से भरी हैं तो कांग्रेस गठबंधन भी कश्मीर में जीत दर्ज कर अपने जीत को दोहराने के लिये तत्पर है। विशेषकर झारखंड राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा की कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन की सरकार है जो विगत पांच साल से काम कर रही है। वहीं भाजपा भी झारखंड में एक मजबूत राजनैतिक ताकत है। अब सभी की निगाह 23 नवंबर को चुनावी परिणाम पर होंगे जो नयी सरकार तय करेगी।

## आज का राशिफल

**मेष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6**

**वृष : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5**

**मिथुन : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8**

**कर्क : आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7**

**सिंह : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालने में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9**

**कन्या : आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6**

**तुला : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6**

**वृश्चिक : मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9**

**धनु : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यो में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9**

**मकर : किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9**

**कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7**

**मीन : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5**

## कार्टून वर्ल्ड




# स्वास्थ्य सेवा में बदलाव: आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई का प्रभाव

**साल** 2019 में, उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की ओर से एक पत्र मिला, लेकिन उन्होंने इसको ज्यादा अहमियत नहीं दी। साल 2022 में राजू की हालत बिगड़ गई, जिसके लिए फौरन सर्जरी करने की आवश्यकता थी। वे हताश और बेबस हो चुके थे। तभी अस्पताल के एक कर्मचारी ने उनके परिवार को पीएमजेएवाई के बारे में पता करने की सलाह दी और उनकी पात्रता की पुष्टि की। इसकी बदौलत राजू की लगभग 1.83 लाख रुपये की लागत वाली जीवन रक्षक सर्जरी संभव हो सकी। आखिरकार, 67 दिन बाद उसे नए सिरे से जिंदगी शुरू करने के लिए अस्पताल से छुट्टी दे मिल गई।

आशा, सेहत और खुशी से भरपूर यह कहानी, उन अनगिनत कहानियों में से एक है, जो एबी पीएमजेएवाई के लाभार्थियों के जीवन के इर्द-गिर्द बुनी गई हैं।

बीते छह वर्षों में इस योजना के तहत अस्पतालों में लगभग 7.8 करोड़ दाखिलों के साथ पीएम-जेएवाई ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है और उनके प्राणों की रक्षा की है और साथ ही, उन रोगियों के परिवारों को अस्पताल के खर्च के कारण गरीबी और पीड़ा के चंगुल में फंसने से भी बचाया है। यह योजना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

पीएमजेएवाई ने प्रति लाभार्थी परिवार द्वितीयक और तृतीयक उपचार के लिए 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के आधार को छुआ है। निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा प्रचारित भारी-भरकम रकम की तुलना में यह राशि छोटी लग सकती है, लेकिन योजना की रूपरेखा और पैमाने को देखते हुए लाखों परिवारों के लिए इस राशि का प्रभाव जीवन बदलने वाला और जीवन रक्षक है। योजना की रूपरेखा के अनुसार, पीएमजेएवाई का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती रोगियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल उपलब?ध कराना है, तथा बहिरंग रोगी सेवाएं इस योजना के अंतर्गत नहीं आती। एक महत्वाकांक्षी व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल मिशन के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के इस दूसरे घटक पर समान रूप से गौर किया जा रहा है, जिसके तहत 1,75,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्थापित किए गए हैं, जिन्हें पहले स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र कहा जाता था। इनमें परामर्श और कई दवाएं (172 तक) और निदान (63 तक) निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। वर्तमान में सरकारी प्रयासों का केंद्र इन दोनों प्रणालियों में देखभाल का सुदृढ़ दो-तरफा सम्मिलन और निरंतरता है। भारत का यूएचसी मॉडल सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर आधारित है। स्वास्थ्य नीति और सेवाओं को अलग-थलग करके नहीं अपितु समग्रता में देखे जाने की आवश?यकता है।






-विनोद पॉल

> बीते छह वर्षों में इस योजना के तहत अस्पतालों में लगभग 7.8 करोड़ दाखिलों के साथ पीएम-जेएवाई ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है और उनके प्राणों की रक्षा की है और साथ ही, उन रोगियों के परिवारों को अस्पताल के खर्च के कारण गरीबी और पीड़ा के चंगुल में फंसने से भी बचाया है। यह योजना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इस योजना के कार्या-?वयन के दौरान, स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) के तहत प्रक्रियाओं और कीमतों को संशोधित और युक्तिसंगत बनाया गया है। साल 2018 में एचबीपी की संख?या 1393 थी, जो 2022 तक बढ़कर 1949 हो गई। स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में क्षेत्रीय भिन्नता को ध्यान में रखते हुए, विभेदक मूल्य निर्धारण की अवधारणा शुरू की गई है। साथ ही, स्थानीय संदर्भ के अनुसार एचबीपी दरों को और अधिक अनुकूलित करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अतिरिक्त लचीलापन प्रदान किया गया है।

इसमें प्रतिपूर्ति या सह-भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि अधिकांश दावों का निपटान समय पर होता है, लेकिन राज्यों के साथ साझेदारी में और सुधार लाने के लिए गहन प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना की सफलता और जन कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के कारण इस वर्ष इसके दायरे को बढ़ाने के लिए दो बड़े कदम उठाए गए हैं। अंतरिम बजट में सरकार द्वारा इस योजना को विस्तारित करते हुए आशा और आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं के लगभग 37 लाख परिवारों को इसके दायरे में लाया गया। दूसरा, भारत की बढ़ती जीवन प्रत्याशा के मद्देनजर, एक और बड़ा कदम सरकार का 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह न करते हुए पीएमजेएवाई कवरेज देने का निर्णय है। इससे 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों वाले 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ होगा।

भारत में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) की स्वास्थ्य से संबंधित 75वें चरण की रिपोर्ट से पता चलता है कि इस आयु वर्ग के लिए अस्पताल में भर्ती होने की दर 11 प्रतिशत से अधिक है। लॉन्गिट्यूडिनल एजिंग स्टडी ऑफ इंडिया (एलएएसआई) की 2021 की रिपोर्ट से पता चलता है कि 75 प्रतिशत बुजुर्गों को एक या एक से अधिक पुरानी बीमारियां हैं, 40 प्रतिशत को किसी न किसी तरह की विकलांगता है और 4 में से 1 बहु-रुग्णता से पीड़ित है। उल्लेखनीय रूप से, 58 प्रतिशत बुजुर्ग आबादी महिलाओं की है, जिनमें 54 प्रतिशत विधवाएं हैं। वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित अनेक निजी बीमा उत्पादों के विपरीत, पीएमजेएवाई किसी भी वरिष्ठ नागरिक को पहले से चली आ रही बीमारी के कारण बाहर नहीं करता है; न ही यह लाभ देने से पहले किसी वर्ष की प्रतीक्षा अवधि की शर्त रखता है। वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करके यह योजना उन्हें स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने में समर्थ बनाती है।

पीएमजेएवाई सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य क्षेत्रों को एक राष्ट्र, एक प्रणाली के सूत्र में जोड़ता है। वर्तमान में, पीएमजेएवाई के पास 29,000 से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों का अखिल भारतीय नेटवर्क है, जिनमें लगभग 13,000 निजी अस्पताल शामिल हैं। इसके अलावा, इनमें से लगभग 25,000 अस्पताल टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित हैं। निजी क्षेत्र में अधिकृत अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या और मात्रा का अनुपात क्रमशः 57 प्रतिशत और 67 प्रतिशत है, जो इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी को दशार्ता है। लाभार्थी के पास राज्य के दिशा-निर्देशों के अनुसार सूचीबद्ध अस्पताल, सार्वजनिक या निजी, चुनने का विकल्प मौजूद है।

## लेटर टू एडिटर

### एक देश, एक चुनाव

**देश** में फिजूलखर्ची रोकने के लिए एक देश, एक चुनाव प्रणाली महत्वपूर्ण है। चुनावों पर भारी खर्च केवल सरकारी खर्च नहीं, बल्कि नेताओं द्वारा अपनाए जाने वाले गलत तरीकों से भी बढ़ता है। इस बदलाव के लागू होने से अनिश्चितता कम होगी, नीतिगत निर्णयों पर सकारात्मक असर पड़ेगा, और मतदाताओं की उदासीनता दूर होगी। आर्थिक वृद्धि और स्थिरता में भी सुधार होगा, जबकि प्रवासी श्रमिकों को बार-बार कार्यस्थल छोड़ने की समस्या का समाधान मिलेगा।

**-अमृतलाल, रांची**

### कठोर कार्रवाई हो

**विविध** संगठन और दल अपनी मांगें मनवाने के लिए सड़क मार्ग रोकते हैं। बहुत बार संख्या बल के सहारे रेल मार्ग रोक लेते हैं। शंभू बार्डर एक वर्ष से ज्यादा समय से रुका हुआ है। जनता किधर जाए? कानून तो है, रेल मार्ग रोकने वालों को तो सात वर्ष तक के दंड का प्रावधान है, पर दंड देगा कौन?

**- रविशंकर सिंह, रांची**

## ट्वीट

**नवरात्रि** और दुर्गा पूजा त्योहार में जिस तटस्थता से झारखण्ड पुलिस के हर एक जवान और जिला प्रशासन ने अपना दायित्व संभाला वह अनुकरणीय है। मेहनत और लगन के साथ जन सेवा को समर्पित सभी जवानों एवं सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद, जोहार।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**सुप्रसिद्ध** वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उनका विजन और चिंतन विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में देश के बहुत काम आने वाला है।

**- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

# भुखमरी खत्म करने का लक्ष्य अधूरा क्यों ?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

समाज

भूख के आंकड़े ना सिर्फ भारत बल्कि विश्व भर में डरावने हैं। इससे जुड़े तथ्य रौंगटे खड़ी कर देती है। संसार में 11 में से एक व्यक्ति आज भी रात में भूखे पेट सोने को मजबूर है। दुनिया के 73 करोड़ आबादी अब भी रोजाना भूखे पेट है। इनमें वो देश भी शामिल हैं जो तरक्की की दिन-रात डींगे हांकते हैं। बहरहाल, 2024 की हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के बीच विश्व खाद्य दिवस मनाना अपने आप में मायने रखता है। हंगर रिपोर्ट के बहाने आज भुखमरी जैसे गंभीर विषय पर कम-से-कम गंभीर विमर्श किया जा सकता है।

पिछले 45 वर्षों से विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता रहा है। इसकी शुरूआत वर्ष 1979 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की सालाना बैठक में सदस्य देशों की आम सहमति से 16 अक्टूबर को ये दिवस तय किया गया था। यह वह समय था जब आधी दुनिया भूख से कराहने को मजबूर थी। दरअसल, इसी समय करीब 45 ऐसे देश थे जो गुलामी की बेड़ियों से नए-नए आजाद हुए थे। तब उनके सामने पेट भरने की सबसे बड़ी चुनौती थी। क्या बुजुर्ग, क्या बच्चे सभी भूख-प्यास से बिलखते थे। हालांकि भारत को आजाद हुए तब तीन दशक हो चुके थे इसलिए बिगड़ी स्थिति को संभाल लिया गया। आज भी कई देश खाद पदार्थों की अनुपलब्धता का सामना कर रहे हैं। दूसरे, कई देशों में युद्ध, संघर्ष या टकराव हैं जिससे स्थिति भयावह बनी हुई है। इसलिए भूख, गरीबी से लड़ने और भोजन के अधिकार के लिए आज का दिन उन लोगों के लिए खास हैं जो जरूरतमंद हैं।

पिछले सप्ताह आई ह्यग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट-2024 उन देशों को सतर्क करती है जिनकी स्थिति भूख को लेकर अब भी ज्यादा अच्छी नहीं बताई गई है। रिपोर्ट में भारत का स्थान 127 देशों में 105वां है, हालांकि पिछले सालों की तुलना में रैंक में मामूली सुधार हुआ है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2023 में भारत 125 देशों में 111 वें स्थान पर था। बावजूद इसके गंभीरता से मंथन करने की हमें भी जरूरत है। रिपोर्ट का इशारा इस ओर भी है कि विभिन्न देशों की सरकारें, निजी क्षेत्र, किसानों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज यह सुनिश्चित करें कि सभी लोगों को पर्याप्त विविध, पौष्टिक और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों। असमानता और गरीबी से निबटने, उनकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए स्वस्थ भोजन विकल्प चुनने, भोजन की बबार्दी को कम करने और पर्यावरण रक्षा करने में हम सभी की भूमिकाएं होती हैं। भोजन की बबार्दी बड़ा मुद्दा उभर कर सामने आया है। इसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की जरूरत है। इसमें सिर्फ सरकार नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। क्योंकि भोजन की उपलब्धता पर सभी का एक समान अधिकार है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कई देशों में भुखमरी के हालात पैदा हुए हैं। अन्य देशों द्वारा अगर मानवीय सहायता न की जाएं, तो वहां स्थिति और बदतर हो जाती। वहां कई अन्य परेशानियों के अलावा बार-बार प्राकृतिक आपदाओं का आना भी भूखमरी बढ़ाने का कारण बना हुआ है। इसी कारण हैती की लगभग 65 प्रतिशत आबादी भूख का दंश झेलने को मजबूर है। वहां आधे से ज्यादा लोग आज भी गरीबी रेखा से नीचे हैं। वहीं, भूख पर आईसीएमआर की रिपोर्ट पर गौर करें, तो भारत में 2018 में 19 करोड़ लोग ऐसे थे जिन्हें रोज दो वक्त का भरपेट खाना नहीं मिला। वर्ष-2022 में ये संख्या बढ़कर 35 करोड़ हुई। हालांकि इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों में सुधार हुआ है। केंद्र सरकार की मुफ्त आनाज वितरण योजना ने इन आंकड़ों को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना को बीते सप्ताह 2028 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है। भूख से लड़ाई लंबी है, इसे कम करने के लिए समूचे संसार को ईमानदारी से प्रयास करने होंगे।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संदेह है कि क्या अगली पीढ़ी तक भूख को मिटाना का लक्ष्य पूरा हो पाएगा या नहीं? यह सवाल सभी को सोचने पर मजबूर करता है। फिलहाल आज का दिन भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतराष्ट्रीय कोष शामिल रहते हैं। ये खास दिन भूख से पीड़ित लोगों के लिए वैश्विक जागरूकता और उनके खाद्य अधिकारों पर कार्यवाही को भी बढ़ावा देता है। खाद पदार्थों में अब मिलावट का होना कोई नई बात नहीं। दूषित खाने से लोगों का बीमार होना आम बात हो गई। ऐसे में विश्व खाद्य दिवस सभी को प्रेरित करता है।

# देश में खेती और खेती से जुड़े कारोबार की रीढ़ महिला किसान की उपेक्षा क्यों?

खेती-किसानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिला शक्ति की चर्चा कम क्यों?

**- वात्सल्य राय**

कृषि

हर वर्ष 15 अक्टूबर को यह दिवस देश की महिला किसानों की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। पर आज दिन भर में वैसा कोई उत्साह देखने को नहीं मिला, जैसा होना चाहिए था।

वस्तुतः महिला किसान आज की तारीख में देश की खेती किसानी और इससे जुड़े सहायक उद्योगों की रीढ़ हैं। जिस तरह शरीर में रीढ़ की हड्डी दिखाई नहीं देती है लेकिन उसके बिना शरीर का सीधा रह पाना असंभव होता है, उसी तरह महिला किसान और उनके योगदान की चर्चा कम ही होती है लेकिन आज देश, अगर खेती के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान महिला किसानों का ही है। जो गांवों से दूर हैं, उन्हें ये बात भले ही हैरान करे लेकिन जो लोग गांवों में रहते हैं, वो इस सच को बखूबी जानते हैं।

ज्यादा समय नहीं बीता है, आर्थिक उदारीकरण से पहले के दौर की बात है, स्कूलों में पढ़ाया जाता था कि हमारा देश भारत कृषि प्रधान देश है। उदारीकरण के पहले देश की कुल जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 29 फीसदी था जो अब घटकर 15 से 17 फीसदी रह गया है। खेती किसानी से जुड़े लोग नौकरी और रोजगार के दूसरे क्षेत्रों की ओर बढ़ गए और बदलते दौर में महिलाओं का खेती के क्षेत्र में योगदान और बढ़ गया।

हम आजादी के बाद के दौर की स्थिति देखते हैं तो याद आता है कि तब भारत खाद्यान्न के क्षेत्र में भी दूसरे देशों पर आश्रित था। स्थिति यह थी कि हमें बाहर से खाने का सामान आयात करना पड़ता था। लेकिन किसानों ने अपनी मेहनत और नई तकनीक के इस्तेमाल से हरित क्रांति कर दी। आर्थिक उदारीकरण के बाद शहरीकरण बढ़ा और गांव के लोग भी नौकरी के लिए शहरों का रुख करने लगे। इसके बाद भी खेती का ढांचा जस का तस बना रहा तो इसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ महिला किसानों को है।

अगर हम आंकड़ों की बात करें तो महिला किसानों के योगदान को सही तरीके से नहीं समझ पाएंगे। आंकड़े आखिर बताते क्या हैं? आंकड़ों के मुताबिक खेती में लगी कुल श्रम शक्ति में महिलाओं का योगदान 33 फीसदी है और स्वरोजगार करने वाले किसानों में महिलाएं 48 फीसदी हैं। लेकिन हकीकत में महिलाओं का योगदान इससे कहीं ज्यादा है। भारत के गांवों में रहने वाली महिलाओं में से करीब 80 फीसदी या उससे ज्यादा खेती या उससे जुड़े कारोबारों में योगदान देती हैं।

जिन घरों के पुरुष नौकरियों के लिए बाहर चले गए हैं, वहां तो खेती का सारा इंतजाम ही महिलाएं देखती हैं। महिलाएं बीज पैदा करने, बुआई और कटाई के अलावा उपज को दूसरे उत्पादों में बदलने और फसल बेचने के काम में भी जुड़ी हैं। डेयरी चलाने, दूध पैदा करने और पशुधन से जुड़े कारोबार में तो भारतीय किसान महिलाओं की कहानी पूरी दुनिया सुना रही है। हो सकता है आपने भी ये कहानी सुनी हो।

उदारीकरण के दौर के बाद छोटे छोटे बच्चे भी जानते हैं कि देश का सबसे अमीर उद्योगपति कौन है। देश का सबसे ज्यादा कमाई करने वाला फिल्म स्टार कौन है। या देश में सबसे ज्यादा कमाई कौन सा क्रिकेटर करता है। लेकिन ऐसी ही सुर्खियों के बीच महिला किसान भी हेडलाइन बना रही हैं। इनमें से एक कर्नाटक की महिला किसान राजेश्वरी हैं। तुमकुर ज़िले की राजेश्वरी ने साल 2019 में पांच गायों के साथ कारोबार शुरू किया था और आज उनके पास 46 गायें हैं और वो सात लाख रुपये महीने कमाती हैं।

पशुपालन के साथ वो मक्का और कपास की खेती भी करती हैं। ऐसी ही महिलाओं के दम पर ही भारत में श्वेत क्रांति हुई। देश में एक लाख नब्बे हजार से ज्यादा डेयरी सहकारी समितियां काम कर रही हैं। इनसे 60 लाख से ज्यादा महिलाएं जुड़ी हुई हैं। पिछले सालों में अमूल डेयरी की ओर से जारी ऐसी 10 महिला किसानों की लिस्ट बहुत चर्चा में थी, जो अमूल डेयरी को दूध बेचकर करोड़पति बनीं।

ऐसी किसान महिलाएं उदाहरण पेश कर रही हैं और इसके पीछे उनकी बेहतर सोच है। महिलाएं अपनी और पूरे ग्रामीण क्षेत्र की तरक्की के बारे में सोच रही हैं। कारोबार में कामयाबी हासिल करने वाली महिलाएं सिर्फ मेहनत नहीं करती हैं। वो किस तरह से मेहनत की जाए, इसका प्रशिक्षण भी हासिल करती हैं।

इंटरनेशनल डेवलपमेंट रिसर्च सेंटर के आंकड़े बताते हैं कि सिर्फ वित्तीय सहायता हासिल करने वाली महिला किसानों की कामयाबी दर 57 फीसदी है। वहीं सहायता के साथ प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं की कामयाबी दर 93 प्रतिशत है।

हाल में मुझे जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से लंबी बात करने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि जम्म कश्मीर की महिलाओं में हुनर बहुत है। जम्मू कश्मीर में आठ लाख से ज्यादा महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप यानी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। जम्मू कश्मीर में खेती और उससे जुड़ा कारोबार बड़ा सेक्टर है। जम्मू कश्मीर के 13 लाख परिवार कृषि क्षेत्र से जुड़े हैं। ये कुल आबादी का 70 प्रतिशत हिस्सा है। जाहिर है इसमें महिलाओं की भूमिका अहम है। डेयरी, फिशरी और फ्लोरिकल्चर जैसे क्षेत्रों से भी ये महिलाएं जुड़ी हुई हैं। वहां इनके विकास के लिए खास योजनाओं पर काम चल रहा है।

अब एक सवाल क्या आपने ए.म पप्पम्मल का नाम सुना है? उन्हें रंगम्मल भी कहा जाता था। अगर आपने ये नाम नहीं सुना तो आपको उनके बारे में जरूर जानना चाहिए। वो देश की सबसे उम्रदराज किसान थीं। सौ साल की उम्र पार करने के बाद भी वो खेत में काम करती थीं। बीते महीने यानी 27 सितंबर को उनका निधन हुआ है। उन्हें अपने योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी और जैविक खेती के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।

# खाद्य सामग्री की महत्ता, सम्मान और सुरक्षा से ही आने वाली पीढ़ियां दीर्घायु होंगी

**विश्व खाद्य दिवस (16 अक्टूबर) पर विशेष**

**-रमेश शर्मा**



**संसार** के सभी प्राणियों के लिये खाद्यान्न अर्थात भोजन सामग्री जितनी महत्वपूर्ण है उतनी ही उपेक्षा इस विषय की होती है। इस विषय का महत्व इसी तथ्य से समझा जा सकता है कि यह दुनिया के उन करोड़ों लोगों से सीधा जुड़ा हुआ है जो एक समय का भोजन प्राप्त करने की जद्दोजहद में हैं। संसार के प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकतानुसार खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके, इस जागृति के लिये विश्व खाद्य दिवस की परंपरा आरंभ हुई।

विश्व खाद्य दिवस की शुरूआत 1945 से हुई। तब दुनिया द्वितीय विश्वयुद्ध से उबरी थी। विश्वयुद्ध के दौरान दुनिया की व्यापारिक यात्राएँ बाधित हुईं थीं, जिसका प्रभाव खाद्यान्न की उपलब्धता पर पड़ा। इसके अतिरिक्त उन दिनों एशिया और अफ्रीका के अनेक देशों में वर्षा नहीं होने से सूखे जैसी स्थिति थी जिससे भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हुई। खाद्यान्न की इस आपदा से निबटने के लिये संयुक्त राष्ट्र ने 16 अक्टूबर 1945 को विश्व खाद्य दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसके साथ संयुक्त राष्ट्र ने इसी दिन रोम में ₹खाद्य एवं कृषि संगठन₹ (एफएओ) की स्थापना की। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्वभर में फैली भुखमरी की समस्या के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाना और भूख, कुपोषण और गरीबी का मिलकर सामना करना था। 1945 से लेकर 1979 तक 16 अक्टूबर को खाद्यान्न आपूर्ति और खाद्यान्न व्यवस्था को लेकर जागरुकता के लिये निश्चित तो रहा पर व्यवस्थित रूप से 'विश्व खाद्य दिवस' का आयोजन 16 अक्टूबर 1980 से शुरू हुआ।

खाद्य दिवस के प्रमुख उद्देश्य

16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाने के साथ इस दिन कुछ संकल्प लेने का आह्वान किया गया। इसमें 1- कृषि खाद्य उत्पादन पर ध्यान आकर्षित करना। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय स्तर पर शासकीय, अशासकीय एवं बहुउद्देश्यीय कृषि एवं कृषि उद्यम को बढ़ावा देना। 2- उन्नत अर्थव्यवस्था के बीच आर्थिक और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना। 3- ग्रामीण स्तर पर विशेष रूप से महिलाओं और सबसे कम पद प्राप्त पदों की उनके जीवन स्तर पर प्रभावित करने वाले निर्णय और सहभागिता को बढ़ावा देना। 4- दुनिया में भूख की समस्या के प्रति जागरूकता पैदा करना । 5- औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे द्वारा खाद्य सामग्री के यातायात को बढ़ावा देना और 6- भूख और गरीबी के विरुद्ध संघर्ष में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय एकजुटता बढ़ाने के साथ खाद्य एवं कृषि विकास पर ध्यान आकर्षित करना है। इस सबके लिये विश्व स्तर पर खाद्यान्न पदार्थ के बेहतर और गुणवत्ता पूर्ण उत्पादन एवं वितरण पर ध्यान देना है।

**भूख से लड़ने और समुचित खाद्य सामग्री समाधान के लिये नोबल पुरस्कार**

पूरे विश्व में खाद्य पदार्थों की आपूर्ति पर्याप्त हो और संसार का कोई भी व्यक्ति भूख से बेहाल न हो, इस अभियान को गति देने के लिये नोबेल पुरस्कार देने की परंपरा भी आरंभ हुई। नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) को भूख से प्रभावित क्षेत्र में शांति की स्थिति में बेहतर योगदान देने और 2020 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करने का निर्णय लिया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने, खाद्य सामग्री की सुरक्षा एवं उसकी व्यवस्थित आपूर्ति को बढ़ावा देने में इस संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इसे दुनिया का सबसे बड़ा मानवीय संगठन माना गया है। 2019 में इस संगठन ने 88 देशों में करीब 100 मिलियन ऐसे लोगों को सहायता प्रदान की जो गंभीर भोजन और भूख से पीड़ित थे। इस स्थिति का आकलन करके इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में मानवता को भूख से मुक्ति का अभियान जोड़ा था। इस लक्ष्य को साकार करने के लिए डब्ल्यूएफपी ने संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शन में एक सघन अभियान चलाया। इसमें अनेक स्वयंसेवी संस्थाओं और विभिन्न देशों की सरकारों के माध्यम से 2019 में मानों एक दुर्लभ संकल्प को पूरा किया और यह नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया।

संयुक्त राष्ट्र के पास जो आकड़े उपलब्ध थे उनके अनुसार 2019 में 135 मिलियन लोग खाद्य सामग्री के अभाव और तेज भूख से पीड़ित हुए थे। यह संख्या वर्ष 2014 की तुलना में अधिक थी। अनेक स्थानों पर खाद्य सामग्री के अभाव और खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये कुछ अफ्रीकन देशों में हिंसक संघर्ष भी हुये। इसलिए संयुक्त राष्ट्र ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और 2015 में इस खाद्य दिवस आयोजन को भुखमरी मुक्ति के अभियान से भी जोड़ा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने डब्ल्यूएफपी को माध्यम बनाया है। इसके आशानुकूल परिणाम आये और दुनिया भर में जागृति आई। दुनिया में खाद्य पदार्थों के उत्पादन, समन्वय पूर्ण वितरण तथा हर जरूरतमंद तक पहुँचाने के प्रति दायित्व बोध हुआ।

हर वर्ष की थीम अलग

प्रत्यक्ष रूप से या कहने या सुनने से तो लगता है कि खाद्य सामग्री केवल भूख शाँत करके जीवन चलाने का माध्यम है पर यह परोक्ष रूप से बहुत व्यापक है। जीवन की रक्षा और समाज के समन्वय संतुलन बनाने में खाद्य पदार्थ कितना महत्व रखते हैं, उन सभी आयामों की ओर जन जागरण पैदा करने के लिये इस दिवस को उन सबसे जोड़ा। इसके लिये प्रत्येक वर्ष इस खाद्य दिवस के आयोजन की थीम अलग होती है। ताकि संसार खाद्यान्न की महत्ता के विविध आयामों से परिचित हो सके। प्रत्येक वर्ष की थीम अलग होने की परंपरा 1981 से आरंभ हुई। उस वर्ष पहली थीम थी- ₹भोजन सबसे पहले आया।₹

संसार विकास की कितनी ही ऊँचाई प्राप्त कर ले, चाँद या मंगल पर नहीं सूरज पर भी पहुँच जाये पर शरीर संचालन के लिये खाद्यान्न की आवश्यकता सबसे पहले पड़ती है। व्यक्ति अकेला रहे या सामूहिक, वह खाद्य पदार्थ की आवश्यकता से मुक्त नहीं हो सकता। आधुनिक दुनिया में बढ़ते यातायात साधनों से समाज को कुछ राहत मिली है। अभाव एक देश में हो तो दूसरे देश से सहायता तुरन्त पहुँचती है। जैसे भारत ने अफगानिस्तान, श्रीलंका आदि देशों को भूख से बचाने के लिये खाद्य सामग्री भेजी थी। आज पूरी दुनिया मानो एक गांव बन गई है इसलिये यह दुनिया कृषि उद्योग, खाद्यान्न में एक-दूसरे की पूरक हो रही हैं। किसी एक क्षेत्र में खाद्यान्न संकट और भूख से बेहाली को शेष दुनिया अनदेखी नहीं कर सकती। अनुकूल मौसम या भौगोलिक क्षेत्र में बेहतर उत्पादन, बेहतर पोषण, बेहतर पर्यावरण और बेहतर जीवन स्तर के लक्ष्य पूर्ति का उद्देश्य इस विश्व खाद्य दिवस के आयोजन में है।

# पृथ्वी के भीतरी गोले की धीमी होती गति की फिक्र

**मुकुल व्यास**

**पृथ्वी** का आंतरिक कोर यानी सबसे भीतरी भाग पिछले कुछ वर्षों से वैज्ञानिक समुदाय को उलझाए हुए है। एक नए अध्ययन ने इस बात के पुख्ता सबूत पेश किए हैं कि आंतरिक कोर ने दिशा बदल दी है और वह धीमा हो रहा है। यह बदलाव 2010 में हुआ था,लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसा किस वजह से हुआ या कोर कब वापस बदलेगा। हमारे पैरों के नीचे लगभग 2,890 किलोमीटर की दूरी पर तरल धातु की एक विशाल गेंद जैसा दिखने वाला पृथ्वी का आंतरिक कोर लगभग चंद्रमा जितना बड़ा है और सूर्य की सतह जितना गर्म है। यह हमारे ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र को बनाए रखने में मदद करता है जो हमें कोशिका नष्ट करने वाले कैंसर-प्रेरक अंतरिक्ष विकिरण से बचाता है।

**खुद-ब-खुद घूमने वाला भाग**

दरअसल,पृथ्वी को तीन अलग-अलग परतों में विभाजित किया जाता है। इन परतों में क्रस्ट (पपड़ी),मेंटल यानी बाहरी कोर और आंतरिक कोर शामिल हैं। क्रस्ट पर हम रहते हैं और कोर को सबसे आंतरिक परत के रूप में जाना जाता है। मेंटल इन दोनों के बीच में है। कई सिद्धांतों के अनुसार पृथ्वी का कोर स्वतंत्र रूप से घूम रहा है। इसे ऐसा कहा जा सकता है कि पृथ्वी के भीतर एक ठोस धातु की गेंद है जो पृथ्वी से स्वतंत्र रूप से घूमती है,जैसे एक बड़ी गेंद के अंदर घूमती हुई गेंद।

**बेहद गर्म ठोस लोहे का गोला**

पृथ्वी का कोर आज भी एक बड़ा रहस्य बना हुआ है। डेनिश भूकंप विज्ञानी इंगे लेहमैन ने 1936 में से खोजा था। आंतरिक कोर का अर्द्धव्यास 1220 किलोमीटर और तापमान 5200 डिग्री सेल्सियस है। यह ठोस गोला है जो मुख्य रूप से लोहे से बना है। आंतरिक कोर ने शोधकताओं को काफी आकर्षित किया है। इसकी गति जिसमें घूर्णन (रोटेशन) गति और दिशा शामिल है,दशकों से चल रही बहस का विषय है। हालिया सबूत बताते हैं कि कोर के घूर्णन में काफी बदलाव आया है, हालांकि वैज्ञानिक इसे लेकर विभाजित हैं।

**बैकट्रैकिंग से संबंधित डेटा**

पिछले दशक से वैज्ञानिकों को आंतरिक कोर के व्यवहार के बारे में कुछ असामान्य डेटा मिल रहा है कि इसका घूर्णन थोड़ा गड़बड़ा रहा है। यह भी कि 2010 में आंतरिक कोर ने पृथ्वी की सतह की तुलना में अपनी घूर्णन दिशा उलट दी थी। वैज्ञानिक इसे बैकट्रैकिंग कहते हैं। अब आंतरिक कोर अधिक धीमी गति से घूम रहा है। कुछ हलकों में आंतरिक कोर की दिशा बदलने के असर पर तरह-तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। हालांकि घूर्णन के धीमा होने से ज्यादा से ज्यादा हमारे दिन की लंबाई थोड़ी कम हो सकती है। लेकिन यह अत्यंत सूक्ष्म व नामालूम से स्तर पर होगी।

**नये अध्ययन के निष्कर्ष**

वैज्ञानिक कुछ नहीं जानते कि पृथ्वी के मध्य में क्या चल रहा है। हालांकि हाल ही में किए गए एक अध्ययन ने डेटा को देखने का एक नया तरीका पेश किया है। इस शोध टीम का कहना है कि उसके पास पक्का सबूत है कि आंतरिक कोर वास्तव में पीछे की ओर बढ़ रहा है और अधिक धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। शोध दल ने दक्षिण अटलांटिक महासागर में दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह में 1991 और 2023 के बीच बार-बार आए 100 से अधिक भूकंपों के सीस्मोग्राम का विश्लेषण किया और उनकी तुलना की। भूकंपीय ऊर्जा उन कुछ तरीकों में से एक है जिससे हम आंतरिक कोर का अध्ययन कर सकते हैं। ऊर्जा तरंगें सतह से मेंटल के माध्यम से,कोर तक जाती हैं और फिर वहां से वापस आ सकती हैं। वैज्ञानिक इसका पता लगा सकते हैं और माप सकते हैं। इस अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता जॉन विडेल और उनकी टीम ने देखा कि बार-बार आने वाले भूकंपों के सीस्मोग्राम एक दूसरे से कितने अच्छी तरह से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि हम आंतरिक कोर के हिलने पर सीस्मोग्राम की तरंगों में परिवर्तन स्पष्ट रूप से देख सकते हैं।

**नई विधि में अनुमान नहीं**

आम तौर पर वैज्ञानिक भूकंपीय तरंगों के बीच समय के अंतर को मापते हैं और यह देखते हैं कि उन्हें कोर तक जाने और वापस आने में कितना समय लगता है। यह कोर की स्थिति और समय के साथ इसमें होने वाले परिवर्तनों को मैप करने में मदद कर सकता है। लेकिन इसके लिए आंतरिक कोर की संरचना के बारे में अनुमान लगाने पड़ते जिसे हम अच्छी तरह से नहीं जानते। टीम की नई विधि में इस तरह के अनुमानों की आवश्यकता नहीं है। शोधकताओं ने केवल यह देखा कि सीस्मोग्राम कितने अच्छे तरीके से मेल खाते हैं। भले ही हम यकीनी तौर पर यह कह सकते हैं कि आंतरिक कोर पीछे की ओर झुक रहा है और धीमा हो रहा है,लेकिन रोटेशन की सही-सही गति या परिवर्तन का कारण क्या है,इसकी गणना करना मुश्किल है।

**आंतरिक कोर की रहस्यभरी संरचना**

वैज्ञानिक आंतरिक कोर के अध्ययन के लिए भूकंप द्वारा उत्पन्न भूकंपीय तरंगों का उपयोग करते हैं। इन तरंगों का अध्ययन करने के एक नए तरीके का उपयोग करते हुए शोधकताओं ने एक आश्चर्यजनक खोज की है।

# देवता, दानव और कसौटी पर राजनीतिक दल

**ज्योति मल्होत्रा**

समस्त भारत में पिछले हफ्ते बुराई पर अच्छाई की जीत का मंचन चला।

तथापि, जब आप रामलीला से घर लौट रहे होते हैं, तो इस तथ्य से बच नहीं सकते कि देवता भी समय आने पर सभी रणनीतिक उपायों को इस्तेमाल करते हैंझ मसलन, प्रसिद्ध बंगाली कवि माइकल मधुसूदन दत्त के अनुसार, लक्ष्मण ने मेघनाद को एक मंदिर में घेर लिया, जहां वह निहत्था था और उसका वध किया। इस बीच, बंगाल में माहौल देवी मय रहा, मंजीरों की तेज आवाज से ताल बैठाता ढाक-वादकों का कर्णभेदक नाद और पुजारी के दीपक से उठते धुएं के साथ देवी दुर्गा दानव महिषासुर का वध करने के लिए पूरी तरह तत्पर थी। कोलकाता के एक पंडाल में बनाई एक आश्चर्यजनक झांकी में देवी को एक महिला डॉक्टर को अपनी बाहों में समेटे दिखाया गया, जो सफेद कोट पहने और स्टेथोस्कोप से लैस थी झ यह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक युवा डॉक्टर की क्रूरतापूर्वक हत्या व दुराचार पर जारी विरोध का सीधा द्योतक था।

पिछले से पिछले सप्ताह, भारत के पुरुष और महिला रूपी देवों ने भी अपनी मानवी लड़ाइयां लड़ीं, जबकि हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के राजनेता एक-दूसरे की देखादेखी में वह सब करने में लगे थे, जिससे फायदा होने की उम्मीद हो झ हरियाणा में भाजपा चकित कर देने वाली अपनी जीत का जश्न मना रही है, जबकि इंडिया गठबंधन जम्मू और कश्मीर में मिले जनादेश को लेकर गौरवान्वित हो रहा है। दोनों राज्यों में, मतदाता ने मनमानी करने वाली राजनीतिक ताकतों को दंडित किया है, जो मतदाता को गंभीरता से नहीं लेते।

दुर्भाग्यवश, कांग्रेस पार्टी अभी भी इस तथ्य को मानने से इनकार कर रही है कि भाजपा ने हरियाणा में ईमानदार और स्पष्ट रूप से जीत अर्जित की है। भगवा पार्टी ने कड़ी मेहनत की, लीक से हटकर हर संभव प्रयास किया, हर तरीका बरता। आरएसएस कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर प्रचार करने के अलावा प्रत्येक सीट की माइक्रो मैनेजमेंट की, यह सुनिश्चित किया कि विपक्षी उम्मीदवारों के वोट में सेंध लगाने को प्रत्याशी खड़े किए जाएं या फिर डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को पैरोल पर रिहा करवाने तक, ताकि अंदरखाते दिए उसके संदेश का राज्य भर की लगभग 35 सीटों पर असर हो। ऐसा कुछ बचा नहीं,जो भाजपा ने छोटे से सूबे हरियाणा में करने की कोशिश न की हो।

भाजपा के पक्ष में जनादेश ने कांग्रेस पार्टी को सकते में डाल दिया है। पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने दोष ईवीएम पर मढ़ने की कोशिश की, उनका कहना है कि भाजपा ने सोर्स कोड के साथ छेड़छाड़ की । यह एक ऐसा आरोप है, जोकि मतदाता के विवेक पर प्रश्नचिन्ह है (हालांकि बाद में इस आरोप को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है क्योंकि समझदार कांग्रेस नेता-नेत्रियों ने महसूस किया कि इससे लोकतांत्रिक जनादेश का कितना नुकसान हो सकता है)।

जम्मू-कश्मीर में भी ठीक यही हुआ। कांग्रेस ने इस प्रकार अधिकार जताने वाला व्यवहार किया कि जम्मू में सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार छांटने तक की परवाह नहीं कीझह्यलोगों ने तो हमें वोट देनी ही है, क्योंकि वे भाजपा से बहुत त्रस्त हैं- यह खामख्याली पाले रखी। निश्चित रूप से यह सत्य है कि पूरे एक महीने पहले, सितंबर के मध्य तक भी, अनेकानेक वजहों से भाजपा जम्मू से गंभीर रूप से मुश्किल स्थिति में थी,लेकिन यह श्रेय उसके स्थानीय नेतृत्व को जाता है कि इससे निकलने में कड़ी मेहनत की। आरएसएस-भाजपा ने महसूस किया कि वे जम्मू में खराब प्रदर्शन करना गवारा नहीं कर सकते, क्योंकि यह हिंदुत्व की वैचारिक नींव है। जब परिणाम आए, तो भाजपा ने 29 सीटें जीतीं,जो खुद उसकी अपनी अपेक्षाओं से काफी बेहतर रहा।

यह पक्का है, भाजपा जम्मू-कश्मीर को लेकर निश्चिंत है, क्योंकि भले ही उमर अब्दुल्ला ने लोकप्रिय जनादेश हासिल कर लिया हो, वह नवनिर्वाचित विधानसभा के सभी अधिकार बहाल नहीं करेगी।

फिर भी, भाजपा के बारे में आपका जो भी मत हो यह बात आप भी मानेंगे कि वह सीखती भी तेजी से है, और जरूरत पड़ने पर वांछित परिणाम पाने को अपना अहंकार तक तज देती है। हरियाणा में यही हुआ। भाजपा को अहसास हो गया कि लोकसभा चुनाव के दौरान उछाले गये अतिशयी नारे (अबकी बार-400 पार) को यूपी के दलितों ने संविधान में संशोधन करने और अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के लिए तय 22.5 प्रतिशत आरक्षण से छेड़छाड़ करने के खतरे के रूप में लिया। यही कारण है कि राजनीतिक रूप से भारत के सबसे महत्वपूर्ण राज्य में उसे 29 कीमती सीटें गंवानी पड़ीं। इसीलिए हरियाणा में भाजपा ने हर संभव प्रयास किया कि जाटों (हुड्डा की जाति) और दलितों (कुमारी सैलजा की जाति) के बीच एका न होने पाए -यह महसूस करते हुए कि अगर इसे नहीं रोका गया, तो घातक होगा। जब हुड्डा और सैलजा के बीच सार्वजनिक तौर पर ब्यानों के जरिये यह होड़ लगी हुई थी कि हरियाणा की गद्दी पर बैठने का कौन अधिक हकदार है, तो आरएसएस के कार्यकताओं ने हर गांव और मोहल्ले में यह संदेश पहुंचाया : यदि जाट सत्ता में आए (हुड्डा का संदर्भ) तो दलितों और पिछड़ों के साथ बुरा व्यवहार होगा, ठीक वैसा ही, जैसा कि अब सैलजा के साथ हो रहा है।

हालांकि, यह सब अब यमुना के पानी में समा चुका है।

# भगवान श्रीराम, अब होगा प्राचीन भारतीय विज्ञान का पुनरुत्थान

**प्रमोद भार्गव**

अयोध्याधाम में श्रीराम मंदिर के संपूर्ण निर्माण के साथ राम की पुरातन एवं सनातन ऐतिहासिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की स्थापना भी हो जाएगी। अब विभिन्न रामायणों में दर्ज उस विज्ञान को भी मान्यता देने की जरूरत है, जिन्हें वामपंथी पूर्वाग्रहों के चलते वैज्ञानिक एवं बुद्धिजीवी न केवल नकारते रहे हैं, बल्कि इनकी ऐतिहासिकता को भी कपोल-कल्पित कहकर उपहास उड़ाते रहे हैं।

अतैव यह समय प्राचीन भारतीय विज्ञान के पुनरुत्थान का भी काल है, क्योंकि रामायण और महाभारत कथाएं नाना लोक स्मृतियों और विविध आयामों में प्रचलित बनी रहकर वर्तमान हैं। इनका विस्तार भी सार्वभौमिक है। देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। शायद इसीलिए भवभूति और कालिदास ने रामायण को इतिहास बताया। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में इतिहास को पुरावृत्त कहा गया है। गोया, कालिदास के रघुवंश में विश्वामित्र राम को पुरावृत्त सुनाते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने रामायण को महाकाव्यात्मक इतिहास की श्रेणी में रखा है। जबकि इन ग्रंथों में विज्ञानसम्मत अनेक ऐसे सूत्र मौजूद हैं, जिनके जरिए नए आविष्कार की दिशा में बढ़ा जा सकता है। वैसे भी ज्यादातर रामायणों में उल्लेख है की भगवान राम लंका विजय के बाद माता सीता, भाई लक्ष्मण, हनुमान और सुग्रीव के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या पहुंचे थे।

इतिहास तथ्य और घटनाओं के साथ मानव की विकास यात्रा की खोज भी है। यह तय है कि मानव, अपने विकास के अनुक्रम में ही वैज्ञानिक अनुसंधानों से सायास-अनायास जुड़ता रहा है। ये वैज्ञानिक उपलब्धियां या आविष्कार रामायण, महाभारतकाल मे उसी तरह चरमोत्कर्ष पर थे, जिस तरह ऋग्वेद के लेखन-संपादन काल के समय संस्कृत भाषायी विकास के शिखर पर थी। रामायण का शब्दार्थ भी राम का अयण अर्थात भ्रमण से है। तीन सौ रामायण और अनेक रामायण विषयक संदर्भ गंथ, जिनके प्रभाव को नकारने के लिए पाउला रिचमैन ने 1942 में ह्यमैनी रामायणस द डाइवर्सिटी ऑफ ए नैरेटिव ट्रेडिशन इन साउथ एशियाह्न लिखी और एके रामानुजन ने थ्री हंड्रेड रामायण फाइव एग्जांपल एंड थ्री थॉट्स आन ट्रांसलेशन निबंध लिख कर अनर्गल अंशों को गढ़कर सच्चाई को झुठलाया। जबकि इन्हीं रामायणों, रामायण विषयक संदर्भ ग्रंथों और मदन मोहन शर्मा शाही के बृहद् उपन्यास से विज्ञानसम्मत आविष्कारों की पड़ताल की जा सकती है। रामायण एकांगी दृष्टिकोण का वृतांत भर नहीं है। इसमें कौटुम्बिक सांसारिकता है। राज-समाज संचालन के कूट-मंत्र हैं। भूगोल है। वनस्पति और जीव जगत हैं। राष्ट्रीयता है। राष्ट्र के प्रति उत्सर्ग का चरम है। अस्त्र-शस्त्र हैं। यौद्धिक कौशल के गुण हैं। भौतिकवाद है। कणाद का परमाणुवाद है। सांख्य दर्शन और योग के सूत्र हैं। वेदांत दर्शन है और अनेक वैज्ञानिक उपलब्धियां हैं। गांधी का राम-राज्य और पं. दीनदयाल उपाध्याय के आध्यात्मिक भौतिकवाद के उत्स इन्हीं रामायणों में हैं। वास्तव में रामायण और उसके परवर्ती ग्रंथ कवि या लेखक की कपोल-कल्पना न होकर तात्कालिक ज्ञान के विश्व कोश हैं। जर्मन विद्वान मैक्समूलर ने तो ऋग्वेद को कहा भी था कि यह अपने युग का विश्व-कोश है। अर्थात एन-साइक्लोपीडिया ऑफ वर्ल्ड !

लंकाधीश रावण ने नाना प्रकार की विधाओं के पल्लवन की दृष्टि से यथोचित धन व सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। रावण के पास लडाकू वायुयानों और समुद्री जलपोतों के बड़े भण्डार थे। प्रक्षेपास्त्र और ब्रह्मास्त्रों का अकूत भण्डार व उनके निर्माण में लगी अनेक वेधशालाएं थीं। दूरसंचार व दूरदर्शन की तकनीकी-यंत्र लंका में स्थापित थे। राम-रावण युद्ध केवल राम और रावण के बीच न होकर एक विश्व युद्ध था। जिसमें उस समय की समस्त विश्व-शक्तियों ने अपने-अपने मित्र देश के लिए लड़ाई लड़ी थी। परिणामस्वरूप ब्रह्म-ास्त्रों के विकट प्रयोग से लगभग समस्त वैज्ञानिक अनुसंधान-शालाएं उनके आविष्कारक, वैज्ञानिक व अध्येता काल-कवलित हो गए। यही कारण है कि हम कालांतर में हुए महाभारत युद्ध में वैज्ञानिक चमत्कारों को रामायण की तुलना में उत्कृष्ट व सक्षम नहीं पाते हैं। यह भी इतना विकराल विश्व-युद्ध था कि रामायण काल से शेष बचा जो विज्ञान था, वह महाभारत युद्ध के विध्वंस की लपेट में आकर नष्ट हो गया। इसीलिए महाभारत के बाद के जितने भी युद्ध हैं, वे खतरनाक अस्त्र-शस्त्रों से न लड़े जाकर थल सेना के माध्यम से ही लड़े गए दिखाई देते हैं। बीसवीं सदी में हुए द्वितीय विश्व युद्ध में जरूर हवाई हमले के माध्यम से अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा-नागाशाकी में परमाणु हमले किए थे।



वाल्मीकि रामायण एवं नाना रामायणों तथा अन्य ग्रंथों में ह्यपुष्पक-विमानह्न के उपयोग के विवरण हैं। इससे स्पष्ट होता है, उस युग में राक्षस व देवता न केवल विमान-शास्त्र के ज्ञाता थे, बल्कि सुविधायुक्त आकाशगामी साधनों के रूप में वाहन उपलब्ध थे। रामायण के अनुसार पुष्पक-विमान के निमार्ता ब्रह्मा थे। ब्रह्मा ने यह विमान कुबेर को भेंट किया था। कुबेर से इसे रावण ने छीन लिया। रावण की मृत्यु के बाद विभीषण इसका अधिपति बना और उसने फिर से इसे कुबेर को दे दिया। कुबेर ने इसे राम को उपहार में दे दिया। राम लंका विजय के बाद अयोध्या इसी विमान से पहुंचे थे।

रामायण में दर्ज उल्लेख के अनुसार पुष्पक-विमान मोर जैसी आकृति का आकाशचारी विमान था, जो अग्नि-वायु की समन्वयी ऊर्जा से चलता था। इसकी गति तीव्र थी और चालक की इच्छानुसार इसे किसी भी दिशा में गतिशील रखा जा सकता था। इसे छोटा-बड़ा भी किया जा सकता था। यह सभी ऋतुओं में आरामदायक यानी वतानुकूलित था। इसमें स्वर्ण-खंभ, मणि निर्मित दरवाजे, मणि-स्वर्णमय सीढ़ियां, वेदियां (आसन) गुप्त-गृह, अट्टालिकाएं (केबिन) तथा नीलम से निर्मित सिंहासन (कुर्सियां) थे। अनेक प्रकार के चित्र एवं जालियों से यह सुसज्जित था। यह दिन और रात दोनों समय गतिमान रहने में समर्थ था। इस विवरण से ज्ञात होता है, यह उन्नत प्रौद्योगिकी और वास्तुकला का अनूठा नमूना था।

ऋग्वेद में भी चार तरह के विमानों का उल्लेख है। जिन्हें आर्य-अनार्य उपयोग में लाते थे। इन चार वायुयानों को शकुन, त्रिपुर, सुन्दर और रुक्म नामों से जाना जाता था। ये अश्वहीन, चालक रहित , तीव्रगामी और धूल के बादल उड़ाते हुए आकाश में उड़ते थे। इनकी गति पतंग (पक्षी) की भांति, क्षमता तीन दिन-रात लगातार उड़ते रहने की और आकृति नौका जैसी थी। त्रिपुर विमान तो तीन खण्डों (तल्लों) वाला था तथा जल, थल एवं नभ तीनों में विचरण कर सकता था। रामायण में ही वर्णित हनुमान की आकाश-यात्राएं, महाभारत में देवराज इन्द्र का दिव्य-रथ, कार्तवीर्य अर्जुन का स्वर्ण-विमान एवं सोम-विमान, पुराणों में वर्णित नारदादि की आकाश यात्राएं एवं विभिन्न देवी-देवताओं के आकाशगामी वाहन रामायण-महाभारत काल में वायुयान और हेलीकॉप्टर जैसे यांत्रिक साधनों की उपलब्धि के प्रमाण हैं।

किंवदंती यह भी है कि गौतम बुद्ध ने भी वायुयान द्वारा तीन बार लंका की यात्रा की थी। ऐरिक फॉन डानिकेन की किताब चैरियट्स ऑफ गॉड्स में तो भारत समेत कई प्राचीन देशों से प्रमाण एकत्रित करके वायुयानों की तात्कालीन उपस्थिति की पुष्टि की गई है। इसी प्रकार डॉ. ओंकारनाथ श्रीवास्तव ने अनेक पाश्चात्य अनुसंधानों के मतों के आधार पर संभावना जताई है कि रामायण में अंकित हनुमान की यात्राएं वायुयान अथवा हेलीकॉप्टर की यात्राएं थीं या हनुमान ह्यराकेट-बेल्टह्न बांधकर आकाश गमन करते थे, जैसा कि आज के अंतरिक्ष-यात्री करते हैं। हनुमान-मेघनाद में परस्पर हुआ वायु-युद्ध हावरक्रफ्ट से मिलता-जुलता है। आज भी लंका की पहाड़ियों पर चौरस मैदान पाए जाते हैं, जो शायद उस कालखण्ड के वैमानिक अड्डे थे। प्राचीन देशों के ग्रंथों में वर्णित उड़ान-यंत्रों के वर्णन लगभग एक जैसे हैं। कुछ गुफा-चित्रों में आकाशचारी मानव एवं अंतरिक्ष वेशभूषा से युक्त व्यक्तियों के चित्र भी निर्मित हैं। ये चित्र मूर्तियों के रूप में दक्षिण भारत के कुछ मंदिरों में भी मिलते हैं। मिस्र में दुनिया का ऐसा नक्शा मिला है, जिसका निर्माण आकाश में उड़ान-सुविधा की पुष्टि करता है। इन सब साक्ष्यों से प्रमाणित होता है कि पुष्पक व अन्य विमानों के रामायण में वर्णन कोई कवि की कोई कोरी कल्पना की उड़ान नहीं है।

ताजा वैज्ञानिक अनुसंधानों ने तय किया है कि रामायण काल में वैमानिकी प्रौद्योगिकी इतनी अधिक विकसित थी, जिसे आज समझ पाना भी कठिन है। रावण का ससुर मयासुर अथवा मय दानव ने भगवान विश्वकर्मा (ब्रह्मा) से वैमानिकी विद्या सीखी और पुष्पक विमान बनाया। जिसे कुबेर ने हासिल कर लिया। पुष्पक विमान की प्रौद्योगिकी का विस्तृत ब्यौरा महर्षि भारद्वाज द्वारा लिखित पुस्तक यंत्र-सर्वेश्रवम् में भी किया गया था। वर्तमान में यह पुस्तक विलुप्त हो चुकी है, लेकिन इसके 40 अध्यायों में से एक अध्याय ह्यवैमानिक शास्त्रह्न अभी उपलब्ध है। इसमें भी शकुन, सुन्दर, त्रिपुर एवं रुक्म विमान सहित 25 तरह के विमानों का विवरण है।

# टीम इंडिया को घर में हराना नहीं है आसान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत बनाम न्यूजीलैंड के बीच के बीच बुधवार से टेस्ट सीरीज शुरू होने वाली है। इस सीरीज के लिए दोनों टीमों ने कमर कस रखी है। सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जायेगा। जहां, दोनों टीमें जीत के लिए लडेंगी। हालांकि, केन विलियम्सन पहले मुकाबले के लिए कीवी टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

### भारत बनाम न्यूजीलैंड हेड टू हेड

भारत बनाम न्यूजीलैंड के बीच खेले गये मैचों की रिकॉर्ड की बात करें तो टीम इंडिया का पलडा भारी है। टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं। दोनों टीमों के बीच खेले गये मुकाबलों की बात करें तो अब तक 62 मैच खेले गये हैं जिसमें भारत ने 22 और न्यूजीलैंड ने 13 मुकाबलों में जीत हासिल की है। दोनों टीमों के बीच अब तक 27 मैच ड्रॉ हुए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने भारत के खिलाफ इंडिया में 1955 से अब तक 12 टेस्ट सीरीज खेली है जिसमें वह एक सीरीज में भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। इसके अलावा न्यूजीलैंड ने भारत में अब तक सिर्फ 2 टेस्ट मैच ही जीते हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच घर में अब तक 36 मैच खेले गए हैं जिसमें टीम इंडिया ने 17 और न्यूजीलैंड ने 2 मैच जीते हैं। ऐसे में भारतीय टीम एक बार फिर इस रिकॉर्ड को बरकरार रखना चाहेगी। टीम इंडिया का घर में शानदार फॉर्म जारी है। भारत ने बांग्लादेश को 2 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था हालांकि, दूसरे टेस्ट में लगभग ढ़ाई दिन का खेल बारिश से प्रभावित रहा था।




### अश्विन-जडेजा के अलावा तीसरे स्पिनर को मिलेगा मौका?

गंभीर, कप्तान रोहित शर्मा और टीम प्रबंधन के अन्य सदस्य निश्चित रूप से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के श्रीलंकाई स्पिनरों के खिलाफ हाल ही में किये गए संघर्ष पर विचार करेंगे। न्यूजीलैंड ने पिछले महीने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या की अगुआई वाले श्रीलंकाई स्पिनरों के सामने 37 विकेट गंवाये थे। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने बांग्लादेश के खिलाफ काफी प्रभावित किया था, लेकिन टीम के पास अक्षर पटेल और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के रूप में अन्य स्पिनर भी शामिल हैं। गंभीर ने अश्विन और जडेजा के साथ एक अतिरिक्त स्पिनर को खिलाने के विकल्प को खुला रखा है। उन्होंने कहा, जाहिर है कि हमारे पास बहुत सारे बेहतरीन गेंदबाज हैं, सिर्फ कुलदीप यादव ही नहीं, बल्कि हमारे पास टीम में कई अन्य बेहतरीन गेंदबाज भी हैं। मैंने पहले भी कहा है कि हम किसी को योजना से बाहर नहीं रखते। हम सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों को चुनते हैं जो हमारे लिए काम कर सकें।

### कोच गंभीर ने संयोजन का नहीं किया खुलासा

गंभीर ने सोमवार को मैच से पहले प्रेस से बात की, लेकिन टीम संयोजन को लेकर स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा। गंभीर ने कहा, संयोजन परिस्थितियों, विकेट और विपक्षी टीम पर निर्भर करता है। इस ड्रेसिंग रूम की सबसे अच्छी बात यह है कि हमारे पास इतने सारे स्तरीय खिलाड़ी हैं और हम उनमें से किसी को भी चुन सकते हैं। हम जानते हैं कि वे हमारे लिए काम कर सकते हैं। इसे ही गहराई कहते हैं। हम मंगलवार को पिच देखेंगे। हम बातचीत करेंगे और देखेंगे कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में काम करने के लिए सबसे अच्छा संयोजन क्या है।

### दोनो टीम इस प्रकार हैं।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, आकाश दीप/कुलदीप यादव, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, टिम साउथी, अजाज पटेल, मैट हेनरी।

## चोटिल बेन सीयर्स भारत दौरे से बाहर

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सीयर्स घुटने में लगी चोट कारण भारत दौरे से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह अनकैप्ड तेज गेंदबाज जेकब डफी को टीम में जगह दी गई है। सीयर्स को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान अभ्यास के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी और उनका न्यूजीलैंड में स्कैन हुआ था। इस कारण वह टीम के साथ भारत भी नहीं आए थे। चिकित्सकों ने उन्हें कुछ दिनों के लिए पूरी तरह से आराम करने की सलाह दी गई है।

## पहले टेस्ट मैच पर मंडरा रहा बारिश का खतरा

**नयी दिल्ली।** कानपुर की तरह ही बारिश बेंगलुरू में होने वाले भारत बनाम न्यूजीलैंड पहले टेस्ट मैच को भी प्रभावित करने के मूड में हैं। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच के पहले दिन बारिश खेल को बिगाड़ सकती है। वास्तव में सभी पांच दिनों के लिए बारिश की भविष्यवाणी है और इसलिए इस बात की प्रबल संभावना है कि बारिश के कारण मैच रद्द हो सकता है। सुबह की बूंदाबांदी और बादल छाए रहने के कारण न्यूजीलैंड और भारतीय क्रिकेट टीम को सोमवार को इनडोर ट्रेनिंग सेशन से गुजरना पड़ा। इस अहम मुकाबले से पहले यह बुरी खबर है।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इस सत्र नहीं लागू होगा इम्पैक्ट प्लेयर का नियम

एजेंसी


**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) में आने वाले सीजन से इम्पैक्ट प्लेयर नियम को खत्म करने का फैसला किया है। यह नियम कुछ साल पहले टूनार्मेंट में लागू किया गया था और बाद में इसे आइपीएल में भी लागू किया गया। बीसीसीआइ ने बताया कि, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से 'इम्पैक्ट प्लेयर' के प्रावधान को खत्म करने का फैसला किया गया है। बीसीसीआइ का यह फैसला आइपीएल 2027 तक इस नियम को बरकरार रखने के फैसले के तुरंत बाद आया है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम के अनुसार टॉस से पहले दोनों टीमों को 5 सब्स्टीट्यूट प्लेयर्स के नाम देने होते हैं, जिनमें से किसी एक का मैच के दौरान उपयोग किया जा सकता है और 14वें ओवर से पहले इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल कर सकती थी। इस नियम के तहत एक खिलाड़ी को बाहर जाना होता था और उसकी जगह इम्पैक्ट प्लेयर मैदान में आता था।

## वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में

**दुबई।** हेली मैथ्यूज (50) और किआना जोसेफ (52) रनों की आतिशी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत वेस्टइंडीज ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्वकप के 20वें मैच में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। किआना जोसेफ को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इंग्लैंड के 141 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और किआना जोसेफ की सलामी जोड़ी ने तूफानी शुरूआत करते हुए पहले विकेट लिये 102 रनों की साझेदारी की। 13वें ओवर में नेट साइवर ब्रंट ने किआना जोसेफ को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। किआना जोसेफ ने 38 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (52) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर मे सेरा ग्लेन ने कप्तान हेली मैथ्यूज को आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरा बड़ा झटका दिया।

## सिंधु डेनमार्क ओपन के प्री-क्वार्टरफाइनल में, लक्ष्य बाहर

एजेंसी




**ओडेंस (डेनमार्क)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने मंगलवार को डेनमार्क ओपन 2024 टूनार्मेंट में महिला एकल स्पर्धा के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। आज हुए मैचों में केवल पीवी सिंधु ने अगले राउंड में जगह बनाई, शेष अन्य भारतीय खिलाड़ी अपने-अपने मुकाबलों मे हारकर बाहर हो गए। सिंधु ने पहले गेम 21-8 से आसान जीत दर्ज की। दूसरे गेम में सिंधु 12-7 से आगे थीं, लेकिन बैडमिंटन रैंकिंग में 28वें स्थान पर काबिज चीनी ताइपे की पाई यू पो को रिटायर होना पड़ा। सिंधु की पाई यू पो पर सात मुकाबलों में यह पांचवीं जीत थी।

## पीसीबी ने जमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट श्रृंखला में बल्लेबाज बाबर आजम को टीम से बाहर किए जाने के बाद फखर जमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। फखर जमान ने दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच से बाबर आजम को बाहर किए जाने की खबर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संबंध में टिप्पणी की थी। जबकि उस समय तक पीसीबी ने अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए टीम की घोषणा भी नहीं की थी।

## बांग्लादेश क्रिकेट ने हेड कोच हथुरुसिंघा सस्पेंड



**नयी दिल्ली।** भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज और टी20 सीरीज में मिली करारी हार के बाद बांग्लादेश क्रिकेट में बवाल मच गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अनुशासनात्मक आधार पर हेड कोच चंदिका हथुरूसिंघा को सस्पेंड कर दिया है, उनकी निलंबन की प्रक्रिया 48 घंटे में शुरू होगी। इस फैसले का ऐलान मंगलवार को बीसीबी अध्यक्ष फारूक अहमद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया। हथुरूसिंघा की जगह वेस्टइंडीज के पूर्व कोच फिल सिमंस को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 तक अंतरिम कोच नियुक्त किया गया है। हथुरूसिंघा, वनडे वर्ल्ड कप से कुछ महीने पहले फरवरी 2023 में दूसरी बार बांग्लादेश के मुख्य कोच बने। लेकिन, अपने पहले कार्यकाल के दौरान उन्हें कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। 2014 से 2017 तक बांग्लादेश ने शीर्ष टीमों के खिलाफ वनडे सीरीज में सफलता हासिल की और 2015 वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## किलियन एम्बाप्पे पर लगा रेप का आरोप

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** फुटबॉल स्टार किलियन एम्बाप्पे विवादों में घिर गए हैं, क्योंकि एक स्वीडिश अखबार ने उनके स्टॉकहोम दौरे के बाद बलात्कार की घटना से संबंधित जांच की खबर दी है। अपने 'एक्स' हैंडल पर एमबाप्पे ने सुझाव दिया कि अफ्टनब्लैडेट अखबार द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट और फ्रेंच लीग समिति के समक्ष अनपैड सैलरी को लेकर उनकी सुनवाई के बीच एक संबंध है। वह वर्तमान में अपने पूर्व क्लब पेरिस सेंट-जर्मन (पीएसजी) के साथ विवाद में हैं। एमबाप्पे ने पोस्ट किया, 'फर्जी खबर !!!!. सुनवाई की पूर्व संध्या पर यह इतना पूवार्नुमानित हो रहा है, जैसे संयोग से हुआ हो। 25 वर्षीय खिलाड़ी का दावा है कि पीएसजी ने उन पर 55 मिलियन यूरो ($60 मिलियन) बकाया है। पिछले हफ्ते उन्हें फ्रांस के नेशंस लीग मैच के लिए चुना गया था, लेकिन गुरुवार और शुक्रवार को वह स्वीडिश राजधानी में पाये गये। आफ्टनब्लैडेट की रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांसीसी अटैकर और लोगों के एक ग्रुप ने एक रेस्तरां में खाना खाया और फिर एक नाइट क्लब में गये। अखबार ने दावा किया कि स्टॉकहोम शहर के केंद्र में रेप किया गया था और उसके बाद पुलिस में एक औपचारिक शिकायत दर्ज की गई थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पीड़िता ने चिकित्सा सहायता मांगी, लेकिन किसी भी आरोपी का नाम नहीं बताया। स्टार फुटबॉलर के साथियों ने कहा है कि यह एक बदनाम करने वाली रिपोर्ट है। दल ने एएफपी को बताया, 'आज, स्वीडिश मीडिया आफ्टनब्लैडेट से पूरे वेब पर एक नई बदनामी वाली अफवाह फैलनी शुरू हो गई है। ये आरोप पूरी तरह से झूठे और गैर-जिम्मेदाराना हैं। और इनका प्रचार अस्वीकार्य है।

बयान में कहा गया है, (किलियन एमबाप्पे की) छवि के इस व्यवस्थित विनाश को रोकने के लिए, सच्चाई को फिर से स्थापित करने और नैतिक उत्पीड़न और अपमानजनक व्यवहार में शामिल किसी भी व्यक्ति या मीडिया का पीछा करने के लिए सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिससे किलियन एमबाप्पे बार-बार पीड़ित हो रहे हैं।

## सुधीर ने किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**कंबोडिया।** कौशल और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए किक बॉक्सर सुधीर सक्सेना ने 5 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक कंबोडिया के ओलंपिक स्टेडियम में आयोजित एशियाई किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में 94 किलोग्राम भार वर्ग में भारत के लिए कांस्य पदक जीता है। पूरे एशिया के कुछ बेहतरीन फाइटर्स के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए सुधीर ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन ने न केवल उन्हें पोडियम पर जगह दिलाई बल्कि किक बॉक्सिंग के खेल में भारत की बढ़ती उपस्थिति को भी उजागर किया। सुधीर की भागीदारी पंजाब नेशनल बैंक के उदार प्रायोजन के माध्यम से संभव हुई, जो विभिन्न खेलों में उभरती प्रतिभाओं का दृढ़ समर्थक रहा है। पदक जीतने पर सुधीर ने कहा कि यह उपलब्धि मेरे प्रशिक्षण में लगाई गई कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## दूसरे टेस्ट के पहले दिन पाकिस्तान के पांच विकेट पर 259 रन

एजेंसी




**मुल्तान।** कमरान गुलाम के पदार्पण शतक (118) एवं सलामी बल्लेबाज सईम अयूब (77) के अर्द्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन पांच विकेट पर 259 बना लिए। डैब्यू कर रहे गुलाम ने जैसे ही 192 गेंदों पर शतक लगाया, सोशल मीडिया पर क्रिकेट फैंस चर्चा करते नजर आये कि पाकिस्तान बल्लेबाज बाबर आजम का सिंहासन हिलाने के लिए गुलाम आ गए हैं। गुलाम ने इंग्लैंड की शानदार गेंदबाजी के आगे संयम दिखाते हुए शानदार शतक जड़ा और अपनी टीम को पहले ही दिन 250 का स्कोर पार करवा दिया। पाकिस्तन के कप्तान शान मसूद ने दूसरे टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। अब्दुल शफीक 7 तो कप्तान शान मसूद महज 3 रन बनाकर ही आऊट हो गए। सऊद शकील जब 4 रन बनाकर आऊट होग गए तो एक छोर संभाले कामरान गुलाम को मोहम्मद रिजवान का साथ मिला। गुलाम ने 192 गेंदों पर शतक ठोका। उन्होंने 224 गेंदों पर 11 चौके और एक छक्के की मदद से 118 रन बनाए। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक रिजवान 37 तो आगा सलमान 5 रन पर नाबाद हैं और स्कोर 5 विकेट पर 259 हो गया है।

## सोनम ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता रजत पदक

**नयी दिल्ली।** भारत की सोनम मस्कर ने मंगलवार को आइएसएसएफ विश्वकप फाइनल 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। मंगलवार को यहां हुई स्पर्धा में 22 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 के स्कोर कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं चीन की युटिंग हुआंग ने 254.5 के स्कोर के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। फ्रांसीसी निशानेबाज ओसिएने मुलर ने 231.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। तिलोत्तमा सेन 167.7 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं ।

## मदर डेयरी ने प्रो कबड्डी लीग 2024 के लिए आधिकारिक 'डेयरी पार्टनर' की घोषणा की

**कोलकाता।** मदर डेयरी ने मंगलवार को प्रतिष्ठित प्रो कबड्डी लीग 2024 के आगामी सत्र के लिए 'डेयरी पार्टनर' के रूप में अपने आधिकारिक सहयोग की घोषणा की। मंगलवार को यहां एक मीडिया बयान के अनुसार इस सहयोग के हिस्से के रूप में मदर डेयरी पूरे सत्र में सक्रिय रूप से शामिल रहेगी और खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई विभिन्न पहलों और प्रचार गतिविधियों के माध्यम से प्रशंसकों और उपभोक्ताओं के साथ जुड़ेगी।

## चौथी हॉकी इंडिया महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप की हुई आधिकारिक शुरूआत

### 12 टीमें ले रहीं हिस्सा

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप का मंगलवार को यहां प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह चैंपियनशिप 21 अक्टूबर, 2024 तक खेली जायेगी, जिसका आयोजन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। चैंपियनशिप का उद्घाटन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सतीश कुमार और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने किया। देश भर की शीर्ष 12 महिला हॉकी टीमें इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। सभी टीमों को चार पूल में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 20 अक्टूबर को सेमीफाइनल होगा। फाइनल 21 अक्टूबर को होगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। मुख्य अतिथि पंकज जैन ने ऐतिहासिक नेशनल स्टेडियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन के लिए एकदम सही मंच बताया। उन्होंने खिलाड़ियों की भागीदारी में 50% की वृद्धि की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि एथलीट भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा, यह जीतने या हारने के बारे में नहीं है, बल्कि खेलने और अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के बारे में है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने महिला हॉकी टीम के समर्थन में इंडियनऑयल की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। तिर्की ने कहा, 52 वर्षों के बाद, भारतीय हॉकी ने लगातार जीत के साथ इतिहास रच दिया है। हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत के साथ, महिला हॉकी का भविष्य पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल दिखाई दे रहा है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी ने कहा, इन एथलीटों को आकार देने में आपके अथक प्रयासों के लिए कोच और कर्मचारियों को विशेष धन्यवाद। इंडियन ऑयल को इस चैंपियनशिप की मेजबानी करने पर गर्व है, जो एथलीटों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

आपका प्रदर्शन लड़कियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगा। राष्ट्रीय कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, हमारा मुख्य लक्ष्य एलए 2028 ओलंपिक में पोडियम तक पहुंचना है। इसे हासिल करने के लिए, हमें लगन से काम करना होगा, और इस तरह के टूनार्मेंट महिला खिलाड़ियों को अपनी कहानी दिखाने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करते हैं। उद्घाटन समारोह में हरबिंदर सिंह (1964 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता), अजीत पाल सिंह (1975 विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता) और जफर इकबाल (1980 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता) सहित कई भारतीय हॉकी दिग्गजों ने भाग लिया। इनके अलावा दीपा मलिक और सीनियर महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कोच हरेंद्र सिंह जैसे अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

### उदिता को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रुपये में खरीदा

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग 2024-25 महिला नीलामी के पहले हाफ में मंगलवार को चारों फ्रैंचाइजी ने 41 भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई। श्रीची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने उदिता दुहान के लिए सबसे बड़ी बोली लगाकर 32 लाख रुपए में खरीदा। वह हरियाणा से है और भारतीय टीम में डिफेंडर के तौर पर खेलती है। श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने आज यहां दिन के पहले हाफ में भारत की उदिता के लिए 32 लाख रुपये की सबसे महंगी बोली लगाते हुए उन्हें खरीदी लिया। इसके अलावा डच स्टार ड्रैग-फ्लिकर यिब्बी जानसेन को ओडिशा वॉरियर्स ने 29 लाख रुपये की बोली लगाकर खरीदा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज



## अर्पण परिवार का कार्य अतुलनीय है : काले

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'अर्पण' द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी त्यौहारों पर सेवा कार्यों को सफल बनाने हेतु बैठक बुलाई। इस बैठक में संस्था के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सभी ने मिलकर इन त्योहारों के दौरान सेवा कार्यों को सफल बनाने का संकल्प लिया। सदस्यों ने विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की, इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में दीपावली के अवसर पर पिछले वर्षों के भांति बोड़ाम प्रखंड के ब्रजपुर गांव के बागबेड़ा में जरुरतमंद परिवारो में दीवाली एवं काली पूजा हेतु पूजन सामग्री, बच्चों के बीच नए कपड़े, गर्म कपड़े, पटाखे, मिठाई एवं अनेक प्रकार के उपहार बंटेंगे।

## 50 लोगों से रेडक्रॉस ने कराया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा में लगातार रक्तदान के अभियान में एसडीपी डोनेशन करने वाले रक्तदाताओं ने दुर्गा पूजा के 10 दिन महती भूमिका निभाते हुए इस दौरान जरूरत पड़ने वाली सभी एसडीपी की मांग के पूरा किया। इस दौरान रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की अगुवाई में 50 जरुरतमंदों को सिंगल डोनर प्लेटलेट की आपूर्ति की गयी।

## सारजमदा में रक्तदान शिविर 20 अक्टूबर को



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर और ईजीएल ट्रस्ट के सौजन्य से आगामी 20 अक्टूबर 2024 रविवार को सारजमदा पुराना बस्ती के ईजीएल स्टेडियम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर सारजमदा निदिरटोला गांव के दिवंगत माझी बाबा सिदो मुर्मू के 95 वीं जन्मोत्सव के अवसर पर किया जायेगा। यह जानकारी सारजमदा निदिरटोला के मारांग माझी बाबा निमाई बास्के और संस्था के सचिव सह 75 बार के रक्तदाता राजेश मार्डी ने दी है।

## एमएस आइटीआई में याद किये गये डॉ कलाम



**जमशेदपुर।** एम एस आईटीआई जवाहर नगर मानगो जमशेदपुर में ए पी जे अब्दुल कलाम के जन्मदिन के शुभ अवसर पर डायरेक्टर जनाब खालिद इकबाल, उनकी टीम और सभी बच्चों ने मिलकर एक प्रोग्राम आयोजित किया। जैसा कि हम जानते हैं ए पी जे अब्दुल कलाम हमारे देश के 11 अध्यक्ष थे और उन्होंने मिसाइल मैन ऑफ इंडिया के नाम से इस देश में अपनी छवि छोड़ी है। एम एस आईटीआई के छात्र-छात्राएं - अर्शिया, नूरजहां, मंतशा, जया, फैयाज, सबा, अर्सलान, मारूफ, इमरान, नासिर, शैक फैयाज, शबाब, अरमान, साद, सब लोगों ने मिलकर इस शुभ अवसर में उनकी जिंदगी पर रोशनी डाली।

## सात विकास कार्यों का किया गया शिलान्यास

**चांडिल।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत स्वीकृत चांडिल प्रखंड क्षेत्र के कटिया से खुंचिडीह के बीच स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण कार्य का शीलान्यास मंगलवार दोपहर 12 बजे के करीब विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि स्वर्णरेखा नदी पर कटिया से खुंचिडीह के बीच लगभग 15 करोड़ रुपये कि लागत से पुल का निर्माण होगा। लोगों के वर्षों पुरानी मांग पूरी की गयी।

# 13 को सभी छह विस क्षेत्रों में वोटिंग, 23 को काउंटिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही पूर्वी सिंहभूम जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। पूर्वी सिंहभूम जिला में पहले चरण 13 नवंबर को मतदान होना है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने भी तैयारियां पूरी कर ली है। समाहरणालय सभागार, जंमशेदपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने तैयारियों एवं निर्वाचन के संबंध में जिला प्रशासन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 13 नवंबर को मतदान तथा 23 नवंबर को मतगणना होगी। 18 अक्टूबर को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशी नामाकंन प्रपत्र का क्रय एवं नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, 28 अक्टूबर को स्क्रूटनी, नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है।

### 18 अक्टूबर से नामांकन प्रपत्र बिक्री और नामांकन कर सकेंगे प्रत्याशी

### जिले में हैं 85 वर्ष प्लस उम्र के 6742 मतदाता

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 85+ मतदाताओं की संख्या 6742 है, विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग वोटर की संख्या 15945, आयुवार 18-19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 83750, 20-29 आयु वर्ग में 395106, 30-39 आयु वर्ग में 502451 मतदाता और 39-49 आयु वर्ग में 378884, 50-59 आयु वर्ग में 266514 मतदाता, 60-69 आयु वर्ग में 158350 मतदाता तथा 70-79 आयु वर्ग में 69535, 80-89 आयु वर्ग में 16935 तथा 90-99 में 2025 मतदाता और 100-109 आयु वर्ग में 37, 110-119 आयु वर्ग में 01 एवं 120+ आयु वर्ग में 01 मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के पहल पर इस बार भी होम वोटिंग की सुविधा दी जायेगी। इसके लिए सर्वे बीएलओ करा रहे हैं।



संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते डीसी अनन्य मित्तल (सबसे दायें), और साथ में सीनियर एसपी किशोर कौशल।

### 1145 मतदान भवनों में बने 1913 मतदान केंद्र

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने बताया कि जिले के 1145 भवनों में कुल 1913 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसके अलावा कुल 18,73,589 वोटर्स है जिनमें 9,33,684 पुरुष और 9,39,742 महिला वोटर्स है। वहीं 163 थर्ड जेंडर मतदाता इस बार मतदान करेंगे। सर्विस वोटर्स की संख्या 2045 है।

### अंतर्राज्यीय और अंतर जिला चेकपोस्ट पर रखी जायेगी निगरानी : एसएसपी

वरीय पुलिस अधीक्षक एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि चुनाव के पारदर्शी, स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के मद्देनजर अंतर्राज्यीय व अंतरजिला चेकनाका पर सघन निगरानी और चेकिंग बढ़ा दी गयी है। असामाजिक तत्वों और चुनाव को प्रभावित करने वाले अपराधिक तत्वों के विरूद्ध अभियान जारी है। लाइसेंसी हथियार का सत्यापन थाना स्तर से कराने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया है। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिले में पर्याप्त संख्या में अर्धसैनिक बल और पुलिस बलों की तैनाती रहेगी।

**जिन योजनाओं का काम शुरू नहीं, अब चुनाव आचार संहिता हटने पर ही होगा काम :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने सीनियर एसपी किशोर कौशल के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में दी। जिला समहरणालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री मित्तल ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने जाने के चलते अब उन्हें सरकारी विकास योजनाओं को जारी खा जायेगा जिनका निर्माण कार्य पहले से चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिलान्यास भले ही चुनाव की घोषणा से कुछ मिनट पहले की गई हो किन्तु निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ है तो इस पर अब चुनाव पश्चात ही काम शुरु कराया जा सकेगा। नये निर्माण कार्य को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा।

जिले में 85 वर्ष प्लस उम्र के 6742 मतदाता

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 85+ मतदाताओं की संख्या 6742 है, विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग वोटर की संख्या 15945, आयुवार 18-19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 83750, 20-29 आयु वर्ग में 395106, 30-39 आयु वर्ग में 502451 मतदाता और 39-49 आयु वर्ग में 378884, 50-59 आयु वर्ग में 266514 मतदाता, 60-69 आयु वर्ग में 158350 मतदाता तथा 70-79 आयु वर्ग में 69535, 80-89 आयु वर्ग में 16935 तथा 90-99 में 2025 मतदाता और 100-109 आयु वर्ग में 37, 110-119 आयु वर्ग में 01 एवं 120+ आयु वर्ग में 01 मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के पहल पर इस बार भी होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए सर्वे का कार्य बीएलओ के द्वारा कराया जा रहा है।

विधि व्यवस्था संधारण एवं चुनाव पर्यवेक्षण हेतु 18 एफएसटी, 21 एसएसटी, 06 वी.वी.टी , 14 वीएसटी , 06 ए.टी , 233 सेक्टर पदाधिकारी, 14 एमसीसी के

# निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त चुनाव प्राथमिकता : डीसी

- सभी कोषांग निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें
- डीसी ने की सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में सभी कोषांगो के वरीय एवं प्रभारी पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमें विधानसभा निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय तथा निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए कोषांगों के दायित्व निर्वह्न का निर्देश दिया गया।

डीसी ने क्रमवार कार्मिक कोषांग, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, वाहन कोषांग, निर्वाचन कोषांग, विधि व्यवस्था कोषांग, व्यय लेखा कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग, डाक मतपत्र एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग, स्वीप कोषांग आदि की कार्ययोजना एवं अबतक के कृत कार्रवाई की समीक्षा की गई। साथ ही मतदान केन्द्रों में उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं जैसे रैम्प, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय की उपलब्धता तथा पहुंच मार्ग की स्थिति, व्हील चेयर आदि को लेकर संबंधित कोषांग से जानकारी ली गयी। डीसी ने वाहन कोषांग के पदाधिकारी को निर्वाचन कार्य में इस्तेमाल होने वाले वाहनों का आकलन करते हुए वाहनों का अधिग्रहण की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया । उन्होने कहा सभी तरह के वाहनों का अधिग्रहण वाहन कोषाग द्वारा ही किया जायेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव का घोषणा करते ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगी। एमसीसी कोषांग को आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने, स्वीप कोषांग को कैम्पस एंबेसडर, आवासीय सोसायटी, रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन, स्कूल-कॉलेज के बच्चों के बीच चुनावी जागरूकता अभियान, विभिन्न वर्ग के मतदाताओं जैसे सिनियर सिटीजन, ट्रांसजेंडर, युवा, महिला आदि के साथ बैठक कर मतदान के लिए उनके दायित्वों से अवगत कराने, लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु वोटर अवेयरनेस ग्रुप को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने, कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में रश्एएढ के तहत विभित्र गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को जागरुक करने, विभित्र माध्यम से अब्सेंटी वोटर्स के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा सम्बन्धित प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# जब रतन टाटा ने फोन कर कहा- आरके मैं आपके दिये कलम का उपयोग कर रहा हूं...

- सिंहभूम चैम्बर में रतन टाटा को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो



श्रद्धांजलि देते चैंबर पदाधिकारी और टाटा स्टील के वीपी चैतन्य भानू।

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से मंगलवार को चैंबर भवन, बिष्टुपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व अध्यक्षों और टाटा स्टील के वीपी चैतन्य भानु के उपस्थिति में व्यवसायी, उद्यमियों ने सैकड़ों की संख्या टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन पद्म विभूषण रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में मानद महासचिव मानव केडिया ने संचालन करते हुये रतन टाटा के 3 मार्च, 2012 को जमशेदपुर आगमन के दौरान चैम्बर पहुंचकर सदस्यों को संबोधित करने की एक वीडियो सदस्यों के समक्ष प्रदर्शित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने श्रद्धेय रतन टाटा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि सर रतन टाटा के देवलोकगमन का गहरा आघात एवं दुख पूरे देश को, विश्व के औद्योगिक जगत को हुआ है। रतन टाटा ऐसे महान व्यक्तित्व थे जिन्हें युग-युगांतर तक याद रखा जायेगा। रतन टाटा एक उद्योगपति, व्यापारी ही नही थे बल्कि ऐसे इंसान थे जिन्हें शब्दों में बांधा नहीं जा सकता। हम सब अगर उनके जीवन से कुछ न कुछ ग्रहण कर लें तो हमारा जीवन धन्य हो जायेगा। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि रतन टाटा ऐसे इंसान थे जिन्हें अलग तरह की ईश्वरीय शक्ति प्राप्त थी। हमारा यह जमशेदपुर टाटा के इर्द-गिर्द ही घूमता है जिसे बढ़ाने में रतन टाटा जी का भी अहम योगदान है।

**खास बातें :** अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि यूं ही कोई इंसान बड़ा नहीं हो जाता, उनके बड़े होने में उनकी सोच, काम के प्रति ईमानदारी, मानवीयता उन्हें बड़ा बनाती है, ये सभी गुण रतन टाटा में समाहित थे। रतन टाटा के चैंबर आगमन को याद कर एक किस्सा उन्होंने उपस्थित व्यवसायी उद्यमियों को बताया कि वह दिन ऐतिहासिक था, जब टाटा समूह के तत्कालीन चेयरमैन रतन टाटा ने चैम्बर के सदस्यों के साथ 100 मिनट से अधिक समय गुजारे थे। उस समय चैंबर के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल एवं महासचिव (वर्तमान अध्यक्ष) वह स्वयं थे। शायद यह पहला मौका था, जब रतन टाटा ने टाटा के अलावे किसी दूसरे कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और इतना समय दिया था। जब मैं हिंदी में कार्यक्रम का संचालन कर रहा था तो रतन टाटा ने मेरे से पूछा कि क्या सारा कार्यक्रम हिन्दी में ही होगा, तो मैंने कहा कि सर आप अंग्रेजी में भी बोल सकते हैं। अंत में उन्होंने और चेयरमैन डेजिग्नेट ने चैम्बर के विजिटर्स बुक में अपने एक्सपीरिएंस शेयर किये। तत्कालीन चैंबर आरके अग्रवाल ने उन्हें अपने पेन दिये थे। चेयरमैरन डेजिग्नेट ने विजिटर्स बुक में साईन करने के बाद भूलवश पेन विजिटर्स बुक में रख दी। इस पर रतन टाटा ने चेयरमैन डेजिग्नेट को कहा- यह पेन आरके अग्रवाल का है। इससे समझा जा सकता है कि रतन टाटा की कितनी पैनी नजर होती थी।

# एमजीएम के जूनियर डॉक्टर्स दोपहर 3 बजे तक रहे अनशन पर, ओपीडी सेवा प्रभावित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पीजी महिला डॉक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान रेप व मर्डर के खिलाफ आंदोलनरत वहां के चिकित्सकों के साथ एकजुटता प्रकट करते हुए एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल,जमशेदपुर के 105 जूनियर डॉक्टर आज सुबह से अपराह्न तीन बजे तक अनशन पर रहे। यूनियन डॉक्टरों ने यह एकजुटता हड़ताल जूनियन डॉक्टर्स नेटवर्क एवं आइएमए के आह्वान पर किया था। डॉक्टरों की हड़ताल से ओपीडी की सेवा चरमरा गयी। इमर्जेंसी की सेवा को जूनियन डॉक्टरों ने गंभीर रुप से बीमार रोगियों की परेशानी को देखते हुए डिस्टर्ब नहीं किया। अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टरों का हॉसला बढ़ाने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन,जमशेदपुर के अध्यक्ष डा जीसी माझी व महासचिव डा सौरव चौधरी भी पहुंचे। एसोसिएशन ने कहा कि केंद्र सरकार को अविलंब आरजी कर मेडिकल कॉलेज के छात्रों की मांगों पर राज्य सरकार के साथ मिलकर विचार कर उसे लागू करना चाहिए।



अनशन पर बैठे जूनियर डॉक्टर और साथ देने पहुंचे आइएमए के डा माझी व डॉ चौधरी।

# जमशेदपुर पूर्व और पश्चिम सीट पर ब्रह्मर्षि समाज ने ठोका दावा

- झारखंड की 10 सीटों पर भूमिहार निर्णायक : ब्रह्मर्षि विकास मंच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर की बैठक आज आमबगान, साकची में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मर्षि विकास मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय के द्वारा किया गया। बैठक में आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में ब्रह्मर्षि समाज की अहम भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। ज्ञात हो कि जमशेदपुर पूर्वी एवं पश्चिमी विधानसभा के साथ साथ पूरे झारखंड के कई विधानसभा क्षेत्रों में भूमिहार वोटरों की संख्या अच्छी खासी है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में भूमिहार वोटरों के आधार पर जीत हार तक तय होती चली आई है। इसके अलावा झारखंड के 8 से 10 विधानसभा सीटों पर हम निर्णायक भूमिका में रहते हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ब्रह्मर्षि समाज आगामी विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों से मॉग करता है कि वे अपने दलों के टिकट किसी भूमिहार समुदाय के प्रत्याशी को प्रदान करें।

# डॉ कलाम ने विजन 2020 से देखा था विकसित भारत का सपना

- डॉ कलाम के प्रेरक कथनों और जीवन प्रसंगों से बच्चों को कराया गया अवगत
- बच्चों व बड़ों ने डॉ कलाम के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य करने का लिया संकल्प
- डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी के जन्मदिवस पर पटमदा +2 उच्च विद्यालय में कई कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटमदा।** भारत के 11वे राष्ट्रपति मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी के जन्मदिवस पर पटमदा स्थित राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय, पटमदा में समूचे दिन कई कार्यक्रम आयोजित कर डॉ कलाम के उपलब्धियों व उनके आदर्शों से बच्चों को जागरूक किया गया। सुबह प्रार्थना सत्र के दौरान डॉ कलाम के तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद बाल संसद के बच्चों ने बारी बारी से डॉ कलाम के प्रेरक कथनों को सुनाया। वही शिक्षकों ने प्रेरक कथनों के पीछे की समूची कहानी से बच्चों को अवगत करवाया।

इस दौरान डॉ कलाम के प्रेरक कथनों - अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो तो पहले सूरज की तरह जलो। इससे पहले कि सपने सच हों आपको सपने देखने होंगे। अगर हमें अपने सफलता के रास्ते पर निराशा हाथ लगती है इसका मतलब यह नहीं है कि हम कोशिश करना छोड़ दें, हर निराशा और असफलता के पीछे ही सफलता छिपी होती है। इत्यादि जैसे दर्जनों कथनों पर विस्तृत चर्चा हुई।

प्रधानाध्यापक डॉ मिथिलेश कुमार व निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार ने डॉ कलाम के रामेश्वरम में जन्म लेने, कठिनाइयों से जूझते हुए अपनी पढ़ाई पूरी करने, भारतीय सेना में नियुक्ति ना होने, फिर डीआरडीओ, इसरो से जुड़ अनुसंधान करने, मिसाइल बनाने, अंतरिक्ष में उपलब्धियों, भारत को परमाणु शक्ति बनाने, भारत के राष्ट्रपति बनने की कहानी, युवाओं को प्रेरित करने की कहानी विस्तार से सुनाई। इस दौरान डॉ कलाम से जुड़े कई प्रसंगो को बच्चों के साथ साझा किया गया। डॉ कलाम ने विजन 2020 के माध्यम से भारत को विकसित बनाने का सपना देखा था, जिसे हम सभी बच्चों व बड़ों को मिलकर साकार करना है।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इप्टा की अर्पिता के नेतृत्व में लिटिल इप्टा के बच्चों की प्रस्तुति रही, लिटिल इप्टा के नन्हें कलाकार नम्रता, वर्षा, सुरभि, श्रवण, सुजल, दिव्या ने भारत मां की आंख के तारे..., किताबें करती है बातें..., ढाई आखर प्रेम के पढ़ ले जरा... व अन्य गीत गाकर बच्चों व शिक्षकों का मन मोह लिया।

डॉ कलाम के जन्मदिवस पर विद्यालय परिसर में उनके प्रेरक प्रसंगो व कथनों के पोस्टर्स की गैलरी का शुभारंभ किया गया।

## एक नजर में

### जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र में बगावत करेंगे भाजपा नेता विकास सिंह, हर हाल में लड़ेंगे चुनाव



**जमशेदपुर।** इस बार एक और भाजपा नेता हर हाल में चुनाव लड़ने जा रहा है, नाम है विकास सिंह। 16 अक्तूबर को एक संवाददाता सम्मेलन में विकास सिंह विधिवत चुनाव लड़ने की घोषणा करेंगे। टिकट नहीं मिला तो पार्टी से बगवात करके निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे विकास सिंह और इसके लिए उनके साथ आंख मूंद कर साथ दे रहा है सामाजिक संगठन बाबा बैजनाथ सेवा संघ जिसके करीब 5000 सदस्य हैं। यह संस्था हर साल विकास सिंह के नेतृत्व में 1000 लोगों को बाबा धाम की यात्रा पर ले जाती है, आना-जाना, खाना-पीना, स्वास्थ्य सेवा सब कुछ फ्री रहता है। संस्था के सदस्यों ने विकास सिंह से कहा है कि पार्टी टिकट दे अथवा न दे आप चुनाव लड़िये, जीताने में हमलोग कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दूसरी ओर उलीडीह पुलिस ने आज सुबह ही विकास सिंह के आशियाना अंतारा स्थित फ्लैट पर जाकर उन्हें हिरासत में ले लिया, क्योंकि उन्होंने आज दिन के 11 बजे कदमा थाना प्रभारी के समक्ष आत्मदाह करने की घोषणा की थी। वह मंगलवार के दिन मंदिर जाने की तयारी कर रहे थे। विकास सिंह ने बताया, जैसे ही दरवाजा खोला दरवाजे के बाहर पहले से पुलिस घात लगा कर बैठी हुई थी मेरे घर के अंदर प्रवेश कर मुझे गिरफ्तार कर लिया। कारण पूछा तो कहा साहब से बात कर लीजिये। आखिरकार रात्रि 8.30 बजे विकास सिंह को थाने से बेल पर छोड़ा गया। इसके बाद ही उन्होंने चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी।

### झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिले को मिले छह गोल्ड समेत 12 पदक



**जमशेदपुर।** 14-15 अक्टूबर को राजरप्पा रामगढ़ में 18 वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन हो गया। पूर्वी सिंहभूम टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पदक हासिल किया जिसमें 6 स्वर्ण, 4 रजत तथा 2 कांस्य पदक अर्जित किया। टीम में भाग लेने वाले सदस्य थे- गीता सिंह (टीम मैनेजर), पंकज यादव, नीरज कुमार पटेल, हेमंत कुमार सोरेन, गिनी सहगल, स्नेहा रानी महतो, अनुकरण गोस्वामी, मंगल कुमार यादव, ममता मैरी मुर्मू, संध्या रानी बास्के, ऋतुराज दत्ता, आस्था टोपनो, अंकित किशोर, प्रह्लाद दुबे, सूरज कुमार, सुखप्रीत सिंह, प्रेम मार्डी, कमल नायक, शुभंकर कुमार, आयुष राज, सौरव तिवारी, अस्मित कुमार देहुरी, निखिल सिंह, सृष्टि भट्ट, सानिया गोराई, यशश्वी रवि, प्रियांशु आदित्य सरदार, नीतू सिंह, श्रेया कुमारी, संदीप बेसरा, अर्पित कुमार श्रीवास्तव, शबाज मल्लिक, अनुपमा जाना, अजित कुमार तथा प्रणव कुमार महतो आदि।

### सुमित प्रकाश ने जमशेदपुर बीडीओ का पदभार लिया



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड के बीडीओ के पद पर सुमित प्रकाश को पदभार ग्रहण करने पर पंसस सुनील गुप्ता एवं समाजसेवी भोला झा ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। प्रखंड विकास कार्यालय में वीडियो के पद पर पदभार ग्रहण के पश्चात पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने जमशेदपुर प्रखंड में विकास से संबंधित कई मुद्दों पर वार्ता किए। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने अधूरे बड़े विकास के कार्यों को पुरा करने सहित विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मैया योजना पेंशन को अभिलंब पूर्ण कर हर लाभुको तक इसका लाभ पहुंचने का भी आग्रह किए। मैया योजना में कई सारी त्रुटियो को दूर करने की बात भी कहे हैं। सारी बातों से अवगत होकर नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित प्रकाश सिंह ने अधूरे पड़े विकास के कार्यों को जल्द पूरा करने एवं लंबित विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मैया योजना में हो रही त्रुटि को दूर करने का आश्वासन दिए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय लोगों के तालमेल से क्षेत्र का विकास करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

### हम उत्साहित हैं, झारखंड में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : डॉ अजय कुमार



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डा. अजय कुमार ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। उसका हम स्वागत करते है। चुनाव को लेकर हम तैयार हमारी कोशिश बेहतर करने की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की बहुमत की सरकार बनेगी। हेमंत सोरेन ने बेहतर कार्य किया है। जनता मन बना चुकी है, वह इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत ने मईया सम्मान योजना की राशि की वृद्धि कर दी है अब प्रत्येक महिला को 2500 रुपया प्रति माह मिलेगा। जिसका लाभ हमें चुनाव में जरूर मिलेगा। इसके अलावा सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य सहित अन्य सभी वर्गों के लिए भी बेहतर कार्य किए है। सर्वजन पेंशन एक बहुत बढ़िया योजना है जिसके तहत सभी वर्गों के लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। वहीं हेमंत सरकार ने प्रदेश में वकीलों के कल्याण के लिए काम किया है। जमशेदपुर में पहले चरण में चुनाव होगा इसके लिए हमारी तैयारी पूरी है।

# एसडीओ ने मरीज बनकर किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में लंबे अरसे बाद कोई अधिकारी अजीबोगरीब अंदाज में नजर आए। एसडीओ संजय कुमार ने आम मरीज बनकर सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी लिया। सोमवार की देर रात्रि एसडीओ श्री कुमार ने सबसे पहले इमरजेंसी ओपीडी में पर्ची कटवाते हुए डॉ राजेश कुमार से कहा कि मेरी पत्नी को पेट में दर्द है, दवा लिख दीजिए। उसके बाद चिकित्सक के द्वारा कोई जवाब नहीं मिला। दोबारा कहने पर चिकित्सक ने एक सादा पर्ची उठाकर उसमें दो दवा लिखते हुए पर्ची को हाथ में देने के बजाय फेंक दिया। उसके बाद एसडीओ जमीन से पर्ची उठाते हुए सीधे दवा दुकान पहुंचे। जहां से दवा लेकर बाहर निकले। जिसके बाद एसडीओ रांची जाने के लिए प्राइवेट एंबुलेंस की मांग करने लगे। उस दौरान एम्बुलेंस में चालक वह अन्य लोग शराब के नशे में जुआ खेल रहे थे। जब एसडीओ ने रांची जाने के लिए प्राइवेट एंबुलेंस चालक से किराया का बात किया तो एंबुलेंस चालकों ने कहा कि रांची जाने के लिए 6500 रुपए देना होगा। एसडीओ द्वारा काफी रिक्वेस्ट करने बाद भी चालकों ने कहा कि 6500 रुपए से एक रुपए भी काम नहीं होगा। उसके बाद एसडीओ ने दूसरे वाहन से जाने की बात कही, तब एंबुलेंस चालक ने कहा कि यहां नंबर सिस्टम चलता है नंबर हमारा है हमारे अलावा यहां कोई भी एंबुलेंस की जाने की हिम्मत नहीं है। एसडीओ ने कहा कि जहां किराया हमें कम लगेगा हम एंबुलेंस से जाएंगे। उसके बाद एसडीओ ब्लड बैंक पहुंचे। इस दौरान एसडीओ ने ब्लड बैंक का दरवाजा बंद पाया। उन्होंने ब्लड बैंक का दरवाजा खटखटाते हुए आवाज लगाया। कुछ देर बाद कोई नहीं आया तो ब्लड बैंक के दरवाजे पर एक नंबर लिखकर लगाया हुआ था। उसी नंबर पर फोन किए जाने पर एसडीओ ने इमरजेंसी बताते हुए बी पॉजिटिव ब्लड का मांग किया। लेकिन ब्लड बैंक के कर्मियों के ने कहा कि बी पॉजिटिव ब्लड नहीं है। यह कहते हुए फोन को रख दिया।


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते एसडीओ।

**खास बातें :** एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर अस्पताल में वे निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ब्लड बैंक में ताला बंद, बी पॉजिटिव ब्लड नहीं की बात, चिकित्सक के द्वारा मरीज के साथ अच्छे से व्यवहार नहीं करने, निजी एंबुलेंस के मनमानी किराया वसूली, ममता वाहन लोगों को समय पर नहीं मिलना, रात्रि में गानिंग वार्ड में चिकित्सक नहीं रहने आदि व्यवस्था पर चिंता जाहिर की।

### अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा

संजय कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल की स्थिति फिलहाल ठीक नहीं है। उसे सुधारने के लिए डीसी को जांच रिपोर्ट सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### बिहार की डबल इंजन सरकार वेंटीलेटर पर : माले

**दरभंगा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) ने बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को सभी मोर्चे पर विफल करार दिया और कहा कि राज्य में ह्य डबल इंजन की सरकार वेंटीलेटर पर चल रही है। पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा ने मंगलवार को यहां कहा कि बिहार की डबल इंजन की सरकार वेंटीलेटर पर चल रही है। जन मुद्दे से सरकार को कोई वास्ता नहीं है। दलित हत्याओं का रिकॉड्‌र्स बन रहे हैं। दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों पर हमले बदस्तूर जारी हैं। लूट एवं कमीशनखोरी का साम्राज्य कायम है जिसके चलते कोसी, बागमती व अन्य नदियों के तटबंध दर्जनों जगहों पर टूटे हैं। सबसे गरीब राज्य में सबसे मंहगी बिजली और ऊपर से स्मार्ट मीटर का हमला जारी है।

### मझिआंव में नये बीडीओ ने किया प्रभार ग्रहण


प्रभार लेती श्रीमती कनक।

**मझिआंव।** प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में योगदान दिया। इसके पहले बीडीओ सतीश भगत से उन्होंने प्रभार लिया। जिसमें पूर्व बीडीओ सतीश भगत, सीओ प्रमोद कुमार सहित सभी प्रखंड एवं अंचल कमीर्यों ने नए प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमति कनक जो प्रखंड के 49वें बीडीओ के रूप में योगदान दीं हैं, उन्हें बुके, कलम-डायरी एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व बीडीओ ने कहा कि यहां हमें मात्र दस माह के कार्य अवधि में प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा काफी स्नेह-प्यार मिला जिससे पता ही नहीं चला कि कब समय बीत गया। अब नये बीडीओ के रूप में मैडम आई हैं इनके साथ आप सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी सहयोग करते हुए विकास कार्य को गति देंगे, ताकी ग्रामीणों का चहुंमुखी विकास हो सकें। योगदान देने के बाद नए बीडीओ ने सबसे पहले सभी कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बताई कि यहां पर सबसे पहले वे विकास कार्य की प्राथमिकता देंगी। मौके पर सीओ प्रमोद कुमार, प्रखंड प्रधान लिपिक लव कुमार, सुषमा तिर्की, नाजिर जितेंद्र सिंह, बीपीओ अजीत सिंह जनसेवक मुकेश कुमार पांडेय, परमा नंद प्रसाद, मनरेगा लिपिक अखिलेश कुमार, सीआई धनलाल उरांव, कर्मचारी शैलेश कुमार महतो, संजीव कुमार पांडेय, दिवाकर सिंह, प्रेम शंकर पाठक, संतोष कुमार दुबे, राजाराम मेहता आदि उपस्थित थे।

### पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का 93 वां जयन्ती समारोह आयोजित



**सहरसा।** शहर के सुपर मार्केट स्थित प्रमंडलीय पुस्तकालय में मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का 93 वां जयन्ती समारोह भूमि सुधार उप समहर्ता ललित कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें प्रबंधक प्रशासन प्रमंडलीय पुस्तकालय मुक्तेश्वर प्रसाद सिंह, किलकारी के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी मधु कुमारी पुस्तकाध्यक्ष कुमारी विनीता एवं वाचनालय के सभी छात्र-छात्रा ने भाग लिया। सर्वप्रथम डॉ एपीजे कलाम की तस्वीर पर पुष्प और माला प्रदान कर नमन किया गया। नमन करने वालों में अतिथियों के साथ पुस्तकालय में चल रहे निशुल्क बीपीएससी मार्गदर्शन क्लासेस की छात्राएं समाधि वर्मा,दिव्या ज्योति, राखी कुमारी, मनीषा कुमारी, शिवेंद्र कुमार, नंदन तथा पुस्तकालय कर्मी विकास कुमार, भोगी पंडित सहित लगभग सभी उपस्थित छात्रों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। फिर केक काट कर यादगार बनाया गया। डीसीएलआर ललित कुमार सिंह ने कहा कि मुझे कलाम साहब के साथ तीन माह उनके हाउस गार्ड में इंस्पेक्टर के रूप में बिताने का मौका मिला ।उनका जीवन एक ग्रंथ है। डॉ कलाम का कहना था,सपने वो नहीं जो रात में देखें सपना वह जो रात में सोने नहीं दे ।डा कलाम ने भारत को वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए रक्षा और अन्तरिक्ष के क्षेत्र में समृद्ध बनाया है ।प्रबंधक मुक्तेश्वर ने कहा, डॉ कलाम की जिंदगी को कई चरणों में देखें तो पाएंगे कि प्रारंभ में वे गांव में पढ़े। फिर गरीबी के कारण पढ़ने के लिए अखबार बेचा ।लेकिन गरीबी ने उनका रास्ता नहीं रोका, बल्कि हवा में उड़ने की ललक ने एरोनोटिक्स इंजिनियर बना दिया ।अपनी वैज्ञानिक क्षमता के बूते डीआरडीओ और ईसरो में रहते हुए पोखरण परमाणु परीक्षण २ और अग्नि पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और नाग नामक बैलेस्टिक मिसाइल बनाया जो हमारे राम और कृष्ण के आग्नेयास्त्र और लक्ष्यभेदी वाण की तरह है।

### दलितों पर बढ़ते अत्याचार व राज्य की बदहाली के खिलाफ न्याय यात्रा : दीपंकर भट्टाचार्य

**नवादा।** भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि बिहार में दलितों पर हो रहे अत्याचार सहित बिहार की बदहाली के खिलाफ बिहार बदलो न्याय यात्रा की शुरूआत 16 अक्टूबर से नवादा से पटना तक की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजिन की सरकार होने के बावजूद दलितों पर बढते अत्याचार व बिहार की बदहाली के खिलाफ न्याय यात्रा नवादा से पटना तक पदयात्रा करेगें। उन्होंने कहा कि सर्वे के नाम पर बिहार सरकार दलितों को उसके बासगीत भूमि से बेदखल करना चाहती है। सरकार पहले बसे हुए गरीबों को उसे जमीन की पर्चा मुहैया करा दे। उसके बाद सर्वे कराए। तभी गरीब बिहार में बस सकता है। उन्होंने कहा कि माफियाओं तथा अपराधियों द्वारा गरीबों को उसके कब्जे की भूमि से बेदखल करना चाहते हैं। जिसमें सरकार सर्वे के माध्यम से सहयोग कर रही है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार के लिए आर्थिक पैकेज मिलनी चाहिए। लेकिन केंद्र सरकार बिहार के साथ भी सौतेला व्यवहार कर रही है। बिहार प्रशासन तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण बनी हुई सड़के महीना के अंदर टूट रही है तथा करोड़ों की लागत से बने पुल ध्वस्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता से बिहार की बदहाली के लिए उठ खड़ा होने का भी आह्वान किया जाएगा। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि पूरे बिहार से पदयात्रा का आयोजन किया गया है। सभी वरिष्ठ साथी 26 अक्टूबर को पटना पहुंचेंगे। जहां एक भव्य समागम का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दलितों पर अत्याचार तथा बिहार के विकास के लिए नई रणनीति बनाकर आंदोलन की भी रूपरेखा तय की जाएगी। दलितों पर बढते अत्याचार, स्मार्ट मीटर पर रोक, गरीबों कब्जेवाली जमीन के सर्वे कर पर्चा देकर जमीन सर्वे करे सरकार, अन्यथा यह सर्वे गरीब विरोधी है। इसे अविलंब रोक देना चाहिए। 200 युनिट बिजली फ्री देने जैसे मांगों को लेकर भाकपा माले द्वारा बदलो बिहार न्याय यात्रा पटना तक जाएगी।

### सीएम का कटिहार दौरा बुधवार को, भूमिहीनों को वासगीत पर्चा एवं परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**कटिहार।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 16 अक्टूबर को कटिहार जिले का दौरा करने वाले हैं। इस दौरे में वे बरारी प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत का निरीक्षण करेंगे और रिमोट के माध्यम से एक साथ कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री गंगा एवं कोशी के कटाव से विस्थापित परिवारों एवं भूमिहीन गरीब परिवारों को आवासीय भूमि का बंदोबस्ती पर्चा एवं विभिन्न योजनाओं के चयनित लाभुकों से बातचीत करेंगे और उन्हें योजनाओं का लाभ प्रदान करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नवनिर्मित जिला अतिथि गृह और राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन भी रिमोट कंट्रोल से उद्घाटन करेंगे। नीतीश कुमार बरारी प्रखंड के बीएम कॉलेज में लगभग 7,500 भूमिहीन लोगों को वासगीत पर्चा वितरित करेंगे। पूर्णिया प्रमंडलीय आयुक्त संजय दुबे और आईजी राकेश राठी द्वारा निरीक्षण किया गया है और जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। सभी स्तर पर तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं ताकि मुख्यमंत्री का दौरा सफल हो।

## स्पीड न्यूज

### बिहार में उपचुनाव की घोषणा होते ही राजनीतिक सरगर्मी तेज

**पटना।** बिहार की चार विधानसभा सीट तरारी, रामगढ़, बेलगंज और इमामगंज के लिए 13 नवंबर को उपचुनाव कराए जाने की घोषणा के साथ ही प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि बिहार के रामगढ़, बेलागंज, तरारी और इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में 13 नवम्बर को मतदान होगा। उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने की तिथि 18 अक्टूबर है। वहीं, नामांकन करने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर है। मतपत्रों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को होगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। चारों सीटों पर एक साथ 13 नम्वबर को मतदान होगा। वहीं, मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

### दरभंगा : पाइप लगाने के दौरान स्लैब टूटने से तीन लोगों की मौत

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में टैंक में पाइप लगाने के दौरान स्लैब टूटने से तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि विश्वविद्यायल थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन के तहत एक घर के टैंक में पाइप लगाने का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान स्लैब टूट गया। हादसे में तीन लोग नीचे गिर गए जिन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से तत्काल दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया।

### प्रतिमा विसर्जन के दौरान पानी में डूबकर दो लोगों की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के बनियापुर एवं मढ़ौरा थाना क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान पानी में डूबकर दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि बनियापुर थाना क्षेत्र के पैगम्बरपुर गांव निवासी मन्हक चौधरी (22) दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए अपने गांव स्थित तालाब में गया था। जहां गहरे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई।

### सारण में कार से कुचल कर बच्चे की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र में मंगलवार को अनियंत्रित कार से कुचल कर एक बच्चे की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि थाना क्षेत्र के मारड़ टोला दिघरो गांव निवासी रिंकू राय का पुत्र गणेश कुमार (04) अपने घर के समीप खेल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे अनियंत्रित कार ने उसे रौंद दिया। हादसे में बच्चे की मौत हो गई।

### समस्तीपुर मंडल ने 109 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति कर बनाया रिकार्ड

**समस्तीपुर।** बिहार मे पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल ने मक्का लदान मे एक नया कीर्तिमान बनाते हुए चालू वित्तीय वर्ष मे पिछले छह महीनों मे मक्का लदान से 119 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति की है। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने मंगलवार को यहां बताया कि मंडल के हसनपुर समेत नौ रेल पाइंटो से कुल 208 रैकों में करीब साढ़े 52 लाख टन मक्का का लदान किया गया है। उन्होंने बताया कि लदान मक्के को व्यापारियों द्वारा बुक कराये गए देश के विभिन्न स्थानों के लिए भेजा गया।

# चुनाव के अधिसूचना जारी होते ही गढ़वा जिला प्रशासन हुआ सक्रिय

- प्रशासनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव की सारी तैयारियों पूरी कर लेने की घोषणा
- 25 अक्टूबर नामांकन की अंतिम तिथि घोषित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग के प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद गढ़वा जिला प्रषासन ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुनाव की सारी तैयारियां पूरी कर लेने की घोषणा की। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर ने कहा कि 18 अक्टूबर से चुनाव आचार संहिता लागू करने की बात कही। उसी दिन से प्रत्याषियों का नामांकन भी शुरू हो जाएगा। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीसी ने कहा कि प्रत्याषी 25 अक्टूबर तक अपना नामांकन दर्ज करा सकेंगे। 28 अक्टूबर को स्क्रुटनी किया जाएगा। 30 अक्टूबर तक प्रत्याषी अपना नाम वापस ले सकेंगे। 13 नवंबर 2024 को मतदान कराया जाएगा। जबकि 23 नवंबर 2024 को मतगणना की जाएगी। गढ़वा जिले में दो पूर्ण विधानसभा क्षेत्र हैं। जिसमें गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 455 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें 210 मतदान केंद्र संवेदनषील हैं। इन मतदान केंद्रों पर 4 लाख 15 हजार 107 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरूषों की संख्या 2 लाख 13 हजार 618 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख एक हजार 489 है। वहीं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 502 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें 237 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं। इन मतदान केंद्रों पर कुल मतदाता 4 लाख 37 हजार 798 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 2 लाख 26 हजार 547 पुरूष मतदाता एवं 2 लाख 9 हजार 251 महिला मतदाता शामिल हैं। इसी तरह डाल्टनगंज विधानसभा का गढ़वा जिला अंतर्गत भंडरिया एवं बड़गड़ प्रखंड में कुल 55 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें 51 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं। इसी तरह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा जिला अंतर्गत मझिआंव, कांडी, बरडीहा प्रखंडों में कुल 158 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें 87 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं।

### पदाधिकारियों के बीच विभागों का बंटवारा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने चुनाव को निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए कई कोषांगों एवं उसके पदाधिकारियों की भी घोषणा की। जिसमें पर्सनल एवं कम्प्युटराईज सेल के लिए डीडीसी को नोडल पदाधिकारी बनाया है। वहीं ईवीएम मैनेजमेंट सेल के लिए रंका एसडीओ को जिम्मेवारी दी है। इसी तरह इलेक्ट्रोरल रोल सेल के लिए गढ़वा बीडीओ, ट्रेनिंग सेल के लिए एसी राज महेश्वरम, एमसीसी, लॉ एंड ऑर्डर सेल के लिए डीडीसी गढ़वा, कंपलेन मॉनिटरिंग सेल के लिए डीएसओ गढ़वा, स्वीप कोषांग के लिए डीसी एलआर रंका, आईटी सेल के लिए डीआईओ एनआईसी गढ़वा, पोस्टल बैलेट सेल के लिए एसी गढ़वा, मीडिया एवं पब्लिसिटी सेल के लिए डीपीआरओ गढ़वा, मैटेरियल डिस्ट्रीब्यूसन सेल के लिए डीसी एलआर गढ़वा को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह कुल 22 कोषांग बनाये गये हैं। जिसके नोडल पदाधिकारी एवं अस्सिटिंग ऑफिसर तय किये गये हैं।

### सुरक्षा की रहेगी कड़ी व्यवस्था : एसपी

प्रेस कॉन्फ्रेस में उपस्थित एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया है। चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार एवं छत्तीसगढ़ राज्य की सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। इसके लिए सीमावर्ती राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों से वार्ता भी की गई है। संवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। वहीं मतदान कर्मियों को पूरी सुरक्षा के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचाया जाएगा एवं मतदान के बाद वापस लाया जाएगा। चुनाव के मध्येजनर पारा मैलिट्री फोर्स को भी प्रतिनियुक्त किया जाएगा।

## सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में मंचासीन पदाधिकारी।

**कांडी।** प्रखण्ड के सोहगाडा गांव के दुर्गा पूजा पंडाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नाट्य कला के सदस्यों ने दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूजा समिति के सदस्यों में सभी प्रकार के समाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए, लालजी राम, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, बिरेंद्र राम, सुधीर कुमार रजक, सुरेश राम, अजय राम एवं गौतम गोविंदा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूजा समिति के संयोजक, ललित बैठा, विश्वनाथ राम, अध्यक्ष नंदकिशोर राम, उपाध्यक्ष अजीत गुप्ता, महामंत्री विनोद मिस्त्री, सचिव दया राम, उप कोषअध्यक्ष दिलीप कुमार रजक, नाट्य कला के निदेशक मदन मोहन राम, रघुनी साव, आदि उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण समापन पर डीएसपी ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता


सतेन्द्र नारायण सिंह।

**भवनाथपुर।** श्री बंशीधर नगर डीएसपी सतेन्द्र नारायण सिंह ने भवनाथपुर में इस वर्ष दुर्गा पूजा के सफल और शांतिपूर्ण समापन पर थाना प्रभारी सहित पुलिस बल, बुद्धिजीवियों और गणमान्य व्यक्तियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने में सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे नगर में शांति और सद्भाव बना रहा। डीएसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास तैयारी की गई थी। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा यह देखना संतोषजनक है कि समुदाय ने मिलकर एक सुरक्षित वातावरण तैयार किया, जहां सभी लोग अपनी आस्था के साथ पूजा कर सके। मौके पर डीएसपी ने स्थानीय लोगों की सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवी वर्ग और सामाजिक संगठनों ने आपसी सहयोग से इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। डीएसपी ने आगे कहा भवनाथपुर का यह पर्व केवल धार्मिकता का प्रतीक नहीं बल्कि आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक विविधता का भी प्रतीक है। मौके पर थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई दिनेश सिंह, नारायण प्रसाद, प्रदीप उरांव, निरंजन शर्मा, नारायण शर्मा आदि उपस्थित थे।

## घुरना पुलिस ने एसएसबी के साथ मिलकर 115 बोतल शराब के साथ तीन बाइक जब्त

एजेंसी



**अररिया।** अररिया एसपी अमित रंजन की ओर से जिले भर में मद्य निषेध को लेकर सभी थाना और ओपी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित घुरना थाना क्षेत्र के भवानीपुर में पुलिस और एसएसबी के जवानों ने तीन मोटरसाइकिल के साथ 115 बोतल शराब बरामद किया। घुरना थानाध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में पुलिस और एसएसबी जवानों ने पथराहा से खदेड़ते हुए भवानीपुर में तीनों बाइक के साथ तस्करी कर लाए गए शराब को बरामद किया गया। हालांकि इस दौरान पीछा होता देख तस्कर अपनी अपनी बाइक को फेंककर भागने में कामयाब रहे।105 बोतल नेपाली शराब और 10 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तीन मोटरसाइकिल को बरामद किया गया।

## नौशाद सेवा सदन का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता


उद्घाटन करते डॉ यासिन अंसारी।

**मझिआंव।** गढ़वा-मझिआंव मुख्य रोड स्थित पुराने अस्पताल के समीप नौशाद सेवा सदन का उद्घाटन डॉ यासिन अंसारी ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि मझिआंव जैसे सुदूर प्रांत में नौशाद सेवा सदन का खुलना मझिआंव के लिए गर्व की बात है। इस सेवा सदन में अनुभवी चिकित्सक जनरल फिजिशियन डॉ इसरार अंसारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ जेबा के द्वारा बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी। इस सेवा सदन में खुल जाने से मझिआंव, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड के लोगों को अन्यत्र जगह जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बेहतर से बेहतर चिकित्सीय सेवा इस सदन में उपलब्ध है। वही नौशाद सेवा सदन के प्रोपराइटर हाजी मजहर अली अंसारी ने कहा कि इस सेवा सदन में अनुभवी चिकित्सकों एवं अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा सभी प्रकार की ऑपरेशन की बेहतरीन सुविधा है। मौके पर हाजी अशफाक, हाजी अमीरुद्दीन अंसारी, डॉ मुतुर्जा, डॉ नेयाज अहमद, शलीम अंसारी, शिक्षक बैजनाथ विश्वकर्मा, परवेज अंसारी, नौशाद अंसारी, शिक्षक शमीमुद्दीन अंसारी के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आज से शुरू होगी 24वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी।

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के मेजबानी में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में 11 बजे डीसी शेखर जमुआर करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए 12 कमेटी बनाई गई है। कमेटी के सभी लोग अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार को राज्य के विभिन्न जिलों से 125 खिलाड़ी आ रहे है। गढ़वा के 35 खिलाड़ी भाग लेगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को रहने के लिए टाउन हॉल, बंधन मैरिज हॉल और महिला आश्रय गृह में व्यवस्था की गई है। गढ़वा को एक बड़ी जिम्मेवारी मिली है उस जिम्मेवारी को सभी लोगों को मिलकर बेहतर तरीके से पूर्ण करना है। प्रतियोगिता को निष्पक्ष और सफल बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के 12 रेफरी पहुंच रहे हैं। खिलाड़ियों के खेलने और भोजन की व्यवस्था बंधन मैरिज हॉल में किया गया है। खिलाड़ियों को खेल मैदान तक आने के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है ताकि खिलाड़ियों को ट्रैफिक की समस्या से परेशानी ना हो। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष संजय सोनी, मोजीबुद्दीन खान, विजय सोनी, धनंजय कुमार सिंह, नंदकुमार गुप्ता, आमोद कुमार पाण्डेय, चंद्रभूषण सिन्हा, सुशील केशरी, संजय सोनी, प्रिंस सोनी, कमलेश दुबे, अभय कुमार, रामाशंकर सिंह, रोशन धर दुबे, अजय कुमार ठाकुर, मनोज पाठक, संजय कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, नवनीत शुक्ला, प्रवीण मिश्रा, अभय कुमार, ऋषभ राज आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा की चौतरफा घेराबंदी के बावजूद प्रचार में आगे निकले हेमंत सोरेन

विधानसभा चुनाव

**सत्येन्द्र**

▶▶ **हर वोटर तक पहुंचने के लिए टेक्नोलॉजी का सहारा ले रहे हैं हेमंत**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर जनता के बीच जाने से पहले सभी राजनीतिक दल अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा दी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए आधी आबादी को लुभाने में जुट गयी है। पक्ष और विपक्ष की ओर से बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांगों के सामाजिक सुरक्षा की दुहाई दी जा रही है। झारखंड सरकार की तरफ से खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह बीड़ा उठा लिया है। चुनाव प्रचार की रफ्तार में फिलहाल हेमंत सोरेन सबसे आगे दिख रहे हैं। हर वोटर तक पहुंचने के लिए टेक्नोलॉजी का सहारा ले रहे हैं। वॉइस मैसेज के जरिए जनता से संपर्क साध रहे हैं। यह सिलसिला नवरात्रि के दौरान ही शुरू हो गया था।

ग्लोबल हंगर इंडेक्स पर भी उठा रहे सवालः इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन केंद्र सरकार के कामकाज को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा है कि 125 देशों की सूची में भारत 105 वें स्थान पर है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार के 11 साल के कामकाज को जुमलेबाजी और सफेद झूठ बताकर निशाना साधा है। सलाह दी है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स वाले मामले में केंद्र सरकार को साफगोई के साथ काम करना चाहिए था।

दूसरी, तरफ भाजपा के तमाम बड़े नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चौतरफा घेर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी यह बता रहे हैं कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार भ्रष्टाचारी है। युवाओं के साथ छल किया है। चुनाव के समय सम्मान राशि का झांसा देकर देकर महिलाओं को गुमराह कर रहे हैं। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी इस बात पर फोकस कर रहे हैं कि 2019 के चुनाव के समय हेमंत सोरेन द्वारा किए गए सारे वादे झूठे साबित हुए हैं। जबकि झारखंड बीजेपी के विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा शासित राज्यों में चल रही लाडली बहन योजना, महतारी वंदन योजना की याद दिला रहे हैं।

इसके बावजूद झारखंड मुक्ति मोर्चा को सबसे ज्यादा कोई खटक रहा है तो वह हैं असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा। क्योंकि सीएम हिमंता बांग्लादेशी घुसपैठ का हवाला देकर आदिवासियों की घट रही

जनसंख्या के मसले को जोर शोर से उठा रहे हैं। सबसे खास बात है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कभी सबसे विश्वस्त सिपाही रहे चंपाई सोरेन परंपरागत तरीके से आदिवासी समाज को भाजपा की तरफ गोलबंद कर रहे हैं।




## बीजेपी ने भी खोला है वादों का पिटारा

दूसरी, तरफ राज्य सरकार की घोषणाओं को देखते हुए भाजपा ने भी वादों का पिटारा खोल रखा है। भाजपा ने आधी आबादी को साधने के लिए दो बड़े वादे किए हैं। सरकार बनने पर महिलाओं को हर माह की 11 तारीख को 2100 रुपये और 500 रु में गैस सिलेंडर के साथ-साथ साल में पर्व के नाम पर दो सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया है। भाजपा ने युवाओं को फोकस करते हुए सरकारी पदों को भरने के अलावा स्नातक और स्नातकोत्तर को परीक्षा की तैयारी के लिए साथी भत्ता देने का वादा किया है। इस स्थिति में आम लोगों के बीच राजनीतिक दलों की ओर से मिल रहे ऑफर की खूब चर्चा है। आमलोगों का कहना है कि जिस तरह से विधानसभा चुनाव को देखते हुए सत्ता पक्ष और विपक्ष लोक-लुभावन योजनाओं की घोषणा कर रहे है। आमलोगों का कहना है कि इतना पैसा आएगा कहां से इसकी जानकारी कोई भी राजनीतिक दल बता नहीं रहा है। इसको देखते हुए आमलोग वादों और लाभ को विश्वास की कसौटी पर परखने में जुट गये है।

## वॉइस मैसेज से मुख्यमंत्री कर रहे हैं प्रचार

आठ अक्टूबर को बल्क वॉइस मैसेज के जरिए सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड वासियों को मंईयां सम्मान योजना की याद दिलाई थी। यह सिलसिला विजयादशमी के दिन तक चला। अब 13 अक्टूबर से उन्होंने सर्वजन पेंशन योजना पर फोकस किया है। मुख्यमंत्री अपने संदेश की शुरूआत जोहार शब्द से करते हुए खुद को बेटा और भाई का हवाला देकर यह बता रहे हैं कि उनकी सरकार जरूरतमंदों को लेकर कितनी संवेदनशील है। कैसे सर्वजन पेंशन योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है।



**चुनाव को लेकर हो रही है ऑफर की बारिश :** इस बार झारखंड की जनता के लिए बल्ले बल्ले वाली स्थिति है। ऑफर की बारिश हो रही है। मंईयां सम्मान योजना के नाम पर हेमंत सरकार 18 से 50 साल तक की महिलाओं को डीबीटी के जरिए एक-एक हजार रु दे रही है। 50 साल से ज्यादा उम्र वालों को बुजुर्ग की कैटेगरी में रखकर सर्जन पेंशन योजना के तहत एक-एक हजार रु दिए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा लगातार की जा रही घोषणा को देखते हुए बीजेपी ने गोगो दीदी योजना की शुरूआत करते हुए आधी आबादी को प्रत्येक माह 2100 रुपया देने की घोषणा कर दी। इस घोषणा के बाद सरकार में शामिल दलों के बीच बेचैनी बढ़ गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीजेपी की घोषणा को देखते हुए 14 नवंबर को हुई कैबिनेट की बैठक में मंईया सम्मान योजना की राशि को बढ़ाकर 2500 रुपया करते हुए दिसंबर से देने का वादा कर दिया। राज्य सरकार की इस घोषणा के बाद राज्य की प्रमुख विपक्षी दल बीजेपी हमलावर हो गयी है।

# ‘मुफ्त की रेवड़ी’ पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व आयोग से मांगा जवाब

**एजेंसी**

## चुनावों में फ्री सौगात वाली याचिका पर सुनवाई करेगा शीर्ष अदालत

**नयी दिल्ली।** चुनावी दौर में राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सौगातों का वादा करने के बढ़ते चलन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने एक नई याचिका पर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। यह याचिका बेंगलुरु निवासी शशांक जे. श्रीधारा द्वारा दायर की गई है, जिसमें चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त सेवाओं और वस्तुओं का वादा करने पर रोक लगाने की मांग की गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है। पीठ ने दोनों पक्षों से इस पर प्रतिक्रिया मांगी है,



जिससे चुनावी प्रक्रिया में मुफ्त सौगातों का दुरुपयोग और उनके प्रभावों पर विचार किया जा सके। शशांक जे. श्रीधारा की याचिका में दावा किया गया है कि चुनावों में इस तरह के मुफ्त वादे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं और उन्हें नियंत्रित करने की आवश्यकता है। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा है कि इस तरह के वादों से मतदाता भ्रमित होते हैं और उनका वास्तविक राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार प्रभावित होता है। वकील श्रीनिवास द्वारा दायर याचिका में निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दलों को चुनाव से पहले मुफ्त सौगातें देने के वादे करने से रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के बेलगाम वादे सरकारी राजकोष पर बड़ा और बेहिसाबी वित्तीय बोझ डालते हैं। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए कोई तंत्र नहीं है कि चुनाव पूर्व किए वादे पूरे किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को इसी मुद्दे पर अन्य याचिकाओं से संबद्ध कर दिया।

### 2013 के जजमेंट को दोबारा देखने की गुहार

याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में सुब्रह्मण्यम बालाजी बनाम तामिलनाडु राज्य मामले में जो फैसला दिया था उस पर दोबारा विचार करने की जरूरत है। तब सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि राजनीतिक पार्टी चुनावी घोषणा पत्र में जो वायदा करती है वह करप्ट प्रैक्टिस नहीं है और रिप्रजेंटेशन ऑफ पिपुल एक्ट की धारा-123 में चुनावी घोषणा पत्र का वादा करप्ट प्रैक्टिस की श्रेणी में नहीं है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सीएजी यह तय नहीं कर सकती है कि सरकार किस तरह से पैसे का खर्च करे और कहां खर्च करे।

**स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होता है प्रभावित :** याचिका ने चुनाव से पहले वोटरों को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने या मुफ्त उपहार देने का वादा करने वाले राजनीतिक पार्टियों की मान्यता रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई गई है। याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा है कि राजनीतिक पार्टियों द्वारा सरकारी फंड से चुनाव से पहले वोटरों को उपहार देने का वादा करने या उपहार देने का मामला स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है।

# एससीओ में भाग लेने इस्लामाबाद पहुंचे भारत के विदेश मंत्री जयशंकर

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर पाकिस्तान में बुधवार को होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शिखरवार्ता में भाग लेने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। नौ साल बाद ये पहला मौका है जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे हैं। इससे पहले दिसंबर 2015 में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज पाकिस्तान गयी थीं। एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में संगठन में शामिल देशों के शीर्ष नेता शामिल होते हैं। भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्थान पर विदेश मंत्री जयशंकर बैठक में शिरकत करने पहुंचे हैं। विदेश मंत्री को लेकर भारतीय वायुसेना का

**नौ साल बाद भारत के विदेश मंत्री पाक की यात्रा पर पहुंचे**



विमान आज नूर खान एयर बेस पर उतरा। जयशंकर ने इस्लामाबाद में उतरने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है जो सबसे बड़े अंतरक्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है।

## बंगाल की खाड़ी में समुद्री अभ्यास शुरू



**नयी दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में मंगलवार से समुद्री अभ्यास शुरू हुआ है, जिसमें चारों नौसेनाओं के युद्धपोत, हेलीकॉप्टर और लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान एक साथ अभ्यास करके उच्च स्तर के सहयोग और परिचालन तालमेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास मालाबार के दूसरे और अंतिम समुद्री चरण में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका की नौसेनाएं बंगाल की खाड़ी में पहुंच गई हैं।**

# भारत में अपार ऊर्जा और अवसर : बिरला

**जेनेवा/नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 149वीं अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) एसेम्बली में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल (आईपीडी) का नेतृत्व करते हुए कहा कि नए भारत में अपार ऊर्जा और अवसर हैं। ओम बिरला ने जिनेवा में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए भारत की सक्रिय भागीदारी के बारे में बात करते हुए कहा कि यह एसेंबली न केवल भारत की संसदीय कूटनीति की मजबूती को दशार्ती है, बल्कि साझा वैश्विक चुनौतियों के समाधान के उद्देश्य से वैश्विक संवाद में भारत की

**स्पीकर ने जिनेवा में भारतीय प्रवासियों को किया संबोधित**

महत्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर करती है। बिरला ने भारतीय प्रवासियों के कौशल, प्रतिभा और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि वे देश के ब्रांड एंबेसडर हैं और वे जिस देश में भी रहते हैं, वहां पारिवारिक संबंधों और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने भारत द्वारा निभाई जा रही अग्रणी भूमिका का उल्लेख करते हुए इस आत्मविश्वास का श्रेय सशक्त नेतृत्व तथा भारतवासियों और प्रवासियों की शक्ति और सामर्थ्य को दिया।

# डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम बनायें : मोदी

**एजेंसी**

## मोबाइल कांग्रेस में प्रधानमंत्री ने कृत्रिम मेधा के नैतिक इस्तेमाल पर भी दिया जोर

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। उन्होंने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जिस तरह विमानन क्षेत्र के लिए वैश्विक समुदाय ने एक व्यापक रूपरेखा



तैयार की है, उसी तरह डिजिटल दुनिया को भी नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं को एक साथ मिलकर यह तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। मोदी ने कहा कि समय आ गया है जब वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल नियम केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि उनमें व्यक्तिगत गोपनीयता, मीडिया में गलत सूचना, प्रौद्योगिकी दिग्गजों की जवाबदेही और सामाजिक महत्व के अन्य मुद्दे शामिल हैं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार डेटा के अंतरराष्ट्रीय प्रवाह पर निर्भर करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल उपकरण और अनुप्रयोग किसी भी भौतिक सीमा से परे हैं और कोई भी देश अकेले अपने नागरिकों को साइबर खतरे से सुरक्षित नहीं रख सकता है। इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। वैश्विक संस्थाओं को जिम्मेदारी लेनी होगी। मोदी ने सुरक्षा, सम्मान और समानता को केंद्र में रखते हुए कृत्रिम मेधा (एआई) के नैतिक इस्तेमाल पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने विधायिका से ऐसे मानक बनाने का आग्रह किया जो समावेशी, सुरक्षित और भविष्य की चुनौतियों के अनुकूल हों, जिसमें नैतिक एआई और निजी जानकारी की गोपनीयता मानक शामिल हैं। मोदी ने कहा कि संघर्षों से त्रस्त दुनिया में आम सहमति और संपर्क की आवश्यकता है और भारत दुनिया को संघर्ष से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे वह प्राचीन रेशम मार्ग हो या आज का प्रौद्योगिकी मार्ग, भारत का एकमात्र मिशन दुनिया को जोड़ना और प्रगति के नए द्वार खोलना है। प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया।

स्पीड न्यूज

## काम पर लौटीं दीपिका पादुकोण



**मुंबई ।** दीपिका पादुकोण के फैंस के लिए खुशखबरी! हाल ही में मां बनीं दीपिका काम पर लौट आई हैं। मंगलवार को दीपिका पादुकोण के पति और इंडस्ट्री के सिम्बा रणवीर सिंह ने अपने नए विज्ञापन का एक वीडियो शेयर किया। दोनों साथ में हैं। शेयर किए गए पोस्ट पर देखते ही देखते फैंस ने कमेंट्स की बरसात कर पीकू एक्ट्रेस पर जमकर प्यार लुटाया। शेयर किए गए पोस्ट पर एक फैन ने लिखा सबसे शानदार जोड़ी। एक अन्य ने यह बहुत प्यारा है। यही नहीं कई प्रशंसकों ने जोड़े से अपनी नवजात बच्ची का नाम बताने का भी अनुरोध किया।

## हिमाचल में भूकंप के झटके, मंडी में था केंद्र

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में तीन दिन के भीतर दूसरी बार भूकंप के झटके लगे हैं। मंडी जिले में मंगलवार दोपहर भूकंप के झटकों से धरती हिली। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.3 रही है। मंडी में किसी तरह के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप के झटके दोपहर 12 बजकर 1 मिनट पर कुछ सेकंड तक महसूस हुए। इसका असर मंडी जिला से सटे इलाकों में भी महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र मंडी में 31.74 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.86 डिग्री पूर्वी देशांतर पर रहा और इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया।

## योगी से मिला बहराइच के पीड़ित परिवार



**बहराइच।** जनपद में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए राम गोपाल मिश्रा का परिवार मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला। उनके साथ विधायक सुरेश्वर सिंह भी थे। उधर, बहराइच जिले में घटना के तीसरे दिन भी इंटरनेट सेवा निलंबित है। फिलहाल, स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने के दौरान पूरे घटना से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया है कि उनके साथ न्याय होगा। सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

## जगदलपुर में इंडिगो विमान की हुयी इमरजेंसी लैंडिंग

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर मंगलवार अपराह्न एक बजे इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। राहत की बात यह है कि फ्लाइट में सवार सभी 70 यात्री सुरक्षित हैं। यह फ्लाइट एक बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के महज 12 मिनट बाद ही खिड़की टूटने के चलते इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

## अयोध्या में विश्व शांति महायज्ञ 2 नवंबर से

नयी दिल्ली। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में 2 नवंबर से श्री महानारायण दिव्य रुद्र सहित शत सहस्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कलयुग में पहली बार और संभवत पूरे विश्व का अब तक का सबसे बड़ा महायज्ञ होगा।

